सुप्रभात
रांची, बुधवार
08.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 206




12 टी 20 अंतरराष्ट्रीय से फिंच ने लिया संन्यास


B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001


## फौरी मदद पर तुर्किये ने कहा, 'दोस्त' भारत शुक्रिया

### भूकंप त्रासदी : पांच हजार से अधिक मौत, इमरजेंसी लागू

एजेंसी

**अंकारा।** तुर्किये और सीरिया में सोमवार सुबह आये भूकंप में मरने वालों की संख्या पांच हजार से अधिक हो गयी है। हजारों लोग अब भी भी लापता हैं। राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोआन ने 10 राज्यों में तीन महीने के लिए इमरजेंसी लगा दी है। यह इलाके भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। एर्दोआन ने बताया कि तुर्किये में 70 देशों ने मदद भेजने का ऐलान किया है। 100 से ज्यादा बिल्डिंग भूकंप की वजह से धरासायी हो



गयीं हैं। मदद के रूप में इंडियन एयरफोर्स सी-17 विमान दो एनडीआरएफ टीमों, डॉक्टरों और राहत सामग्री के साथ वहां पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से की गई घोषणा के कुछ घंटों बाद ही भारत ने भूकंप राहत सामग्री की पहली खेप तुर्किये को भारतीय वायु सेना के विमान से भेजी है।

**तुर्किये ने भारत को कहा शुक्रिया :** भारत की ओर से भेजी गयी फौरी मदद पर तुर्किये ने शुक्रिया कहा है। राजदूत फिराज सुनील ने ट्विटर पर लिखा, 'दोस्त' तुर्की और हिंदी में एक आम शब्द है... हमारे तुर्की में एक कहावत है, दोस्त करा गुंडे बेली ओलुर (जरूरत में काम आने वाला दोस्त ही दोस्त होता है)। बहुत बहुत धन्यवाद भारत।' भारत की ओर से भेजी राहत सामग्री की खेप में एक विशेषज्ञ राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल खोज और बचाव दल शामिल है। **(शेष पेज 11 पर)**

निकाय चुनाव पर झारखंड ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब

## शीर्ष कोर्ट के आदेश के तहत ही होगा चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। मुख्य सचिव द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल प्रतिशपथ पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार शीर्ष न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के आलोक में ही निकाय चुनाव करायेगी। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की ओर से दायर अवमाननवाद मामले में न्यायालय में दाखिल प्रतिशपथ पत्र में सरकार ने कहा है कि राज्य में निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। नगर



निगम एवं नगरपालिकाओं में महापौर और अध्यक्ष के आरक्षण को लेकर नगरपालिका अधिनियम में संशोधन किया गया है। विधानसभा से पारित इस संशोधन के अधिसूचित होने के बाद राज्य में निकाय चुनाव कराया जायेगा। **(शेष पेज 11 पर)**

### कोर्ट के आदेश का उल्लंघन नहीं

मुख्य सचिव ने प्रतिशपथपत्र में यह भी कहा है कि उसने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का कोई उल्लंघन नहीं किया है इसलिए राज्य सरकार को अवमाननावाद से मुक्त किया जाये। इसमें कहा गया है कि ओबसी आरक्षण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा के कृष्णमूर्ति, विकास कृष्ण राव गवली बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य तथा राहुल रमेश वाघ बनाम महाराष्ट्र एवं अन्य मामले में पारित आदेशों के आलोक में ही निकाय चुनाव संपन्न कराया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### हेमंत ने केजरीवाल से कई मुद्दों पर चर्चा की



**नयी दिल्ली।** सीएमहेमंत सोरेन दिल्ली दौरे पर हैं। मंगलवार को श्री सोरेन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सीएम ने ट्वीट करते हुए इस मुलाकात की जानकारी दी। ट्वीट में कहा कि श्री केजरीवाल से झारखंड और दिल्ली से जुड़े विकास के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। यह शिष्टाचार भेंट थी। अरविंद केजरीवाल झारखंड भवन पहुंचे थे।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक गुरूवार को अपराह्न चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, समन्वय ने सूचना जारी कर दी है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिल सकती है।

### संसद में राहुल गांधी ने पीएम, डोभाल को घेरा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उद्योगपति गौतम अदाणी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से लेकर केंद्र की अग्निवीर योजना पर जमकर निशाना साधा।

### टेरर फंडिंग में कोर्ट ने बेल देने से किया इनकार

**रांची।** टेरर फंडिंग मामले में प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह की जमानत याचिका झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस राजेश कुमार की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है। टेरर फंडिंग केस में आरोपी प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह ने 19 सितंबर को एनआईए की विशेष अदालत में सरेंडर किया था।

### बजट खर्च पर आज सीएस करेंगे समीक्षा

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू हो रहा है। बजट सत्र को लेकर सभी विभागों में तैयारी भी तेज हो गयी है। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में वित्तीय वर्ष 2022- 23 के बजट खर्च की समीक्षा करेंगे।

### स्वास्थ्यकर्मी भीख मांगने को मजबूर

**रांची।** राज्यभर में अनुबंध स्वास्थ्यकर्मियों का प्रदर्शन जारी है। 15 दिनों से अनशन पर बैठे स्वास्थ्यकर्मी अब भिक्षाटन को मजबूर हो गये हैं। मंगलवार को रांची में बड़ी संख्या में सरकार से नाराज स्वास्थ्यकर्मी सड़क पर भीख मांगने के लिए निकल पड़े।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

## जेइइ-मेन में 20 को परफेक्ट 100

### रांची और जमशेदपुर के प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेइइ-मेन के जनवरी संस्करण में 20 प्रतिभागियों ने परफेक्ट 100 हासिल किये हैं। नतीजों में बताया गया कि 100 एनटीए अंक हासिल करने वाले सभी प्रतिभागी पुरुष थे। रांची और जमशेदपुर के प्रतिभागियों का भी शानदार प्रदर्शन रहा। रांची डीपीएस के प्रतीक रतन 99.9547433 पर्सेंटाइल के साथ स्कूल टॉपर रहे। स्कूल के 12 छात्रों ने 99 और उससे अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त किये हैं। 39 छात्रों ने 95 और उससे अधिक और 60 विद्यार्थियों ने 90 एवं उससे अधिक पर्सेंटाइल लाये।



**परफेक्ट 100 लानेवाले छात्र**

जिन छात्रों को 100 परसेंटाइल हासिल हुआ है, उनमें अभिजीत मजेती, अमोग जलान, अपूर्व समाटता, आशिक स्टेनी, बिकीना अभिनव चौधरी, देशांक प्रताप सिंह, ध्रुव संजय जैन, अनेश हेमेंद्र शिंदे, वेंकट युगेश, गुलशन कुमार, गुथिकोंडा अभिराम, कौशल विजयवर्गीय, कृष गुप्ता, मयंक सोनी, एनके विश्वजीत, निपुण गोयल, ऋषि कालरा, सोहम दास, सुथार हर्षुल संजय भाई और वाविलाला चिदविलास रेड्डी शामिल हैं।

जमशेदपुर अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, आरित्रा कोले को सबसे अधिक अंक मिला है। **(शेष पेज 11 पर)**

अवैध खनन मामले में साहिबगंज एसपी से भी इडी पूछताछ होगी

## कैश कांड में राजेश ने खुद को बतया निर्दोष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कैश कांड मामले में को ले कर इडी की पूछताछ में कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने ने खुद को निर्दोष बताया है। उन्होंने किसी भी तरह की साजिश में शामिल होने से इनकार किया है। मंगलवार को इडी की ओर पूछताछ के लिए बुलाये जाने पर वह दफ्तर पहुंचे थे। उधर साहिबगंज खनन घोटाले में इडी साहिबगंज एसपी से पूछताछ के लिए शीघ्र समन भेजेगी। इस मामले में सोमवार को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव ने पूछताछ में एसपी की रिपोर्ट का हवाला दिया था।

**राजेश से घंटों पूछताछ :** इडी के बुलावे पर उसके ऑफिस पहुंचे विधायक राजेश कच्छप से घंटों पूछताछ की गयी। खुद को निर्दोष बताते हुए विधायक ने कोलकाता में मिले रुपये के बारे में कहा कि वे खरीदारी के लिये थे। खिजरी



विधायक पर आरोप है कि हेमंत सरकार के खिलाफ साजिश में वह भी शामिल थे। पहले समन में उन्होंने कुछ समय मांगा था। बाद में फिर समन भेज कर ईडी ने उन्हें सात फरवरी को अपने जोनल कार्यालय बुलाया था। 30 जुलाई 2022 को कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और विक्सल कोनगाड़ी एक साथ 48 लाख नगदी के साथ कोलकाता में पकड़े गये थे। अनूप सिंह ने आरोप लगाया था कि तीनों विधायकों ने उन्हें 10 करोड़ रूपप देने का प्रलोभन दिया था। साथ ही कांग्रेस का साथ छोड़ने पर हेल्थ मिनिस्टर का पद देने की बात भी कही थी।

### इडी साहिबगंज एसपी से भी करेगा पूछताछ

साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले की जांच कर रही इडी शीघ्र ही वहां के एसपी से भी पूछताछ की तैयारी में है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी साहिबगंज एसपी से पूछताछ के लिए जल्द ही समन भेजेगी। इस मामले में ईडी ने सोमवार को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ की थी। पूछताछ के दौरान डीसी ने अवैध खनन के मामले एसपी, डीएसपी और डीएमओ को जवाबदेह बताया है। इडी इस मामले में वहां के डीएमओ विभूति कुमार से पूछताछ कर चुकी है।

कृषि शुल्क के विरोध में खाद्यान्न व्यापारियों की आज बैठक

## प्रतिष्ठान बंद कर बनायेंगे रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर बुधवार को कृषि शुल्क विधेयक के विरोध में राज्यभर के खाद्यान्न व्यापारियों का महाजुटान रांची में होगा। चैंबर प्रवक्ता ज्योति कुमारी की माने तो बैठक में शामिल होनेवाले सभी खाद्यान व्यवसायी विरोध स्वरूप अपने प्रतिष्ठान को बंद कर बैठक में शामिल होंगे। इधर चैंबर ने राज्यस्तरीय बैठक में बढ़ती भीड़ की संभावना को देखते हुए चैंबर भवन के स्थान पर इस बैठक का आयोजन मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में होगा। बैठक सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के चैंबर ऑफ कॉमर्स, खाद्यान्न व्यवसायी, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी शामिल होंगे। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि बुधवार को आहुत होनेवाली राज्यस्तरीय बैठक में इस अव्यवहारिक विधेयक के विरोध में आंदोलनात्मक रणनीति तय की जायेगी। इस बैठक में 24 जिलों के व्यापारी प्रतिनिधि शामिल होने आ रहे हैं।

मंडी टैक्स के रूप में प्रभावी किये जानेवाले इस टैक्स का हम विरोध करते हैं क्योंकि देश के जिस राज्य में भी मंडी टैक्स प्रभावी है, वहां भ्रष्टाचार पूर्णरूपेण प्रभावी है। चैंबर महासचिव डॉ. अभिषेक रामाधीन ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वर्ष ही फेडरेशन से इस विधेयक को स्थाई रूप से समाप्त करने के लिए आश्वस्त किया था। चिंतनीय है कि व्यापारियों को वार्ता की आड़ में, भ्रम में रखकर, इस विधेयक की वापसी कराई जा रही है, जिसका हम विरोध करते हैं।

## खूंटी में आग में जल कर मां-बेटी की मौत

**रांची।** खूंटी में मंगलवार तड़के एक घर में आग लगने से मां और बेटी की जलकर मौत हो गयी। हादसा खूंटी जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित अमृतपुर मुहल्ले का है। यहां एसएस कल्याण छात्रावास के सामने एक कच्चे मकान से सुबह अचानक आग की तेज लपटें उठने लगीं। आस पड़ोस के लोग कुछ मदद कर पाते, इसके पहले पूरा मकान आग में स्वाहा हो गया। जिस वक्त घर में आग लगी, वहां तीन लोग थे। इनमें से एक सलोमी कच्छप किसी तरह से बाहर निकलने में कामयाब रही, जबकि 75 वर्षीय सुसाना कच्छप और उनकी 35 वर्षीय बेटी पुष्पा कच्छप घर में ही फंस गयी। दोनों जलने से दम दम तोड़ दिया। इनमें पुष्पा मूक बधिर थीं। घर में सभी लोग सोये हुए थे, उसी वक्त शॉट सर्किट से घर में आग लग गयी। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तबतक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवा दिया है।

## चाईबासा में फिर हुआ ब्लास्ट सीआरपीएफ का जवान घायल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, चाईबासा।** चाईबासा के गोइलकेरा हाथीबुरू जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बार फिर मंगलवार को हुए आइइडी में सीआरपीएफ का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची के मेडिका में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जवान का एक पांव धमाके में उड़ गया है। जख्मी जवान का नाम संजीव कुमार है और वह सीआरपीएफ 60 बटालियन का है। घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की है। धमाके के बाद साथी जवानों ने उसे सुरक्षित जंगल से बाहर निकाला है। प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से रांची के मेडिका में भर्ती कराया गया है। इलाज मेडिका अस्पताल में चल रहा है।

### एयरलिफ्ट कर मेडिका में भर्ती कराया गया

सूत्रों के अनुसार घायल जवान संजीव की हालात गंभीर है। उनका दाहिना पांव ब्लास्ट में उड़ गया है। जिला पुलिस को प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील होने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन करने के लिए 11 जनवरी से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सर्च ऑपरेशन में चाईबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की संयुक्त टीम संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। वहीं नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

## यूपीए ने रामगढ़ उपचुनाव भी जीतने को झोंकी पूरी ताकत

### बादल ने किया रोड शो, आलम बोले- ममता के अधूरे सपने बजरंग पूरी करेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, रामगढ़।** मंगलवार को यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो के पर्चा भरते ही रामगढ़ उपचुनाव में यूपीए ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि रामगढ़ की विधायक ममता देवी किसी घोटाले में नहीं बल्कि आंदोलन में जेल गयी है। उन्हें जाजिश के तहत जेल भेजा गया है। इस उपचुनाव में उनके पति बजरंग



जीतेंगे और ममता के अधूरे काम को पूरा करेंगे।

जनता इस साजिश को बेनकाब करेगी। राज्य सरकार ने एक बड़ी रणनीति के तहत जीत की योजना बनायी है। एक तरफ ममता देवी के पति के नामांकन के साथ कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के मंत्री शिरकत कर रहे थे। **(शेष पेज 11 पर)**

### रोड शो में बोले बादल, जनता न्याय दे

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने रामगढ़ में अपने रोड सो में कहा कि विधायक ममता देवी को एक साजिश के तहत जेल भेज दिया गया है। ममता देवी ने ना तो सरकारी राशि का गबन किया था और ना ही उसने किसी की जमीन लूटी थी। जिन लोगों की जमीनें प्लांट प्रबंधन के द्वारा लूटी जा रही थी, जिन लोगों को बेघर किया गया था, उन लोगों को न्याय दिलाने के लिए ममता देवी ने आंदोलन किया था। उस मामले में झूठे गवाह पेश कर उन्हें कोर्ट से सजा दिलायी। जनता ही सबसे बड़ी अदालत है, आप ही ममता देवी को न्याय दे कर उनके पति को भारी मतों से विजयी बनायें। राज्य सरकार में शामिल मंत्री और दिग्गज नेताओं ने इस चुनाव में ममता देवी को न्याय दिलाने का नारा दिया है।

## सीएम काफिले पर हमला मामले में कोर्ट ने मांगी केस डायरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिले पर हमला मामले में भैरव सिंह की डिस्चार्ज याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट के सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने भैरव सिंह के विरुद्ध दर्ज केस की केस डायरी तलब की है। इस मामले में भैरव सिंह को हाईकोर्ट से बेल मिली थी। निचली अदालत में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। ट्रायल कोर्ट ने भैरव सिंह के खिलाफ आरोप गठन (चार्ज फ्रेम) की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। आरोप गठन के खिलाफ भैरव सिंह ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### भैरव सिंह की याचिका पर सुनवाई

**जनवरी 2021 को रोका गया था रास्ता :** जानकारी के अनुसार तीन जनवरी 2021 को ओरमांझी में युवती सिर कटी लाश बरामद हुई थी। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने चार जनवरी 2021 शाम 5.35 बजे सीएम का काफिले को रोकने की कोशिश की। काफिले के आगे चलनेवाली पायलट गाड़ी को रोक कर क्षतिग्रस्त कर दिया था।

# प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को अब लीव मैनेजमेंट मोड्यूल से ही मिलेगी छुट्टी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को लीव मैनेजमेंट मोड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी मिलेगी। अन्य माध्यमों से छुट्टी का आवेदन देने पर उसे खारिज कर दिया जाएगा। इसका आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने मंगलवार को जारी किया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है।

सचिव ने जारी आदेश में लिखा है कि लीव मैनेजमेंट मोड्यूल को ई-डब्ल्यू एप्लीकेशन में लाइव कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लीव मैनेजमेंट मोड्यूल सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को छुट्टी के लिए आवेदन समर्पित करने की अनुमति देता है। छुट्टी की पात्रता से संबंधित विवरण दिखाता है। छुट्टी के अनुरोध के प्रसंस्करण और निपटान की अनुमति देता है। कर्मियों की छुट्टी इतिहास का विस्तृत विवरण प्रदान करता है।

सचिव ने निर्देश में लिखा है कि पत्र निर्गत की तिथि से राज्य के सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को मात्र लीव मैनेजमेंट मोड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी के लिए आवेदन करते हुए अवकाश प्राप्त करना होगा। किसी भी परिस्थिति में अन्य माध्यम से आवेदित छुट्टी आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अस्वीकृत कर दिया जाएगा। लिखा है कि लीव मैनेजमेंट मोड्यूल में राज्य के सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के लिए अवकाश विवरण दर्ज करने का प्रावधान है।

## 11 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे डीजीपी नीरज सिन्हा

**रांची।** झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा 11 फरवरी को रिटायर होंगे। इसको लेकर जैप-1 परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में जैप, आईआरबी और झारखंड जगुआर की कुल 11 प्लाटून हिस्सा लेगी। झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी थी कि राज्य के नए पुलिस प्रमुख की नियुक्ति 12 फरवरी तक हो जाएगी। उन्हें यूपीएससी पैनल की तरफ से इसके लिए तीन वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों के नाम भी मिल चुके हैं। हालांकि झारखंड के नए डीजीपी कौन होंगे, इसको लेकर सस्पेंस बरकरार है।
**डीजीपी के लिए अजय सिंह, अजय भटनागर और अनिल पालटा का नाम तय :** झारखंड में नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल के तीन नाम तय हो गए हैं। इस पैनल में 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय सिंह, अजय भटनागर और 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनिल पालटा का नाम शामिल है।

विधायक लोबिन हेंब्रम ने महाधिवक्ता राजीव रंजन के खिलाफ खोला मोर्चा, कहा

# महाधिवक्ता को हटाये राज्य सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक और झारखंड बचाओ मोर्चा के मुख्य संयोजक लोबिन हेंब्रम ने महाधिवक्ता राजीव रंजन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि जब बाबूलाल मरांडी की सरकार थी तो बिहार पुनर्गठन अधिनियम के तहत बिहार की स्थानीय नीति को मरांडी ने लागू किया था, उसके खिलाफ यही राजीव रंजन हाईकोर्ट गए थे और तक झारखंड को स्थानीय नीति नहीं मिल पायी थी। ऐसे में झारखंड विरोधी मानसिकता वाले व्यक्ति को आखिरकार राज्य सरकार ने किस आधार पर इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंप दी। झारखंड को लेकर जो भी नीति नियम बन रहे हैं, उसे ना तो राजीव रंजन हाईकोर्ट में और ना ही राजभवन के पास सरकार का पक्ष मजबूती से रख पा रहे हैं, इसलिए सरकार इस झारखंड विरोधी महाधिवक्ता राजीव रंजन को अविलंब हटाएं।

वे मंगलवार को विधायक आवास पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सरकार के द्वारा जो भी नीति बनायी जा रही है, उसे या तो कोर्ट खारिज कर दे रहा है या फिर राजभवन। अब तक हाईकोर्ट से नियोजन नीति रिजेक्ट हो चुकी है और राज्यपाल ने स्थानीय नीति को लौटा दिया है।

विधायक ने आगे कहा कि जब राज्य में नियोजन नीति ही नहीं है तो फिर निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण देने की बात लागू कहां से हो सकती है।

## 21-22 फरवरी को पारसनाथ में जुटान

लोबिन हेंब्रम ने कहा कि पारसनाथ मुद्दे में भी राज्य सरकार दोहरी नीति अपना रही है। एक ओर कहा जाता है कि पारसनाथ आदिवासियों का था और आदिवासियों का रहेगा। मगर केंद्र सरकार को जो पत्र लिखा जाता है, उसमें आदिवासी शब्द का जिक्र नहीं होता है और इसे जैन मुनियों का तीर्थ स्थल बताया जाता है। इसलिए 21 और 22 फरवरी को पारसनाथ में आदिवासियों का जुटान होगा।

## नौकरशाहों की शह पर लूटी जा रही है आदिवासियों की जमीन, सरकार चुप

विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों की जमीन आए दिन लूटी जा रही है। राजधानी से लेकर राज्यभर में में नियम कानून को ताक में रखकर स्थानीय डीसी, एसडीओ, सीओ और जमीन दलालों की मदद से जमीन लूटी जा रही है तो ऐसे में इस राज्य के बनने का क्या फायदा। इससे बेहतर तो बिहार ही था, अब झारखंडी अधिक दिनों तक सहने को तैयार नहीं हैं। इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर झारखंड बचाओ मोर्चा के नरेश मुर्मू, निरंजना हेरेंज टोप्पो, राजू महतो समेत कई मौजूद थे।


## झारखण्ड सरकार
## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

एतद् संबंधी स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची अंतर्गत कार्यरत/सेवानिवृत्त राज्य के सभी सरकारी शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों को सूचित किया जाता है कि विभागीय आदेश संख्या-2968 दिनांक-30.12.2022 के आलोक में फरवरी माह के तृतीय शनिवार (18.02.2023) को महाशिवरात्रि के अवसर पर राजपत्रित अवकाश घोषित होने के फलस्वरुप उक्त घोषित अवकाश के आगामी कार्य दिवस **दिनांक-20.02.2023** को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के सभी जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों के विभिन्न लंबित मामले/दावे का निष्पादन करने हेतु **"शिकायत निवारण सुनवाई"** आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

अतः सभी संबंधित को निदेश दिया जाता है कि वे **दिनांक-20.02.2023** को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संबंधित जिला मुख्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर अपने विभिन्न लंबित मामले/दावे (यथा-अवकाश की स्वीकृति, पेंशन एवं उपादान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, भविष्य निधि अंशदान में संचित राशि से अग्रिम की स्वीकृति, शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों का सेवा पुस्तिका का संधारण/सत्यापन, बकाया वेतनादि भुगतान, अनुकंपा पर नियुक्ति से संबंधित कार्य एवं अन्यान्य कार्य) के निवारण हेतु **"शिकायत निवारण सुनवाई"** में सम्मिलित हों।

विश्वासभाजन
(कुमुद सहाय)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 289605 School Education and Literacy(22-23)#D



## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कोडरमा

**प्रेस विज्ञप्ति**
**सामग्रीयों की निलामी हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपर पुलिस महानिदेशक गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड रॉंची के ज्ञापांक-1159/आपूर्ति दिनांक-02.09.2022, ज्ञापांक-1375/आपूर्ति दिनांक-07.10.2022, ज्ञापांक-1606/आपूर्ति दिनांक-10.11.2022 तथा ज्ञापांक-78/आपूर्ति दिनांक-12.01.2023, द्वारा कोडरमा जिला इकाई के भण्डार में अनुपयोगी सरकारी सामग्रीयों का रद्दीकरण कर बेचने/निलामी का आदेश प्राप्त हुआ है। निलामी की जाने वाली सामग्रीयों की सूची निम्नवत् है।

| क्र0 | समानों का नाम | अनुपयोगी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | |
| 1 | सुप्रीमो स्टूल | 02 | |
| 2 | जग प्लास्टीक का | 01 | |
| 3 | क्लीक ताला | 04 | |
| 4 | लोहे का तावा छोटा | 01 | |
| 5 | लोहे का झांझरा | 01 | |
| 6 | लोहे का चिमटा | 01 | |
| 7 | लोहे का कढ़ाही छोटा | 01 | |
| 8 | लोहे का फहसुल | 01 | |
| 9 | अल्युमुनियम का डेग ढक्कन सहीत 12" | 01 | |
| 10 | अल्युमुनियम का डेग ढक्कन सहीत 18" | 01 | |
| 11 | अल्युमुनियम का डेग ढक्कन सहित 24 | 01 | |
| 12 | लालटेन | 01 | |
| 13 | सिलिंग फेन | 02 | |
| 14 | लोहे का आलमीरा बड़ा | 02 | |
| 15 | कुदाल | 01 | |
| 16 | खुरपी | 06 | |
| 17 | गैंता | 01 | |
| 18 | दीवाल घड़ी | 01 | |
| 19 | गैस बती | 01 | |
| 20 | स्टील का बक्सा | 01 | |
| 21 | लोहे का कढ़ाई बड़ा | 03 | |
| 22 | लोहे का तावा बड़ा | 02 | |
| 23 | लोहे का छोलनी बड़ा | 02 | |
| 24 | फाइबर कुर्सी | 04 | |
| 25 | जी0आई0 बाल्टी | 02 | |
| 26 | प्रिंटर एच0पी0 लेजर | 02 | |
| 27 | फैक्स मशीन | 01 | |
| 28 | गोदरेज कुर्सी | 05 | |

अतः इच्छुक वैसे क्रेता/खरीदार जिनका फर्म जीएसटी पंजीकृत है, वे कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा (चन्दवारा) में 15.02.2023 तक उपरोक्त सामग्रीयों को खरीदने हेतु सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

अनु0 पु0 पदाधिकारी-सह-जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा।

PR.NO.289569 Home, Prison And Disaster Management(22-23):D


# 24 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर अब बनेंगे अंचलाधिकारी

**राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग को भेजी गयी सेवा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा से 24 प्रशिक्षु उप समाहर्तओं की सेवा अंचल अधिकारी के पद पर पदस्थापन के लिए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को सौंपी गयी है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। सभी अधिकारी अभी विभिन्न जिलों में ट्रेनिंग पा रहे हैं। अब इन अधिकारियों की पोस्टिंग सीओ के पद पर राजस्व भूमि सुधार विभाग अलग से करेगा।
**सीओ पद के लिए दी गयी इनकी सेवा :** सारांश जैन-कोडरमा, धमेंद्र कुमार दूबे-रांची, संतोष कुमार-कोडरमा, शिवपूजन तिवारी-गुमला, मनोज कुमार मिश्र-सिमडेगा, राज कुंवर सिंह-सरायकेला-खरसावां, किशोरी यादव-सिमडेगा, नीलम कुमारी-हजारीबाग, नित्यानंद राम-पलामू, घनश्याम कुमार राम-पश्चिम सिंहभूम, अनिल रविदास-जामताड़ा, प्रमोद कुमार-सरायकेला-खरसावां, अविनाश कुमार कुजूर-पलामू, गिरेंद्र टूटी-धनबाद, दीपक मिंज-गढ़वा, सुषमा सोरेन-बोकारो, चंचला कुमारी-पूर्वी सिंहभूम, अमित किस्कू-हजारीबाग, नवीन चंद्र झा-खूंटी, नईमुद्दीन अंसारी- खूंटी, अमर कुमार- जामताड़ा, अवीश्वर मुर्मू- जामताड़ा की सेवा राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग को भेजी गयी है।

# कृषि विपणन शुल्क विधेयक के विरोध में व्यापारियों ने काला बिल्ला लगाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि विपणन शुल्क विधेयक को लेकर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर बुधवार को प्रतिष्ठान बंद कर राज्यस्तरीय व्यापारियों की बैठक बुलाई गयी है। हलांकि व्यापारियों ने बैठक से एक दिन पूर्व ही मंगलवार से सरकार के खिलाफ विरोध शुरू कर दिया है। हर जिले के व्यापारी अपने स्तर पर विधेयक का विरोध कर रहे हैं। राजधानी रांची में पंडरा बाजार समिति के व्यापारियों ने मंगलवार को काला बिल्ला लगाकर काम किया। वहीं, आज 8 फरवरी को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने राज्य स्तरीय बैठक बुलायी है। चैंबर की ओर से बुलायी गयी बैठक में विधेयक के विरोध में आगे की रणनीति तय की जायेगी।
**अधिकारियों और नेताओं से हस्तक्षेप की मांग :** बता दें कि पिछले दिनों राज्यपाल ने विधेयक पर सहमति दे दी है। जिसके बाद से व्यापारियों में बिल को लेकर आक्रोश है। जनवरी से ही चैंबर ऑफ कॉर्मस के बैनर तले व्यापारियों ने विधेयक पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग की थी। चैंबर के व्यापारियों ने कांग्रेस, झामुमो के नेताओं से लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेता शशि थरूर से भी मुलाकात की। वहीं, कृषि मंत्री बादल, सचिव अबुबकर सिद्दकी से भी हस्तक्षेप की मांग की गयी। राज्यपाल से भी मामले में हस्तक्षेप करते हुए विधयेक वापस करने का आग्रह किया गया था। चैंबर ऑफ कॉमर्स की मानें तो बिल के लागू होने से राज्य में कृषि उपज के उत्पादन, इसके विपणन, संबंधित प्रसंस्करण उद्योग और व्यापार में भारी कमी आयेगी। जिससे किसानों के उपज की स्थानीय मांग घटने से उन्हें अपने उत्पाद की कम कीमत प्राप्त होगी। वहीं सरकार को कृषि शुल्क और जीएसटी से प्राप्त होनेवाले राशि (राजस्व) में कमी आयेगी।

## झाप्रसे के दो अधिकारियों की हुई पदस्थापना

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों का पदस्थापन किया गया है। देवघर जिला में प्रशिक्षण ले रही अमृता अरशी को मूल कोटि के अपने वेतनमान में अगले आदेश तक प्रशासी पदाधिकारी, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, बोकारो जिला में प्रशिक्षण पा रहे अभिनीत कुमार सूरज को कार्यपालक दंडाधिकारी लोहरदगा के पद पर पदस्थापित किया गया है। कार्मिक विभाग में अधिसूचना जारी कर दिया है।

झारखंड के हज यात्रियों को मिली सौगात

# रांची से सीधे जेद्दा के लिए उड़ान भरेंगे यात्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड से इस वर्ष पाक सफर पर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। उन्हें जेद्दा उड़ान भरने के लिए कोलकाता नहीं जाना पड़ेगा। वे रांची से सीधे जेद्दा के लिए उड़ान भरेंगे। मतलब एक बार फिर से रांची को इस बार एंबार्केशन पॉइंट बनाया गया है। झारखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष सह जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने मंगलवार को हज हाउस रांची में प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं को उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार हाजियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। केंद्रीय हज कमेटी की ओर से हज 2023 के लिए 25 एंबार्केशन पॉइंट बनाए गए हैं और ये हाजी की इच्छा पर निर्भर करेगा कि वह किस एंबार्केशन पॉइंट का चयन करते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अब हज यात्रियों से आवेदन शुल्क भी नहीं लिया जाएगा, जबकि इससे पहले करीब 400 रुपए की राशि शुल्क ली जाती थी। अब हमारे हज यात्रियों को कोलकाता से बेहतर सुविधा रांची में मुहैया कराई जाएगी।
**50-60 हजार रुपए की होगी बचत :** उन्होंने प्रेस को बताया कि रांची से उड़ान भरने के कारण हज यात्रियों को 50-60 हजार रुपए की बचत होगी।

## खबर एक नजर में

### लोहरदगा के छात्र के एडमिशन मामले में हाइकोर्ट ने रिम्स से मांगा जवाब

रांची। एमबीबीएस के छात्र आशीर्वाद सुमन की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रिम्स को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दें कि आशीर्वाद सुमन ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि सभी अहर्ताओं को पूरा करने के बाद रिम्स में एमबीबीएस के कोर्स के लिए उनका चयन हुआ। चयन के बाद रिम्स में उन्होंने अपना एडमिशन लिया और रिम्स ने उनसे फीस भी ले ली लेकिन कुछ दिनों बाद रिम्स ने उनका एडमिशन कैंसिल कर उनकी जगह किसी और छात्र का एडमिशन ले लिया।

### सांसद निशिकांत दुबे को मिली राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को चार सप्ताह का विस्तार दिया है। साथ ही अदालत ने उन्हें जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि ये मामला गोड्डा में सड़क जाम करने से जुड़ा है। निशिकांत दुबे के खिलाफ जिला प्रशासन ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है। सांसद निशिकांत दुबे ने प्राथमिकी रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

### पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना 17 तक भरें

रांची। झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना से लाभान्वित होने के लिए पत्रकारों को आवेदन करने के लिए अंतिम बार 17 फरवरी 2023 तक तिथि बढ़ायी जा रही है। झारखण्ड में अपनी सेवा देने वाले मीडिया प्रतिनिधियों-पत्रकारों को ग्रुप चिकित्सीय एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस योजना से जुड़ने के लिए पत्रकारों को आवेदन देने के लिए तिथि बढ़ाकर 17 फरवरी 2023 किया गया है।


## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR

**E-Procurement Notice (2nd Call)**
**Very Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-20/2022-23 Dated : 06-02-2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 09.02.2023 / 12.30 P.M. |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | 13.02.2023 / 12.30 P.M. Office of the Engineer-In-Chief, D.W.S.D, Nepal House, Ranchi |
| 4 | Last date / Time for receipt of Bid | 20.02.2023 / 05.00 P.M. |
| 5 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 21.02.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening of Tender | 22.02.2023 / 04.00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 11 | Detailed survey, designing and d rawing, construction of 18270 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 202-23. | |

| SL. No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 2 | SVS/CLUSTER-4(A) | 1 | 6 | 40 | 534.19885 | 5.35 | 10000.00 | 9 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-4(B) | 1 | 9 | 38 | 509.16592 | 5.10 | 10000.00 | 9 Months |
| 5 | SVS/CLUSTER-6(A) | 2 | 8 | 42 | 500.55844 | 5.01 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar

PR.NO.289479 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



## पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

**वाहन निलामी की सार्वजनिक सूचना**

**पंजाब नेशनल बैंक, मेन रोड शाखा, रॉंची** के लिए सार्वजनिक नीलामी के द्वारा 05 वाहनों जिसका विवरण निम्नानुसार है, **जैसा है जहॉं है के आधार पर** वाहन की नीलामी हेतु **आवेदन दिनांक 23.02.2023 के सायं 04:00 बजे तक** आमंत्रित करता है। वाहनों का आरक्षित मूल्य निम्नानुसार निर्धारित किये गये है।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम | वाहन पंजीकरण सं. | इंजन सं./चेसिस सं. | आरक्षित मूल्य (रू.) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Arshad Ansari | JH01CL0132 (TATA NANO TWIST XM) 2017 | 273MPFI12BSYK00925 / MAT612246HKB13208 | 11000.00 |
| 02 | Jawed Eqbal | JH01CL5190 (TATA NANO TWIST XM) 2017 | 273MPFI12ASYK00542 / MAT612246HKB08089 | 11000.00 |
| 03 | Mukesh Kumar Singh | JH01CL8202 (TATA NANO TWIST XM) 2017 | 273MPFI12BSYK00575 / MAT612246HKA05349 | 11000.00 |
| 04 | Deepak Kumar Sahu | JH01CM4296 (TATA NANO TWIST XE) 2015 | 273MPFI12DUYK05390 / MAT612220FKD07073 | 11000.00 |
| 05 | Md Imran | JH01CM9643 (TATA NANO TWIST XM) 2017 | 273MPFI12CSYK01136 / MAT612246HKD28492 | 11000.00 |

उपरोक्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी क्रम सं. 1 से 5 के लिए पंजाब नेशनल बैंक, मेन रोड शाखा, रॉंची में **दिनांक 24.02.2023** को पूर्वाह्न 10:30 बजे निम्नलिखित नियमों/शर्तों के तहत की जायेगी। (1)प्रत्येक वाहन का इएमडी क्रमश: 10% निर्धारित किया गया है जो कि **दिनांक 23.02.2023** को अपराह्न 4:00 बजे तक उक्त शाखा में आवेदन के साथ जमा किया जा सकता है। (2)अग्रधन राशि का डिमांड ड्राफ्ट पंजाब नेशनल बैंक, मेन रोड शाखा रॉंची के पक्ष में पर भुगतेय संलग्न होना चाहिए अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा एवं आवेदक को नीलामी में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। (3)नीलामी समाप्ति के बाद सबसे ऊँची बोली लगाने वाले को रकम का 25 प्रतिशत तत्काल जमा करना होगा एवं शेष रकम नीलामी तिथि से 7 दिनों के भीतर जमा कर वाहनों को अपने स्वामित्व में ले लेना होगा। अन्यथा उसके पक्ष में हुई नीलामी को निरस्त करते हुए उनके द्वारा जमा की गई पुरी रकम को जब्त कर लिया जायेगा। (4)नीलामी के विफल आवेदकों का अग्रधन राशि का डिमांड ड्राफ्ट नीलामी समाप्त होते ही नीलामी स्थल पर ही वापस कर दिया जायेगा। (5)सबसे ऊँची बोली लगाने वाले सहित किसी भी आवेदन को या पूरी नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त या अस्वीकृत करना का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा। (6)उपरोक्त वाहनों को खरीदने के इच्छुक क्रेता वाहन का निरीक्षण के लिए **दिनांक 20.02.2023 को, 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक** पंजाब नेशनल बैंक, मेन रोड शाखा, रॉंची से संपर्क कर सकते है। (7)उपरोक्त वाहनों के खरीद के लिए आवेदन पत्र एवं उसके लिफाफे पर स्पष्ट अक्षरों में **कार की नीलामी** लिखा हो उसे संबंधित बैंक शाखा में पहचान पत्र के साथ भेजे या जमा किये जा सकते हैं। (8)वाहनों से संबंधित अन्य जानकारी के लिए प्रबंधक,पंजाब नेशनल बैंक, मेन रोड शाखा, रॉंची, मो.सं.9771400081 से संपर्क कर सकते है। **नोट: प्रकाशन में किसी भी प्रकार के त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेवार नहीं होगा, भौतिक निरीक्षण ही मान्य होगा।**

स्थान: रॉंची, तिथि: 08.02.2023

ह./- प्राधिकृत अधिकारी


उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम की देखरेख में चिकित्सकों की टीम कर रही टुना का इलाज

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर टुना सबर को मिला नया जीवन, गांव वालों को मिला योजनाओं का लाभ

**केंदुआ पंचायत के दंपाबेड़ा में शिविर लगा लोगों की हुई जांच**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर आदिम जनजाति समुदाय के टुना सबर को नया जीवन मिल गया। वीभत्स रूप से जकड़ चुके चर्म रोग से अब उसे मुक्ति मिल जायेगी। चिकित्सकों ने आश्वस्त किया है कि जल्द टुना अपने पुराने स्वरूप में नजर आयेंगे।
**यह है मामला :** पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड के केन्दुआ प्रखंड स्थित दंपाबेडा गांव में निवास करने वाले एक बेहद गरीब व्यक्ति टुना सबर की बीमारी से संबंधित मामले की जानकारी मुख्यमंत्री और मंत्री चंपई सोरेन को प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने तत्काल उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव को टुना के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। मंत्री चंपाई सोरेन भी उपायुक्त को लगातार इस संबंध में निर्देश देते रहे। मुख्यमंत्री का निर्देश और मामले की जानकारी मिलते ही उपायुक्त ने एम्बुलेंस भेज टुना सबर को जमशेदपुर स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की एक टीम टुना सबर का इलाज कर रही है।

### शिविर का हुआ आयोजन लाभान्वित हुए आम लोग

डुमरिया प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत के दंपाबेड़ा में बीमार टुना सबर अन्य सबर परिवार के लिए वरदान साबित हुआ। उपायुक्त के निर्देश पर गांव में विशेष शिविर लगाकर सभी सबर परिवारों के स्वास्थ्य जांच की गई। सबर जनजाति के बारह परिवार दंपाबेड़ा में निवास करते हैं। सभी को डाकिया योजना के तहत माह जनवरी तक खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी पालन के लिए सबर परिवार से आवेदन लिए गए हैं। जल्द सबर परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ दिया जायेगा। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बाद एवं पूर्व से ही वर्तमान सरकार राज्य के दुर्गम क्षेत्र में निवास करने वालों तक पहुंच रही है। विकास और योजनाओं से अछूते लोगों को कैम्प लगाकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# रिम्स की महिला चिकित्सक के साथ छेड़खानी से आक्रोशित मेडिकल छात्रों ने किया हंगामा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 2017 बैच की महिला इंटर्न चिकित्सक के साथ सोमवार की देर रात रिम्स कैंपस में छेड़खानी की हुई। एक बाइक सवार युवक ने परिसर स्थित लाइब्रेरी के पास छेड़खानी की। इसकी जानकारी जब मेडिकल के छात्रों को लगी, तो उन्होंने जमकर बवाल किया। सैकड़ों छात्र ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर प्रबंधन के वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग कर बैठे। बताते चलें कि रिम्स की सुरक्षा का जिम्मा बीते 1 फरवरी से होमगार्ड के जवानों के हाथों में है। 3 शिफ्टों में 400 होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है। इनकी तैनाती के महज 6 दिन के अंदर ही रिम्स में दूसरी घटना हुई है।

**रिम्स निदेशक से घटना की शिकायत :** महिला चिकित्सक से हुई छेड़खानी की घटना को लेकर मेडिकल के छात्रों में आक्रोश है। छात्र, रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद से घटना की शिकायत करने के लिए प्रशासनिक भवन पहुंचे। जूनियर चिकित्सकों ने काम भी ठप कर दिया था।

बताया जा रहा है कि शनिवार की रात होमगार्ड जवानों की तैनाती के बाद भी हॉस्टल में चोर घुस गया। उसने साइकिल चोरी भी कर ली।

मेडिकल छात्रों ने कहा कि हाल के दिनों रिम्स में असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ गई है। कुछ दिनों पहले भी महिला चिकित्सकों से बाहरी लोगों ने फोन छीन लिया था। विरोध किया गया, तब जाकर रिम्स प्रबंधन के द्वारा हॉस्टल नंबर 6 के पास बैरियर लगाया गया है, ताकि बाहरी लोगों के प्रवेश पर अंकुश लगाया जा सके।

# दूसरे दिन भी छापेमारी अभियान नकली कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय ने लगातार दूसरे दिन छापेमारी की। टीम ने रामगढ़ रानी सती मंदिर, रातू चट्टी और पीपी कंपाउंड में छापेमारी की। 10 ड्रग इंस्पेक्टरों के नेतृत्व में 3 टीमों का गठन किया गया था। तीनों जगहों से अवैध तरीके के बनाए जा रहे कॉस्मेटिक्स भारी मात्रा में जब्त किए गए हैं। रामगढ़ के एनसिएंट मरीन कॉस्मो से सबसे अधिक अवैध कॉस्मेटिक जब्त किए गए हैं। दूसरे दिन भी नकली नेलपॉलिश, फिनाइल, हैंड वॉश, परफ्यूम, हेयर कंडीशनर और हेयर कलर पाउडर जब्त किए गए। टीम ने रॉ मैटेरियल, पंचिंग मशीन, कैश मेमो, फिनाइल की खाली बोतल समेत निर्माण में इस्तेमाल होने वाली कई सामग्री बरामद की है।

औषधि निदेशक ऋतु सहाय ने बताया कि नकली सामग्री बनाने वालों के खिलाफ केस दायर किया जाएगा। राज्य औषधि नियंत्रण विभाग को रांची के कई इलाकों में कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायत पर टीम ने यह कार्रवाई की है।

# ₹50 करोड़ की निकासी कर एमडीएम घोटाला करने वाला आरोपी हरियाणा से हुआ गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एमडीएम घोटाले का मास्टरमाइंड संजय तिवारी को हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जालसाजी के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद जैसे ही संजय तिवारी जेल से निकले फरीदाबाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया। 101 करोड़ घोटाले के आरोपी संजय तिवारी को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने 16.35 करोड़ रुपए जमा करने की शर्त पर हाल ही में चार सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी।

**पैसे निकाल कर हो गया था फरार**

गौरतलब है कि मिड डे मील के लिए स्टेट बैंक ऑफ हटिया शाखा में पांच अगस्त 2017 को रखे गए शिक्षा विभाग के करीब 101 करोड़ रुपए बिल्डर भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर संजय तिवारी के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया था। इसमें मैनेजर अजय उरांव की संलिप्तता बताई गई थी। मिड डे मिल की यह रकम भानु कंस्ट्रक्शन के विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए थे। बिल्डर इनमें से 50 करोड़ रुपए निकालकर फरार हो गया था। मामला प्रकाश में आने के बाद एसबीआई ने खुद पैसा भरा, जिससे बैंक को नुकसान हुआ था। बैंक मैनेजर को सस्पेंड कर दिया गया। सीबीआई ने सात दिसंबर 2017 को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद पूरे मामले की छानबीन शुरू की थी।

# आकांक्षा के 23 छात्रों ने क्रैक किया जेइइ मेन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से संचालित राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम के जिला स्कूल कैंपस से जेईई मेंस के लिए 23 छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल की है। उन्हें अच्छे परसेंटाइल मिले हैं। आकांक्षा के धीरज वर्णवाल ने 99.19 पर्सेंटाइल अंक लाकर निजी स्कूलों के छात्रों के साथ कदम ताल किया है। उनकी सफलता को लेकर अधिकारियों और शिक्षकों में हर्ष है। बताते चलें कि 2016-17 से राज्य सरकार ने आकांक्षा की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले गरीब एवं मेधावी बच्चों को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ इंटर विज्ञान की पढ़ाई निःशुल्क कराई जा रही है।

**इन्हें मिली सफलता** : धीरज वर्णवाल 99.19, हिमांशु कुमार 96.97, अभिषेक महतो 95.97, राजेश कुमार महतो 95.59, मनीष कुमार 95.18, नरेंद्र नाथ महतो 91.47, रवि यादव 91.01, पिंटू कुमार मंडल 89.38, सोनम कुमारी 89.33, सीमा कुमारी 88.00, सौरभ कुमार तांती 86.97, सुरजीत कुमार 85.10, मोहम्मद असुर अंसारी 85.01, प्रिंस यादव 80.75, जन्मजेय राय 80.14, शंकर कुमार 79.93, पीयूष द्विवेदी 79.42, विवेक कुमार 78.93 दुर्गा हजाम 78.31 मोहम्मद आशिक 77.64, रोहित कुमार 75.44, अजीत कुमार 67.13 और एनोस बास्के को 63.87 पर्सेंटाइल अंक मिले हैं। आकांक्षा के नोडल पदाधिकारी आकाश कुमार ने कहा कि आकांक्षा योजना के अंतर्गत बच्चों को रहने खाने एवं पढ़ाई की निशुल्क व्यवस्था सरकार के स्तर पर की जा रही है। बच्चों की इस सफलता पर डीईओ और आकांक्षा के स्टेट को-ऑडिनेटर ने सफल सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सांसद संजय सेठ ने व्यापारियों के बंद का समर्थन किया

# व्यापारियों के हित में बाजार शुल्क की वृद्धि वापस ले सरकार : सांसद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के तहत राज्य सरकार द्वारा दो फीसदी शुल्क बढ़ाने के निर्णय का विरोध करते हुए व्यापारियों के हित में इसे वापस लेने की मांग की है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने व्यापारियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि शुल्क हटा दिया था। इससे व्यापार में बढ़ोतरी हुई और कारोबार भी बढ़ा लेकिन, वर्तमान सरकार फिर से 2 प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने का निर्णय किया है इससे किसानों, खाद्यान्न कारोबारी के साथ साथ ट्रेडर्स और आम जनों को महंगाई झेलनी होगी। झारखंड में अधिकांश खाद्यान्न वस्तुएं बाहर से आती हैं। पहले ही उस पर टैक्स लगा होता है। फिर यहां आने पर 2 प्रतिशत बाजार शुल्क देना होगा। इससे खाद्यान्न महंगे होंगे और हर वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि कई भाजपा शासित राज्यों में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बाजार शुल्क हटा दिया गया है। राज्य सरकार को भी कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक वापस लेना चाहिए।

### बाजार शुल्क अव्यवहारिक वापस ले राज्य सरकार : योगेंद्र पोद्दार

**रांची।** झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाई संघ ने कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के तहत राज्य सरकार द्वारा दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय का विरोध करते हुए व्यापारियों के हित में इस काले कानून को वापस लेने की मांग की है। संजय पोद्दार ने कहा कि खाद्यान्न कारोबारी के साथ साथ छोटे दुकानदार और आम जनों को महंगाई झेलनी होगी। बंद के समर्थन में सभी खुदरा व्यापारियों से अपनी-अपनी दुकानें बंद रखने की अपील की है।

### वैश्य महासम्मेलन ने बाजार शुल्क में बढ़ोतरी के विरोध का किया समर्थन

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के तहत राज्य सरकार द्वारा दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय का विरोध किया है। संजय चौधरी ने कहा कि पूर्व की सरकार ने व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि शुल्क हटा दिया था लेकिन, वर्तमान सरकार फिर से 2 प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने का निर्णय किया है। इससे महंगाई बढ़ेगी। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन कल चैंबर द्वारा आयोजित बंद के समर्थन में सभी खाद्यान्न व्यापारियों से अपनी अपनी दुकानें बंद रखने की अपील करता है।

# हज यात्रियों को केंद्र ने दी सौगात : डॉ मिस्फीका हसन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ मिस्फीका हसन ने नई हज पॉलिसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नई हज पॉलिसी के अनुसार पहले आवेदन करते वक्त सूटकेस, छाता, बैग,चादर का पैसा लिया जाता था, अब ऐसा नहीं होगा। यात्री आने हिसाब से सामान की खरीदारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हज यात्रियों को केंद्र सरकार ने खुशखबरी दी है। हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन को अब खर्च कम करने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि नई हज पॉलिसी के अनुसार हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन निःशुल्क होगा। उन्होंने कहा कि इस बार 1,75,025 हज यात्री अपनी धार्मिक यात्रा पर जा सकेंगे। हज यात्रा पर जाने वाले यात्री को औसतन 3 लाख 90 हजार रुपए खर्च करना पड़ता था। 70 साल से अधिक के उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग और महिला यात्रियों को हज यात्रा में प्राथमिकता दी जायेगी। नई पॉलिसी के अनुसार मोटे तौर पर जायरीन को अब अपने धार्मिक सफर के लिए 50000 रुपए तक की छूट मिल पायेगी। उन्होंने कहा कि हाजी के ठहरने की समय अवधि 40 दिन के बजाय 30 दिन होगा और अगर जरूरत पड़ी तो 30 दिन बढ़ाया जा सकता है।

## खबर एक नजर में

### विजय यादव के निधन से राजद में शोक की लहर



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य विजय यादव के आकस्मिक निधन से राजद नेता मर्माहत हैं। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने शोक व्यक्त किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुखद समय में हिम्मत प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव, युवा के राष्ट्रीय सचिव अंजय मेहता, फिरोज अंसारी, मंतोष यादव, जफीर खान, उज्जवल सिंह, गायत्री देवी, धर्मेंद्र सिंह, फरहान खान शामिल हैं।

### यूनाइटेड के नकली कूकर बनाने वाले पर शिकंजा

**रांची।** यूनाइटेड ब्रांड के नकली कूकर बनाने वाले पर शिकंजा कसा गया है। इस संबंध में मेटैलिक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से यह सूचित किया गया है कि पिछले कुछ दिनों से ही यूनाइटेड ब्रांड के नकली कूकर मार्केट में बेचे जाने की शिकायतें मिली थी। जिनकी पैंकिग से लेकर बनावट तक नकली और खराब है। इससे कंपनी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा था और ग्राहकों के विश्वास पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा था। कंपनी ने प्रशासन और पुलिस की मदद से तत्काल प्रभाव से कारखाने पर छापेमारी की। छापेमारी में कारखाने से भारी मात्रा में नकली पार्ट्स बरामद किए गए। नकली पार्ट्स बनाने वाले कारखाने का मालिक आरोपी दीपक मौके से फरार था। इस कंपनी के नकली और खराब गुणवत्ता वाले कूकर की सप्लाई उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के कई इलाकों में व्यापक तौर पर की जा रही थी।

### सोनभद्र में झारखंड के दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** उत्तर प्रदेश के चोपन थाना क्षेत्र में झारखंड के गढ़वा निवासी के एक व्यक्ति की कार को किराए पर सोनभद्र के लिए बुक करके रास्ते में लूट लिये जाने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दो अंतरराज्यीय शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधी और चोपन पुलिस तथा एसओजी के बीच मंगलवार की रात हुई मुठभेड में पुलिस की जबाबी कार्रवाई में एक लूटेरे के दाहिने पैर में गोली लग गई है जबकि, दूसरे अपराधी को घेरेबंदी करके दबोच लिया गया। लूट की कार से छह फरवरी की रात बिहार राज्य सासाराम जिले में किसी बड़े व्यवसायी की हत्या व लूट करने की योजना थी।

### हाइकोर्टः सीए सुमन कुमार की जमानत पर सुनवाई में इडी ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले की आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार की जमानत याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 13 फरवरी निर्धारित की। कोर्ट ने प्रार्थी के हस्तक्षेप याचिका (आइए) पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया। बता दें कि सुमन कुमार की जमानत याचिका निचली अदालत से खारिज हो चुकी है। इसके बाद सुमन कुमार ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इसमें आइए दाखिल कर उनकी ओर से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की गुहार हाईकोर्ट से लगाई गई है।

### कचरा उठाने के टेंडर मामले में नगर निगम को जवाब दाखिल करने का कोर्ट ने दिया निर्देश

**रांची।** रांची शहर में घरों से डोर टू डोर कचरा उठाने का टेंडर दिलवाने का आग्रह करने वाली सेंटर फॉर डेवलपमेंट कम्युनिकेशन ट्रस्ट की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रांची नगर निगम को 2 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था वह रांची शहर में वर्ष 2020 से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम करता था। अप्रैल 2022 में रांची नगर निगम ने उसे बिना किसी आधार के हटा दिया था। रांची नगर निगम की ओर से उसके परफॉर्मेंस को अच्छा नहीं बताते हुए उसका कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया गया था। इसके बाद रांची नगर निगम की ओर से रांची शहर में कचरा उठाव के लिए नया टेंडर जारी किया गया था। प्रार्थी का कहना था कि डेढ़ साल उसने यह काम किया है, इसलिए कचरा उठाव के लिए जो टेंडर हुआ है वह दूसरे को ना दिया जाए, नया टेंडर उसे ही दिया जाए।

### रामचरित मानस का अपमान करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई : सुनील सिंह



**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने डीसी राहुल कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंप कर रामचरित मानस का अपमान करने वालों पर अविलंब कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि देवता, धर्मग्रंथ एवं श्रद्धास्थानों के विषय में आपत्तिजनक टिप्पणी करनेवालों पर कठोर कार्रवाई की जाये। साथ ही देवताओं का अपमान रोकने के लिए तत्काल कठोर ईशनिंदा विरोधी कानून बनाया जाये। उन्होंने कहा कि बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर ने श्रीरामचरितमानस को नफरत फैलानेवाला ग्रंथ कहा, जबकि उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है, जो घोर आपत्तिजनक है। ज्ञापन सौंपने वालों में राजीव सिंह, भुनेश्वर त्रिपाठी, नीतू अरोरा, पूजा चौहान, यश सिंह परमार शामिल थे।

### रांची में दो सगे भाइयों की मौत, लाठीचार्ज

**युवकों की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने किया हजारीबाग- रांची मार्ग जाम**

**रांची।** सदर थाना एरिया के जुमार नदी पुल के पास स्थित चौधरी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार दो सगे भाईयों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जुमार पुल के पास मुआवजे की मांग को लेकर जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेना चाहा, लेकिन आक्रोशित लोगों ने शव को उठाने नहीं दिया। पुलिस ने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया, क्योंकि सड़क पूरी तरह से जाम हो गई थी और कई एंबुलेंस भी जाम में फंसे थे। पुलिस के समझाने पर भी लोग मानने को तैयार नहीं हुए तो पुलिस को जबरन लाठीचार्ज करना पड़ा। लाठीचार्ज होने के बाद जाम समाप्त हुआ और सामान्य आवाजाही शुरू हुई। दुर्घटना में मारे गए युवकों की पहचान रणधीर और सुधीर के रूप में हुई है।

### वार्ड पार्षद वेद प्रकाश को हटाये जाने के मामले में हाइकोर्ट सख्त

**अवमानना याचिका में एकल पीठ में आगे की सुनवाई नहीं**

**रांची।** वेद प्रकाश सिंह को वार्ड पार्षद से हटाए जाने मामले में एकल पीठ के द्वारा वेद प्रकाश के पक्ष में दिए गए आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की अपील की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले की फाइनल सुनवाई की तिथि 23 फरवरी निर्धारित की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि खंडपीठ में मामले की फाइनल सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई है। इसलिए इससे संबंधित अवमानना याचिका में एकल पीठ आगे की सुनवाई नहीं करेंगे।

## एक्सट्रा टीचिंग के विरोध में जेसीइआरटी के उप निदेशक से मिलीं बीएड की छात्राएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सत्र 2021-23 के बीएड की छात्राओं ने प्रैक्टिस टीचिंग क्लास कैंसिल करने की मांग को लेकर मंगलवार को झारखण्ड फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग कार्यालय में उपनिदेशक प्रदीप चौबे एवं बीबी सिंह से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा। राजकीय महिला बीएड कॉलेज बरियातू की छात्राओं ने अधिकारियों से आग्रह किया कि छात्राओं ने 5 महीने की ट्रेनिंग में 3 महीने का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और सत्र भी समाप्ति की ओर है। हमें राज्य के किसी भी कोने में प्रशिक्षण के लिए दिया जाए इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह व्यवस्था पहले ही एडमिशन के दौरान निर्धारित होनी चाहिए थी ताकि हमें निर्णय करने में आसानी होती। हम बाहर जिलों से आकर हॉस्टल या फिर छोटे से कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं और हमारा कोर्स भी खत्म होने वाला है। हम सभी छात्राओं को बाहर जाने से समस्या होगी।

**सरकार को एक मानदेय निर्धारित करना चाहिए :** छात्राओं का नेतृत्व कर रहे पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा बीएड के बच्चों की चल रही गतिविधियों या कार्यक्रम पर अचानक बदलाव नहीं करना चाहिए, अगर बदलाव जरूरी है तो आने वाले सत्र से निर्णय करना ज्यादा बेहतर होगा। आलोक दूबे ने कहा प्रैक्टिस टीचिंग के मामले में पूर्व से नीति निर्धारण होना चाहिए।

### शहीद जवान अभिषेक कुमार के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची के उपायुक्त को शहीद जवान अभिषेक कुमार के परिजनों को दस लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। यह निर्देश सरकार के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का द्वारा रांची डीसी राहुल सिन्हा को दिया है। डीसी को दिये गये आदेश में कहा गया है कि तीन साल पूर्व 24 अक्टूबर 2020 को देश के लिए कर्तव्य निर्वहन करने के दौरान लेह लद्दाख में बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण शहीद सेना के जवान अभिषेक कुमार के परिजनों को 10 लाख रूपए आवंटन किया जाता है। घटना के समय उनकी उम्र 25 साल थी। अभिषेक 2015 में सेना में भर्ती हुए थे। वह सेना में जीडी के पद पर थे।

## राज्य सरकार की ओर से मुस्लिम समाज के लिए नहीं हो रहा कार्य : कमाल खान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन सह भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद कमाल खान ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रति हज यात्री पर 50 हजार रुपये कम किया है। साथ ही तीन हजार रुपए का शुल्क जो फार्म के लिए देय होता था, वह शुल्क भी अब नहीं लगेगा। इसके लिए नरेंद्र मोदी सरकार का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनका यह फैसला मुस्लिम अल्पसंख्यक समाज के हित में है। उन्होंने यह भी बताया कि हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए रांची से ही इंबारकेशन पॉइंट दिया गया है।

इधर उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में महागठबंधन के तीन वर्ष हो गए हैं, लेकिन अबतक अल्पसंख्यक हित और मुस्लिम समाज हित में कोई कार्य नहीं किया। मिसाल के तौर पर अब तक अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड का गठन नहीं किया गया। बता दें कि पूर्व की रघुवर दास सरकार ने सबसे बेहतर हज हाउस दिया। वहीं वर्तमान महागठबंधन सरकार ने मुसलमानों के लिए क्या किया। मुस्लिम समाज को इस पर मंथन करने की जरुरत है कि किस सरकार ने आपको क्या दिया। ऐसे सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

## स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा

# डीसी की चेतावनी- लापरवाह पदाधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत संशोधित लक्ष्य अनुरूप 15 फरवरी 2023 तक उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि कोई भी आर्हत्ताधारी लाभुक इस योजना के लाभ से वंचित न रह जाए इसके लिए सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी व्यक्तिगत अभिरूचि के साथ कार्य निष्पादन करें।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को पोषण ट्रैकर ऐप पर प्रतिदिन की गतिविधियों को इन्द्राज करने का निर्देश दिया। इसके लिए संबंधित सेविकाओं को परियोजना स्तर पर प्रशिक्षित करने का भी निर्देश दिया।



बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजना अन्तर्गत लंबित करेक्शन क्यू को निष्पादित करते हुए लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में उदासीनता बरतने वाले कर्मियों एवं पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करें।

जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नवजात शिशु देखभाल में खराब प्रदर्शन करने वालें केंद्र बुढ़मू, कांके, चान्हो, मांडर, सोनाहातू को फटकार लगाई। उन्होंने प्रदर्शन में सुधार के निर्देश दिये। योजना अंतर्गत संस्थागत प्रसव में खराब प्रदर्शन पर उपायुक्त द्वारा ओरमांझी, कांके और लापुंग प्रखंड को फटकार लगाते हुए प्रदर्शन में सुधार के निर्देश दिये गये। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कैशलेस सुविधा, मुफ्त वैक्सीन, दवा, जांच, खून की व्यवस्था, प्रसव के दौरान रेफर करने की स्थिति में मुफ्त सुविधा देने को लेकर उपायुक्त द्वारा आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिये गये।

उपायुक्त ने सहिया, स्वास्थ्य कर्मी, पारा मेडिकल कर्मी का वेतन/मानदेय का भुगतान समय पर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अनाबद्ध निधि का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य केंद्रों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने केन्द्र में बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2023

# वित्तीय साक्षरता सलाहकारों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची द्वारा झारखंड राज्य में कार्यरत सभी अग्रणी बैंकों अर्थात बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक एवं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के 46 वित्तीय साक्षरता सलाहकारों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के प्रभारी महाप्रबंधक संजीव सिन्हाने प्रतिभागियों को संबोधित किया। भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के बिनोद बिहारी मिश्रा ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह (13-17 फरवरी 2023) के दौरान वित्तीय साक्षरता के कार्यनीति बतायी। अरविंद एक्का, क्षेत्रीय साक्षरता अधिकारी ने विभिन्न लक्ष्य समूहों (किसान, स्कूली छात्र, एमएसएमइ उद्यमी, वरिष्ठ नागरिक, स्वयं सहायता समूह) पर विशेष ध्यान देने को कहा। केदारनाथ राउत एवं नितिन कुमार, सहायक प्रबन्धकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के नए प्रयासों, केवाईसी, सामाजिक सुरक्षा योजना, शिकायत निवारण तंत्र इत्यादि पर सत्र लिया गया।



कार्यशाला में अग्रणी बैंकों के प्रतिनिधियों ने भी वित्तीय साक्षरता पर अपने अनुभव को साझा किया। साथ ही, पीयूष भट्ट, अध्यक्ष, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने भी जमीनी स्तर पर वित्तीय साक्षरता की चुनौतियों पर चर्चा की। नलिन प्रियरंजन ने वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया।

# अनुबंधकर्मियों ने किया भिक्षाटन, जताया आक्रोश

## झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मियों के आमरण अनशन का 15वां दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम कर्मचारी संघ की हड़ताल मंगलवार को 22वें दिन भी जारी रही। वहीं ये लोग 15 दिन से आमरण अनशन पर हैं। अनशनकारियों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अब तक हड़ताली कर्मियों की सुध नहीं ली है। ऐसे में संघ के सदस्यों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को अनुबंधकर्मियों ने राजभवन से लेकर कचहरी चौक तक भिक्षाटन किया। झारखंड के विभिन्न जिलों से आए करीब पांच हजार अनुबंध कर्मियों ने राजभवन स्थित धरनास्थल से कचहरी तक भिक्षाटन किया। कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण निकाली गयी रैली राजभवन से नारा लगाते हुए कचहरी तक पहुंची। रैली के चलते शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। भूखे-प्यासे कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। संघ ने कहा कि सरकार कोई निर्णय नहीं लेती है, तो यह लड़ाई और भी व्यापक रूप से चलाई जाएगी।

### नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन पर हैं अनुबंधकर्मी

**कर्मचारियों** की 1 सूत्री मांग वर्ष 2014 के पारा मेडिकल नियमितीकरण नियमावली की तर्ज पर नियमित करने की है। अनुबंधित पारा मेडिकल कर्मियों में एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्निशियन एवं नेत्र सहायक नियमितीकरण के लिए संघ वर्षों से संघर्षरत है।

## स्पीड न्यूज

### कैपिटल हिल में मोदी गोल्ड प्रदर्शनी आयोजित

रांची। होटल कैपिटल हिल में ममता मोदी एवं फ्यूजन फेयर द्वारा मोदी गोल्ड सोने और हीरे की गहनों की प्रदर्शनी लगायी गयी। दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में मोदी गोल्ड ने आशा कमल मोदी और शिवानी मोदी सोनी द्वारा डिजाइन किए विशिष्ट गहनों का संग्रह का प्रदर्शन किया। आशा मोदी द्वारा बॉलीवुड के 10 से अधिक मशहूर फिल्मों में ज्वेलरी का डिजाइन किया गया है। आशा अपनी पुत्री शिवानी के साथ तीन दशकों से ज्वेलरी का डिजाइन कर रही है। जो मोदी गोल्ड के नाम से प्रसिद्ध है। इस प्रदर्शनी में 50,000 से 5 लाख रुपये तक के जेवरात आकर्षक दरों पर पेश किए जा रहे हैं।

### स्कोडा आटो इंडिया का एनी टाइम वारंटी पैकेज

रांची। स्कोडा आटो इंडिया ने बिक्री के मामले में साल 2022 को सबसे बड़ा बनाने के बाद 2023 की शुरुआत अपनी पहली पेशकश से की है। यह पेशकश कोई नई कार नहीं बल्कि ग्राहकों के लिये बिलकुल नई और क्रांतिकारी पहल है जिसका लक्ष्य है स्वामित्व के अनुभव और ग्राहक संतोष को बेहतर बनाना। इसका नाम एनीटाइम वारंटी है और यह 1 साल/20000 किमी. का वारंटी पैकेज है जिसका इस्तेमाल किसी भी मौजूदा मानक या विस्तारित वारंटी को बढ़ाने के लिये हो सकता है।

### न्यू राजस्थान कलेवालय की 57वीं वर्षगांठ आज

रांची। लालपुर चैक स्थित न्यू राजस्थान कलेवालय 8 फरवरी को स्थापना की 57वीं वर्षगांठ मना रहा है। प्रतिष्ठान की स्थापना 1966 में कस्तुरचंद सोहन लाल शर्मा ने की थी। प्रतिष्ठान के संचालक निरंजन शर्मा और श्रीराम शर्मा ने बताया कि प्रतिष्ठान में प्रारंभ से ही गुणवत्ता और शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है।

# खलारी के एक डीलर पर लगा फर्जीवाड़े का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा के तहत डीलर द्वारा राशन हड़पने का मामला सामने आया है। जन वितरण प्रणाली दुकानदार पर आरोप है कि उसने अपवाद पंजी में बिना अंगूठा निशान लगाये सात कार्डधारियों के नाम से खाद्यान का उठाव कर लिया। मामला खलारी पंचायत के चुरी उत्तरी पंचायत का है। खलारी प्रखंड के चुरी उत्तरी पंचायत के जन वितरण प्रणाली दुकान विश्वनाथ यादव पर फर्जी कार्ड के माध्यम से अपवाद पंजी में बिना अंगूठा का निशान लगाये राशन हड़पने का आरोप है। इनका लाइसेंस नंबर 51/96 है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची अल्बर्ट बिलुंग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने बताया कि डीलर द्वारा जिन सात लोगों का नाम अपवाद पंजी में दर्ज कर खाद्यान्न का उठाव किया गया है, उन सभी से जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा बारी-बारी से फोन पर बात की गयी है। सात में

### पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा

तीन लोगों ने बताया कि उन्होंने अपना राशन कार्ड बनवाया ही नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि दिनां 01.02.2023 से 14.02.2023 तक पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। इस दौरान राशन कार्डधारियों का डेटा सुधार का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ये मामला सामने आया है। डीएसओ ने कहा कि जांच कर डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। राशन कार्डधारियों के नाम और कार्ड संख्या निम्न हैं, जिनके नाम से खाद्यान्न का उठाव किया गया है- **1.** सबीना खातून - 202007655638, **2.** जयंती देवी - 202007569424, **3.** प्रभा देवी - 202007655580, **4.** पूनम कुमारी - 202007655612, **5.** मधु कुमारी - 202007655610, **6.** नवीन कुमार - 202007569408, **7.** सरिता कुमारी - 202007655646 ।

# ब्रदर्स एकेडमी के 412 छात्रों का आइआइटी जेइइ मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आइआइटी- जेईई मेन-2023 में ब्रदर्स एकेडमी के 412 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऑल इंडिया स्तर पर 99.95 परसेंटाइल हासिल कर निशांत कुमार ब्रदर्स एकेडमी के बॉयज टॉपर बने हैं। वहीं, 99.53 परसेंटाइल हासिल कर पलक चौधरी बनी गर्ल्स टॉपर बनी हैं। ब्रदर्स एकेडमी के कुछ अन्य छात्र जिन्होंने इस परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उनमें निशांत कुमार, किसलय, पलक चौधरी , निशांत मौर्य, निश्चल कुमार साहू, इशिता बेदी, साकेत कश्यप, अक्षण सिंह, अर्नव प्रतिव, आरुषि शर्मा, प्रत्यूष अग्रवाल आदि शामिल हैं।

छात्रों ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय एकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों के दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन और संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद एकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं, बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुऐ आगामी परीक्षाओं के लिये शुभकामनाएं दी हैं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान व ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशाजनक रहा।

## खबर एक नजर में

### निश्चित सफलता को थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल ज्ञान का होना भी जरूरी : प्रो इलानी पूर्ति

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के चौथे न्यूजलेटर का विमोचन मंगलवार को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो इलानी पूर्ति के द्वारा किया गया। कॉलेज के आर्ट्स कॉमर्स बिल्डिंग ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो पूर्ति ने कहा कि कक्षाओं में थ्योरी या सिद्धांत के रुप में जो ज्ञान हम अर्जित करते है, उसकी व्यवहारिक (प्रैक्टिक) जानकारी भी जरुरी है। किसी भी क्षेत्र में निश्चित सफलता के लिए तथा आगे बढ़ने के लिए थ्योरी व प्रैक्टिकल दोनो ज्ञान जरुरी है।

### एलुमिनाई एसोसिएशन ने रांची विवि के सीसीडीसी का किया स्वागत

**रांची।** मारवाडी कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल व सचिव शुभम मंत्री ने रांची विश्वविद्यालय के नए सीसीडीसी डॉ प्रकाश झा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा उम्मीद है कि नए सीसीडीसी के आने से विश्वविद्यालय में नए तरीके से विकास होगा। मौके पर सीसीडीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय और छात्र हित के लिए वह हर सम्भव प्रयास करेंगे।

### श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर हेसल देवी मंडप रोड से निकलेगी शिव जी की बारात

**रांची।** श्री सर्वेश्वर महादेव शिव बारात आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर हेसल देवी मंडप रोड में हुई। इसमें इस वर्ष 2023 को भव्य रूप से शिव बारात सह शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही महाभंडारा एवं रात्रि में शिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव विवाह के साथ-साथ सामूहिक विवाह भी कराने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया।

### रिम्स में शोकसभा, डॉ सौरभ को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** रिम्स के नए शैक्षणिक भवन में मंगलवार को शोक सभा आयोजित की गयी। इसमें डॉ सौरभ शर्मा को श्रद्धांजलि दी गयी। रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ सहित अन्य विभागों के चिकित्सकों व कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। बताते चलें कि गत शुक्रवार को रिम्स के सहायक प्राध्यापक डॉ सौरभ शर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी।

### डॉ. एससी प्रसाद का निधन, पंचतत्व में विलीन

**रांची।** कृषि वैज्ञानिक और समाजसेवी डॉ. सतीश चंद्र प्रसाद का मंगलवार की तड़के रांची में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। हरमू मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। डॉ. प्रसाद के पुत्र, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने उन्हें मुखाग्नि दी। डॉ. प्रसाद लंबे समय तक बीएयू में मुख्य कृषि वैज्ञानिक के पद पर पदस्थापित रहे। इस दौरान अपने अनुसन्धान के दौरान उन्होंने चावल की अनेक वैसी किस्मों की खोज की जो अपेक्षाकृत कम सिंचाई में भी अधिक उपज देती है।

### डीएसपीएमयू के फाइन आर्ट विभाग को मिले 40 चित्रफलक

**रांची।** झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइफ्स एसोसिएशन ( जेसोवा) की ओर से मंगलवा को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के फाइन आर्ट विभाग को 40 की संख्या में चित्रफलक प्रदान किए गए। यह एक प्रकार से पेंटिंग किए गए सामग्री के स्टैंड के तौर पर प्रयुक्त किया जाता है। यह फाइन आर्ट के विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि जेसोवा का यह योगदान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेह को दर्शाता है।

### हज यात्रा में 50 हजार रुपये की राहत का स्वागत

**रांची।** मरहबा ह्यूमन सोसायटी की बैठक मंगलवार को सोसायटी के नायब सदर मो शमीम के पत्थलकुदवा स्थित आवास पर हुई। हाजी शाहिद की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भारत सरकार के अल्प संख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किये गए नए हज नियमों का स्वागत किया। सोसाइटी के सचिव निहाल अहमद ने इस मौके पर कहा कि रांची से जेद्दा के लिए सीधी उड़ान होने से झारखंड से हज पर जाने वाले आजमीने हज को बहुत सहूलियत होगी।

### व्यवस्था परिवर्तन को लड़ रहा रामगढ़ उपचुनाव : महिपाल

**रांची।** सामाजिक कार्यकर्ता व छात्र नेता महिपाल महतो ने मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव लड़ने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद छात्र नेता महिपाल महतो ने पत्रकारों को बताया कि वर्तमान सरकार से झारखंड के सभी वर्ग ठगा महसूस कर रहे हैं। बेरोजगार युवा सबसे अधिक निराश और हताश हैं। इसलिए हम जैसे छात्रों को रामगढ़ उपचुनाव में नॉमिनेशन करना पड़ रहा है, ताकि राज्य में व्यवस्था परिवर्तन कर परिवारवाद व अयोग्य नेताओं को राजनीति से बेदखल किया जा सके।

### डीपीएस के वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम

रांची। दिल्ली पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कक्षा एक तथा दो के विद्यार्थियों द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम किस्सा कहानियों का के अंतर्गत अकबर-बीरबल तथा पंचतंत्र की मूल्यपरक प्रचलित कहानियों की तर्ज पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान से संबंधित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी संस्कृति और नैतिकता का परचम लहराना भी है।

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ

**रांची।** श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में मंगलवार को श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित 36वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। आज जगदीश ढानढनिया, सुमित्रा ढानढनिया ने हनुमान जी महाराज की अखंड पावन दिव्य ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़-चना, संतरा, अंगूर व पंचमेवा का प्रसाद अर्पित किया। ढानढनिया परिवार ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठवाचक को चंदन-वंदन करके आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया।

### डालसा की मध्यस्थता से 10 विवादों को सुलझाया गया

**रांची।** मध्यस्थता केंद्र, रांची में मंगलवार को 10 विवादों को एक साथ सुलझा लिया गया। सभी विवाद दीवान मिढा एवं श्री रौशन लाल भाटिया के बीच माननीय न्यायालय में निष्पादन हेतु लंबित था। जिसमें से शिकायत वाद संख्या 1751/2010 मध्यस्थता केंद्र, रांची में मध्यस्थता हेतु दिनांक 01.02.2023 को प्रवीण उरांव, एसडीजेएम, रांची से भेजा गया था। अधिवक्ता मध्यस्थ सुश्री ममता श्रीवास्तव एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा एवं एजाज अहमद ने अपनी सुझबुझ से तीन बैठकों में वाद को सुलझा लिया।

### रातू प्रखंड के झखराटांड़ में डालसा का डोर-टू-डोर कार्यक्रम

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के द्वारा रातू प्रखण्ड के झखराटांड़ गांव के संजय कालोनी में मंगलवार को विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, स्वीकृति विनया, पीएलवी ममता कुमारी, नितू देवी, पुष्पलता देवी, बेबी देवी एवं राजा वर्मा, उपस्थित थे।

# द पाठशाला के 411 छात्रों ने जेइइ मेन में सफलता प्राप्त की



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेइइ मेन के घोषित परिणाम में द पाठशाला के 411 छात्रों ने बाजी मारी है। सनी कुमार 96. 67 परसेंटाइल प्राप्त कर द पाठशाला के टॉपर बन संस्थान का नाम रोशन किया है। बेस्ट अंक प्राप्त करने वालों में आदित्य अशोक 99.42 परसेंटाइल, अक्षत कुमार 99.43 परसेंटाइल, अतुल 99.8 परसेंटाइल, सिद्धार्थ 99.33 परसेंटाइल, प्रसून 99.28 परसेंटाइल, सार्थक 98.37 परसेंटाइल, तनिष्क 98.36 परसेंटाइल ,अनुराग विशाल 97.75 परसेंटाइल, कुमार हर्ष 97.50 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि कुल 57 छात्रों ने 97 परसेंटाइल से ऊपर प्राप्त किया है, जो कि एक ऐतिहासिक सफलता है। 13 छात्रों ने 99 परसेंटाइल के ऊपर और 25 छात्रों ने 98 परसेंटाइल के ऊपर लाकर बेहतरीन सफलता प्राप्त की है। सभी सफल छात्रों ने इसका श्रेय 'द पाठशाला' के सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और स्टडी मैटेरियल को दिया है। द पाठशाला के सभी शिक्षकों ने सभी सफल छात्रों को इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है। साथ ही, जेइइ एडवांस में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# मिलावट पर रोक नहीं लगी, तो 2050 तक 70 प्रतिशत लोग कैंसर पीड़ित होंगे : दिनकर सबनीस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, झारखंड प्रांत के तत्वावधान में होचर, कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को उपभोक्ता जागरण विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेहताब सिंह कौरव , प्रांत अध्यक्ष पिंटू चाकिया, ग्राम संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति व रांची महानगर संपर्क सहप्रमुख अमरेंद्र सिंह व प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि एवं वेद मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राहकों को न्याय पाने के चेतना जागरण करने के निमित्त ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक आयाम अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के रूप में गठित हुआ है। उन्होंने कहा भारतीय उपभोक्ता

### कांके के होचर में उपभोक्ता जागरण विषयक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अथवा ग्राहक को बाजार में कानून की जानकारी के अभाव में कई प्रकार के अन्याय का सामना करना पड़ता है। एमआरपी अथवा अधिकतम खुदरा मूल्य ग्राहक के लिए विक्रय मूल्य नहीं है, ग्राहक इस मूल्य से मोलभाव कर सकता है। उन्होंने कहा किसी प्रकार के ग्राहक को कठिनाई होती है तो वह उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करा के अपने अधिकार को प्राप्त कर सकते हैं। आज विज्ञापन के भ्रम अथवा मोह जाल में भारतीय समाज ऐसा फंस गया है जो अपने पारंपरिक खाद्य सामग्री अथवा जीवन शैली को नकारते हुए आरामदायक चीजों को प्राथमिकता देकर रोग को आमंत्रित कर रहा है। उन्होंने कहा आज मिलावट चरम पर है,डब्ल्यूएचओ ने चेताया है कि यदि सामग्रियों में मिलावट पर रोक नहीं लगाई गई तो 2050 तक 70% लोग कैंसर से पीड़ित हो जाएंगे।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेहताब सिंह कौरव ने कहा समाज के प्रत्येक व्यक्ति एक ग्राहक के रूप में है,जो प्रतिदिन अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बाजार पर आश्रित होता है। ग्राहकों की सुविधा के लिए ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 48 वर्ष पूर्व अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना की थी। ग्राहकों के लिए 1986 में कानून भी बनाया गया परंतु आज भी अपने अधिकार को प्राप्त करने में समाज पीछे है। उन्होंने कहा जब तक रहोगे मौन, तो सुनेगा कौन अर्थात ग्राहक को अपने अधिकार के लिए आवाज उठाना ही चाहिए। संगोष्ठी में उद्बोधन के पूर्व नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर एवं झारखंड के सदानों का इतिहास नामक पुस्तक भेंट करके तथा अन्य पदाधिकारियों को शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा अंग वस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

# परसिस्टेंस एजुकेशन के छात्रों का जेइइ मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची।** एनटीए द्वारा मंगलवार को घोषित जेइइ मेन 2023 के परीक्षा परिणाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परसिस्टेंस एजुकेशन के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान से शामिल कुल 35 छात्रों में से 23 छात्र सफल रहे हैं। सफल छात्रों में सृजन, हम्माद अहमद खान, ऋषि गर्ग, साक्षी, सचिन, ऐश्वर्या, क्षितिज, कृति, स्वाति, करण, हेमंत, प्रियांशु, उज्ज्वल, कुशाग्र, हिमांशु, शिमरान, सोनम, सामंत, विवेक प्रसाद गुप्ता, आर्यन आर्या, सोनिया, आलोक शामिल हैं। ये सभी नाम अर्हता के अनुसार हैं। छात्रों के इस सफलता से संस्थान में अत्यंत उत्साह, खुशी एवं शैक्षिक प्रेरणा का माहौल कायम हो गया है। निदेशक आशीष आनंद ने छात्रों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो कि आशीष आनंद स्वयं आइआइटी बांबे के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।

# रेड क्रिसेंट के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर विधानसभा पहुंचे

## प्राचार्य के साथ जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम भी देखने गये

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रेड क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल आजाद बस्ती रांची के विद्यार्थियों ने स्कूल की प्रिंसिपल सोनी केरकेट्टा लकड़ा के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण के तहत मंगलवार को झारखंड विधानसभा और जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम का भ्रमण किया। इसमें पांचवीं से सातवीं कक्षा के 30 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों को सर्वप्रथम झारखंड विधानसभा ले जाया गया। विधानसभा के सीनियर अधिकारियों ने बच्चों को विधानसभा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि हाल ही में बना यह भवन हाल दुनिया की आधुनिक इमारतों में से एक है। विद्यार्थियों को यह भी बताया कि सदन की कार्यवाही कैसे चलती है व अन्य कमेटियां किस तरीके से काम करती हैं। बच्चों ने झारखंड विधानसभा के विभिन कर्मचारियों के साथ मुलाकात की। विधानसभा की पुस्तकालय का मुआयना किया। विधानसभा को अपने आँखों से देख बच्चे काफी उत्साहित थे। सातवीं की छात्रा जिकरा ने कहा कि हमने आज तक विधानसभा के इस नए इमारत को केवल टीवी में देखा था, सामने देख खुशी हुई। इच्छा जाहिर की कि बड़ी होकर मै भी विधायक बनना चाहती हूं और इस विधानसभा में पहुचकर समाज के हक की आवाज बुलन्द करूंगी।

### एदार-ए-शरीया जागरूकता अभियान सह समाज सुधार अधिवेशन 11 से



**रांची।** एदार-ए-शरीया झारखंड के तत्वावधान में दरगाह परिसर डोरंडा रांची में प्रेम वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें एदार ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी के अध्यक्ष मौलाना डॉक्टर ताजुद्दीन, सचिव अकीलुर रहमान, इसलामी मरकज के प्रबंधक कारी अय्युब रिजवी, मुफ्ती शम्स तबरेज अलीमी इमाम मस्जिद गौसिया आदी उपस्थित थे। प्रेस वार्ता में कहा गया कि केंद्रीय एदार ए शरीया के तत्वाधान एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद मौलाना गुलाम रसुल बलयावी के नेतृत्व में देश के मुस्लिम समुदाय के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित झारखंड, बिहार, बंगाल, ओडिशा राज्यों के प्रत्येक जिलों में चरणवार एदार-ए-शरीया जागरूकता अभियान व समाज सुधारक अधिवेशन गत 13 दिसंबर 2022 को बिहार के चंपारण से प्रारम्भ किया गया है। अधिवेशन के पहले चरण में चंपारण, मोतिहारी, शिवहर और वैशाली, दूसरे चरण में साडम गोमिया, बिशुनगढ,नवादा, बरही, पिपचो कोडरमा में अधिवेशन सफतलापूर्वक हो चुका है। अधिवेशन का तीसरा चरण 11 से 15 फरवरी तक हो रहा है। जिसके तहत 11 फरवरी दिन शनिवार 9 बजे इसलाम नगर जमुई, 12 फरवरी रविवार को 9 बजे दिन से फैजुल बारी मैदान नवादा बिहार, 13 फरवरी सोमवार को 9 बजे दिन से पसया ग्राउंड मधुपुर, 14 फरवरी मंगलवार 9 बजे दिन से फुटबॉल मैदान धनबारी दुमका, 15 फरवरी बुधवार 9 बजे दिन से छाइ टॉड करमा टॉड जामताड़ा में एदार ए शरीया झारखंड के तत्वाधान में अधिवेशन हो रहा है।

# न्यूटन ट्यूटोरियल के अनिकेत को 99.75 परसेंटाइल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के हरिओम टावर, सर्कुलर रोड स्थित न्यूटन ट्यूटोरियल प्राइवेट लिमिटेड के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस साल भी जेइइ (मेन) फेज 1 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंस्टीट्यूट के संचालक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल से 205 विद्यार्थियों का परसेंटाइल 90 प्रतिशत से अधिक रहा है। इनमें अनिकेत कुमार 99.75 परसेंटाइल, मोहम्मद सोहेल अंसारी 99.08 परसेंटाइल, अर्पित आनंद 98.99 परसेंटाइल, पीयूष कुमार सिंह 98.94 परसेंटाइल, शिवम कुमार 98.84 परसेंटाइल, रसखान 98.5 5 परसेंटाइल, श्रुति सिंह 98.22 परसेंटाइल, मोहित कुमार 97.43 परसेंटाइल, शिवम मोदी 97.14 परसेंटाइल, विपुल विनीत 96.78 परसेंटाइल, आदित्य आर्यन 96.56 परसेंटाइल, राहुल राज 95.72 परसेंटाइल, यश कुमार 95.2 7 परसेंटाइल, पल्लवी कुमारी 94.68 परसेंटाइल आदि को जेइइ मेन में बेस्ट परसेंटाइल मिला है। संस्थान के निदेशक इमरान अली से इतने सारे छात्रों के सफल होने के संबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि यहां का स्टडी पैकेज जेइइ मेन एवं जेइइ एडवांस के अनुरूप ही बनाया गया है। यहां के शिक्षक एवं छात्रों के बीच बहुत ही मिलनसार संबंध है, इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना डाउट सॉल्व कराते हैं। यहां डाउट सॉल्व करने के लिए एक अतिरिक्त शिक्षक का दल सुबह से शाम तक उपलब्ध रहता है। इंस्टीट्यूट के प्रवीण सर, पंकज सर और यहां के सभी शिक्षकों ने इन सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

स्पीड न्यूज

### युवक ने खुद का गला काटा, गंभीर

**रांची।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के टोंगरीटोला में एक युवक ने निर्वस्त्र होकर खुद का गला काट लिया है। मंगलवार की सुबह झंकु मुंडा ने अपने घर में सब्जी काटने वाला चिलोही से अपना गला काट लिया। आनन फानन में युवक को रिम्स में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सतबहनी स्थल पर जाकर झुमने लगा। जानकारी के अनुसार युवक मंगलवार को सुबह में झंकु मुंडा गांव के पास स्थित सतबहनी स्थल पर गया और वहां से पूरी तरह निर्वस्त्र होकर घर आया और घर में रखा हुआ चिलोही से अपना गला काट लिया, फिर से सतबहनी स्थल पर जाकर झुमने लगा। मुखिया रामवृत मुंडा ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचे और झंकु मुंडा को लेकर सीएचसी बुढ़मू पहुंची, जहां प्राथमिक उपचार के बाद झंकु को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। झंकु की पत्नी और तीन बच्चों को भरापूरा परिवार है। झंकु इससे पहले भी कई बार निर्वस्त्र होकर सतबहनी स्थल पर जाकर झुमते रहता था।

### रातूः चोरी की स्कूटी के साथ एक नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 2323 का खुलासा करते हुये संडे मार्केट कॉलोनी से 15 जनवरी को अपनी सहेली के घर गयी पूजा गुप्ता की जेएच 01बीई 2350 चोरी हुई स्कूटी को सोमवार शाम बिजूलिया से बरामद कर किया। चोरी करने वाले संडे मार्केट निवासी किशोर को बाल सुधार गृह व उसका उपयोग करने वाले बिजूलिया निवासी विवेक सोनी को जेल भेज दिया गया।

### रुडसेट में बांस उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण कल से

**सिल्ली।** रुडसेट संस्थान सिल्ली में आगामी 9 फरवरी से बांस उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसकी जानकारी देते हुए वरीय संकाय अनिल कुमार ने वताया के कार्यक्रम 13 दिनों तक चलेगा। पूरी तरह निशुल्क व आवासीय होगा। इस कार्यक्रम के बाद मशरूम उत्पादन, पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा।

### युवाओं को मिला मुर्गी और सूअर पालन का प्रशिक्षण

**राहे।** एसएसबी 26 वी बटालियन के कमान्डेंट एसण डी शेरखाने के नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत ए कम्पनी के सताकी कैम्प में स्थानीय जनता के उत्थान एवं उन्हें मुख्य धारा में लाने हेतु मुर्गी और सूअर पालन प्रशिक्षण का समापन किया गया। समापन के अवसर पर सभी 12 लोगों को सर्टिफिकेट दिया गया सहायक कमांडेंट आलोक सिंह के द्वारा सताकी और अंबाझरिया पंचायत के 12 महिला .पुरुष को 7 दिन तक मुर्गी और सूअर पालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण इंडियन परफेक्ट विजन संस्थाए राहे के द्वारा करायी गयी। मौके पर भूपेन्द्र कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, इंडियन परफेक्ट विजन संस्था के अनूप कुमार सिंह, देवेन्द्र नाथ पांडे सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे।

### सिल्ली कॉलेज में स्वागत समारोह का आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में मंगलवार को इतिहास विभाग की ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। समारोह में एमए सत्र 2022-24 के छात्र- छात्राओं का पुराने छात्र छात्राओं ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो ने कहा कि हम चाहते हैं कि सभी छात्र छात्राएं खूब पढ़े और नाम कमाए। भविष्य में योग्यता अनुसार अच्छे पदों पर आसीन हो जिससे सिल्ली कॉलेज का नाम रोशन हो। डॉ सुकल्याण महतो एवं प्रो मंजुलता ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो विश्वनाथ मुंडा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो नकुल चंद्र महतो ने किया।

# राशन दुकानदारों ने किया प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन

## 72 घंटे बंद रहेंगे सभी राशन दुकान

## मानदेय की मांग पर हड़ताल पर गये राशन दुकानदार



प्रदर्शन करते प्रखंड के राशन दुकानदार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** जन वितरण विक्रेताओं को लंबित मांगो व ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एशोसिएशन के आहान पर मंगलवार को प्रखंड के सभी राशन दुकानारों द्वारा प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। संपूर्ण देशव्यापी हड़ताल का पोस्टर हांथों में लिए प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों ने बताया कि सभी पीडीएस दुकानदारों को सरकार द्वारा मानदे देने की घोषणा की गई थी, लेकिन लगातार टाल-मटोल किए जाने के विरोध में सात फरवरी से 9 फरवरी तक 72 घंट प्रखंड के सभी पीडीएस दुकान बंद रहेगा। इस दौरान किसी के द्वारा अनाज वितरण नही किया जाएगा। बाद में एक प्रतिनिधि मंडाल द्वारा ई-पॉश मशीनों का संचालन बन्द रखे जाने का निर्णय लेते हुए प्रधानमंत्री, केन्द्र खाद्य आपूर्ति मंत्री, केन्द्र सचिव व झारखंड राज्य खाद्य सचिव प्रेषित बीडीओ विजय सोनी व प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकरी रामस्वरूप भगत को एक मांग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन करने वालों में जुबैदा खातुन, संजय कुमार, अम्बिका प्रसाद साहू, दामोदर योदव, सतीष चैधरी, मनीनाथ महतो, मनान अंसारी, रातरत्न सिंह, पुरेन्द्र महतो, जयनन्दन महतो, रोमा देव, चंदन साहू, लहसन मुंडा, मैनुल अंसारी, रामचरण यादव, विशेश्वर महतो व नागेंद्र साहू सहित कई दुकानदार शामिल थे।

## कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मो अब्दुल्लाह अंसारी, शशि साहू, पंचायत अध्यक्ष सीटू उरांव, रहीम अंसारी हैदर अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, सहबान अंसारी, बसना उरांव, चारो उरांव, मजीद अंसारीए मंसूर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड के लुंडरी पंचायत में मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की प्रखंड प्रमुख होलिका देवी, मुखिया नीलम उरांव ने संयुक्त रूप से कल्याण विभाग से बनने वाली कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि कब्रिस्तान के चारों ओर चहारदीवारी के निर्माण हो जाने से लोग कब्रिस्तान में गंदगी व अन्य गलत कार्य नहीं कर पाएंगे कब्रिस्तान में पशुओं के अन्यत्र विचरण व अन्य गंदे कामों से मुक्ति मिलेगी। साथही बयासी पंचायत के ग्राम कंजगी और सिलगाई मे कृषिए पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मृदा एवं संरक्षण योजना अंतर्गत बंजर भूमिध्राइस फैलो विकास उपयोजना अंतर्गत विशेष सिचाई सुविधा अंतर्गत तालाब के जीर्णोद्धार, गहरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास करने के उपरांत विधायक ग्रामीणों से मुलाकात किया। उनके साथ बैठक कर उन्हे सम्बोधन किया। सम्बोधन कर उपस्थित तमाम लोगो को सरकारी योजनाओं के बारे बताई और उनकी समस्या को भी सुनीए और सम्बंधित पदाधिकारी से बात करके ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द निवाकरण करने की बात कही।

### 14 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती नष्ट

राहे। राहे ओपी क्षेत्र के फुलवार गांव के आसपास जंगल में राहे ओपी पुलिस और एसएसबी 26 वी बटालियन के जवानो के संयुक्त अभियान में 14 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। अभियान में राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान की टीम ए एसएसबी की टीम शामिल थी।

## आध्यात्मिक विचारधारा से संस्कारों का होता है बीजारोपण



खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** भागवत गीता से बड़ा आज तक न कोई विज्ञान हुआ है और न होगा। श्री मद भागवत गीता को मनुष्य अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो उसका जीवन चरितार्थ हो जाएगा उक्त बातें इस्कॉन रांची के तत्वावधान में लापुंग प्रखंड के लालगंज में हरिनाम कीर्तन कार्यक्रम के दौरान हिज ग्रेस मधुसूदन दास प्रभु ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर हमें दिखावा करने की जरूरत नहीं है। धर्म को पतन के मार्ग पर ले चलने के कुत्सित मानसिकता को बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि घर को संस्कार के नींव पर बनाएं। सिर्फ जय श्री राम बोलने से नहीं होगा हमें भगवान श्री राम के विचारों को खुद भी आत्मसात करना होगा। राम के बिना राम राज की कल्पना नहीं की जा सकती। अगर कोई ऐसा करता है तो वह रामराज नहीं रावण राज होगा। हमें अपने घर को अयोध्या बनाना होगा। भगवान श्रीराम ने जो कहा था उसे हमें अपने अंदर आत्मसात करना होगा। मंगलवार को लापुंग प्रखंड के लालगंज में आयोजित इस्कॉन संस्था के महासंकीर्तन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण खासकर महिलाएं मंत्रमुग्ध हो उठी और हरे रामा हरे कृष्णा ण्ण्ण कृष्णा कृष्णा हरे हरे ण्ण्ण के स्वरों के बीच संकीर्तन कार्यक्रम के दौरान झूम उठी। नाचते गाते लोगों खासकर महिलाओं ने हरि का भजन किया और लोग झूम उठे। इस मौके पर भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि संकीर्तन कार्यक्रम के माध्यम से भटकती युवा पीढ़ी को बचा सकते हैं। बच्चों को बचपन से परिवार में आध्यात्मिक विचार धारा से जोड़कर उनके अंदर संस्कारों का बीजारोपण किया जा सकता है। इसके पूर्व इस्कॉन रांची के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोग झूम उठे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र प्रमुख मधुसूदन मुकुंद दास प्रभु, सर्वज्ञ गौरांग दास प्रभु, राधा सूत प्रभु, इस्कॉन रांची के जन संपर्क प्रमुख अरुण देव कुमार प्रभु, मनोज प्रभु, आलोक जेना, कृष्णा, संजीव, युवराज, अभय, शिवकेश, जगरनाथ, दामोदर प्रभु, राधाश्री प्रभु सहित इस्कॉन संस्था के कार्यकर्ताओं ने नृत्य की शैली में कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए गए। मौके पर खिचड़ी के प्रसाद का महाभंडारा आयोजित किया गया।

### साउथ प्वाइंट स्कूल में कैरियर कॉउंसलिंग

**बुंडू।** बुंडू स्थित साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में सोमवार को कैरियर कॉउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कॉउंसलिंग में साईकोग्राफीक सोसाइटी से स्कूल इंटीग्रेटेड कॉउंसलिंग प्रोग्राम के लिए प्रख्यात कैरियर सलाहकार विकास कुमार उपस्थित हुए। विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा बबिता कुमारी और रिमशा अल्मास ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथि का स्वागत किया। इस कॉउंसलिंग में विद्यालय के कक्षा 8ए 9 व 10 के विद्यार्थियों ने अपने भविष्य की योजनाओं के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में वक्ता ने दसवीं के बाद के करियर संबंधी संभावनाओं पर विशेष रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## एक नजर में

### गेतलसूद में नौ और दस को लगेगा किसान मेला, सीएम करेंगे उद्घाटन



**अनगड़ा।** रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची एवं विवेकानंद सेवा संधों के द्वारा कृषि प्रत्येक्षण फार्म गेतलसुद मे लगने वाला केन्द्रीय किसान मेला इस वर्ष 09 एवं 10 फरवरी को लगेगा। यह 44वां किसान मेला होगा । मेला का तैयरी अंतिम चरण मे है। इस वर्ष मेला का उद्घाटन 09 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। उनके साथ कृषि मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। इसकी सहमती मिल चुकी है। मेला मे प्रत्येक वर्ष फल सब्जी मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष इसमे अंशिक परिवर्तन की गई हैए इस वर्ष दोनों ही दिन पुरस्कार वितरण अतिथियों के हाथों किया जायगा। इसकी जानकारी मेला समिति के अध्यक्ष भुवनेशवर बेदिया ने दी। मेला तैयारी का निरीक्षण जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डाए रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य महराजए आदि ने किया।

### इटकी में पंचायत समिति कार्यकारिणी की बैठक



**इटकी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति कार्यकारिणी की एक बैठक प्रमुख किरण उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सामान्य प्रशासन, कृषि व उद्योग, स्वास्थ्य व शिक्षा, वित्त अंकेक्षण व योजना एवं विकास समिति, सहकारिता समिति, महिला शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति, वन एवं पर्यावरण समिति और संचार एवं संकर्म समिति का गठन किया गया। इसके अलावा बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर चयन किया गया। बैठक में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, उप प्रमुख परवेज आलम, बीपीआरओ धनेश्वर राम, रंथू मिंज, मीना होरो, बीरू उरांव, सुल्ताना परवीन सहित अन्य मौजूद थे।

## पीएम सड़क योजनाः बनते ही उखड़ने लगी पिठोरिया-ओरमांझी मुख्य सड़क

**पिठोरिया।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कांके प्रखंड के पिठोरिया. ओरमांझी मुख्य सड़क से बालू गांव से चौबे खटंगा 3.55 किलोमीटर तक सड़क मरम्मति का कार्य लगभग 80 लाख रुपये की लागत से किया गया है। मंगलवार को क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य सह प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम की राज्य कमिटी की सदस्य हिना परवीन के नेतृत्व में बालू गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने घटिया सड़क निर्माण कार्य का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सवेंदक के द्वारा रोड मरम्मति का कार्य बिल्कुल घटिया है। सड़क में ना ही सही से अलकतराए ना ही रोलरए पानी डाला गया है। निर्माणकार्य में जो भी सामग्री दिया गया है वह भी गुणवत्ता पूर्ण नही है। सड़क को खोद कर देखने से ही इसकी मजबूती पता चल जाएगा। चादर की तरह पतली सी परद मेटेरियल लगाया गया है जो हाथ से छूने से भी उजड़ जाता है। वही चौबे खटंगा गांव में ना के बराबर ही अलकतरा का इस्तेमाल किया गया है। सामग्री को हाथों से उठाने से डस्ट मिट्टी उड़ते मिलता है।

## डालसा ने दी लोक अदालत की जानकारी

### रातू के झखराटांड और संजय कॉलोनी में कार्यक्रम

■ मामलों के होंगे त्वरित निपटारे

### लोक अदालत 11 को

ग्रामीणों को 11 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अपनी समस्याओं को लेकर अर्जी देने की बात कही गयी। अदालत में आपराधिक, दीवानी, श्रम वाद, महिला उत्पीड़न, पारिवारिक, उत्पाद, चेक बाउंस, वन, बिजली, ट्रैफिक चालान, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल व वैवाहिक से संबंधित मामले सुलझाए जायेंगे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा झखराटांड़ व संजय कॉलोनी में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, स्वीकृति विनया, पीएलवी ममता कुमारी, नितू देवी, पुष्पलता देवी, बेबी देवी व राजा वर्मा आदि ने घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनी और उसके निबटारे के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देने का सुझाव दिया।

वहीं अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा व स्वीकृति विनया ने नालसा के 10 योजनाओं की जानकारी दी। बाल.विवाहए दहेज प्रथाए डायन बिसाही व कन्या भ्रूण हत्या को लेकर न्याय प्राप्त करने के उपायों से अवगत कराया। तनवीर अंसारी एवं नितु देवी ने गरीब लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया।

## रतन को मिला जयशंकर प्रसाद सम्मान



### लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण

**सिल्ली।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरा विकास योजना के अंतर्गत सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय परिसर में मंगलवार को विभाग की ओर से कुल 25 लाभुकों को एक बकरा एवं चार बकरियों का सेट दिया गया। उप प्रमुख आरती देवी एवं बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने लाभुकों के बीच बकरीयों का वितरण किया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली के किता निवासी रत्न कुमार महतो सत्यार्थी ने जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। रांची मेन रोड स्थित टेलिफोन भवन में पिछले 4 फरवरी को आयोजित सातवां जयशंकर प्रसाद स्मृति समारोह में मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रमेश कुमार पांडे, पद्मश्री मुकुंद नायक, डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ माया प्रसाद एवं बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद साह ने सामुहिक रूप से रतन कुमार महतो सत्यार्थी को जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान दे कर सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान कुड़माली भाषा के कविता रचनाओं व साहित्यिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए दिया गया। ज्ञात हो कि रतन कुमार महतो सत्यार्थी भारत मौसम विज्ञान विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद कुड़माली साहित्य सृजन में लगे हैं। ये स्थानीय इतिहासकार भी हैं। शहीद रघुनाथ महतो पर लिखी इनकी पुस्तक को प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर भी सम्मान मिला है। इनका मानना है कि सिल्ली और पांच परगना क्षेत्र ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के क्षेत्रों में भी कुड़माली साहित्यिक प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अथार्भाव में बहुत साहित्यकारों की रचनाएं सामने नहीं आ पा रही है। भाषा प्रेमियों को इस और ध्यान देना चाहिए।

## सिल्ली बीडीओ ने पीएम आवास योजनाओं का किया निरीक्षण

### पीएम आवास की स्थिति की ली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा ने मंगलवार को प्रखंड के बिसरिया पंचायत के विभिन्न गांवों भ्रमण कर पीएम आवास ग्रामीण के अद्यतन स्थिति का आकलन किया । उन्होंने निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया और तेज गति से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं सुस्त गति से चल रहे पीएम आवास निर्माण पर बीडीओ ने आवास के लाभुकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि आवास निर्माण शीघ्र कराएं अन्यथा 12 ज ब्याज के साथ राशि रिकवरी, प्राथमिकी सहित अन्य कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने लाभुकों के साथ जगह जगह बैठकें की और आवास निर्माण में हो रही परेशानियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर आवास निर्माण की कार्रवाई की जा रही है बावजूद कुछ लाभुक आवास निर्माण में लापरवाही बरत रहे हैं जिन्हें अंतिम चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लाभुक आवास निर्माण में लापरवाही से बाज आएं अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। वहीं कई लाभुकों को थाना लाया गया जहां शपथ पत्र भरवा कर इस शर्तो पर छोड़ा गया कि वे 1 सप्ताह के अंदर सीट लगाकर आवास पूर्ण कर देंगे। निरीक्षण दल में मुरी ओपी प्रभारी बबलु कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक मृत्युंजय साहू, पंचायत सचिव बलराम सिंह मुंडा, जनसेवक जोसेफ कच्छप एवं पुलिस बल शामिल थे।

### शहीद वीर बुधू भगत जयंती को लेकर बैठक



**चान्हो।** सिलागाईं में 17 फरवरी को आयोजित होने वाले शहीद वीर बुधू भगत जयंती समारोह सह विकास मेला की तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। सिलागाईं स्थित झखरा कुंबा में आयोजित बैठक में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल थी। बैठक में जयंती समारोह सह विकास मेला की तैयारी की विस्तृत चर्चा और समीक्षा की गयी। मेला में लगने वाले स्टॉल और परिसंपति वितरण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया साथ ही स्मारक समिति के सदस्यों के बीच जयंती समारोह के अलग अलग कार्य का बंटवारा किया गया। मौके पर प्रभारी बीडीओ सुलेमान मुंडरीए सीओ प्रदीप कुमार, थाना प्रभारी रंजय कुमारए समिति के अध्यक्ष शिव पूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, दिलीप सिंह, मो इश्तियाक, अजीत सिंह, मोरहा उरांव, शंभू भगत, भौवा उरांव, सन्नी उरांव, अल्फ्रेड मिंज, चुमनू उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## ओरमांझीः देवी मड़ई प्राणप्रतिष्ठा को लेकर झंडागड़ी

### धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मांस मदिरा पर रहेगा प्रतिबंध

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के डहु बरटासेली में नवनिर्मित देवी मडई की प्राण प्रतिष्ठान महायज्ञ को लेकर मंगलवार को झंडागड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झंडागड़ी से यज्ञ स्थल पर पूर्व पूजा अचार्ना की गई। जिसके बाद आयोजन समिति के साथ ग्रामीणों द्वारा एक शोभयात्रा निकाल झंडागड़ी की गई। बाजेगाजे के साथ निकली शोभायात्रा में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। वहीं झंडागड़ी के दौरान क्षेत्र के समस्त ग्रामवासियों से महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान के दौरान आसपास के गांव में मांस मदिरा पूर्णरूप से बंद रखने का अहवान किया जाएगा। वहीं समिति द्वारा बताया गया कि 22 से 28 फरवरी तक सात दिवसीय कार्यक्रम में आयोघ्या के कथा वाचक द्वारा प्रवचन कथा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पूजा समिति के अध्यक्ष महेश्वर मेहता, सचिव अशोक कुमार मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरेश महतो, संरक्षक बलराम महतो, नागेश्वर महतो, दिनेश महली जगनू पहान सोनालाल महतो, सोहन महतो, सहावीर महतो, सहदेव महतो, बजरंग महतो, राजू मुंडा, सुनील महतो, गणेश महतो, भुनेश्वर महतो, धर्मदेव महतो व ग्रामीण शामिल थे।



कार्यक्रम में शामिल समिति के साथ ग्रामीण।

### मांडर उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने आईएचएम कैंप का किया भ्रमण

**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मेनेजमेंट (आईएचएम) रा़ची में राजकीयकृत उत्क्रमित2 उच्च विद्यालयए मांडर के श्रीमती आनंदी कुमारी एवं श्रीमती सुनीता के नेतृत्व में कुल 47 छात्रों का कैंपस भ्रमण कराया गया। इस दौरान राजकीयकृत उत्क्रमित विद्यालय के छात्र . छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। संस्थान भ्रमण के दौरान छात्रों को संस्थान के सभी विभागों जैसे फूड प्रोडक्शनए फूड एंड बेवरेज सर्विसए फ्रंट ऑफिस एंड हाउसकीपिंग डिपार्टमेंट में पढ़ाए जा रहे पाठयक्रम के विभागवार व्यावहारिक कक्षाओं से रू-ब-रू कराया गया तथा संस्थान में होस्टल से संबंधित सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। साथ ही वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023 .24 के त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स एवम डेढ़वर्षीय क्राफ्टमैनशिप तथा डिप्लोमा लघुतम कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस दौरान उपस्थित छात्रों के द्वारा होटल मैनेजमैंट से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

## विश्व विजेता बेटियां

महिला क्रिकेटरों ने आईसीसी अंडर-19 टी-20 विश्वकप में जिस अंदाज में खिताब जीता उसे महिला क्रिकेट के इतिहास में नये भारतीय युग की शुरूआत कहा जा रहा है। भारतीय टीम पहली बार विश्वकप चैंपियन बनी है। इस जीत की तुलना कपिल देव के नेतृत्व में 1983 में पुरुष क्रिकेट विश्वकप की जीत से की जा सकती है। क्रिकेट के पंडित कह रहे हैं कि इस जीत से भारतीय परिदृश्य में महिला क्रिकेट हमेशा के लिये जुझारु तेवरों के साथ नई ऊंचाइयां हासिल करेगा। इस विश्वकप में भारतीय खिलाड़ी हर क्षेत्र में उम्दा खेलीं। अब वह चाहे क्षेत्ररक्षण हो, बल्लेबाजी हो या फिर गेंदबाजी। इस टूनामेंट में कोई मैच न हारने वाली इंग्लैंड की टीम को जोश से भरी भारतीय महिला क्रिकेटरों ने महज 17 ओवर में 68 रनों पर समेट दिया और 14 ओवर में जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। दरअसल, अब तक भारतीय महिला क्रिकेट टीम कोई भी आईसीसी विश्वकप ट्राफी नहीं जीत पाई। वर्ष 2005 में भारतीय टीम वर्ल्डकप के फाइनल में पहुंची , मगर आस्ट्रेलिया से हार गयी। फिर वर्ष 2017 में वन डे विश्वकप में फाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से हार गई। इसी तरह 2020 में टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से हार गई। यहां तक कि पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भी भारतीय महिला टीम खिताब से वंचित रह गई थी। इस जीत के बाद भारत दुनिया का अकेला देश बन गया है जिसके खाते में वन डे वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप, पुरुष अंडर-19 और महिला अंडर-19 विश्वकप हैं। यह कामयाबी भारत ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ने वाली शेफाली वर्मा के नेतृत्व में हासिल की। सीनियर टीम में खेलने वाली शेफाली ने टीम को विश्व चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस जीत से देश गौरवान्वित हुआ है और सम्मानित भी।

## एयर इंडिया का विकास

टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया के अधिग्रहण को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विल्सन कैंपबेल ने बहुत कम समय में उल्लेखनीय प्रगति की है। एयर इंडिया भविष्य के विकास को शक्ति देने के लिए नए विमानों के ₹ऐतिहासिक₹ आदेश को अंतिम रूप दे रही है और अपने पांच साल के रोडमैप 'विहान' को हासिल करने और एयर इंडिया को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइन बनाने की उम्मीद कर रही है।

एयरलाइन के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने जारी एक बयान में कहा कि कंपनी नए विमानों के ऐतिहासिक ऑर्डर को पूरा कर रही है। एयर इंडिया के दूसरे वर्ष में प्रवेश करने के मौके पर विल्सन ने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे संदेश में जोर देते हुए कहा कि हमारी कामयाबी इस बात पर निर्भर करेगी कि हमारी खामियों को लेकर हमारा रुख कैसा होता है। दरअसल, एयरलाइन कंपनी अगले 5 साल के रोडमैप विहान-एआई के तहत एयर इंडिया को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइन बनाने की उम्मीद कर रही है। इसके तहत कंपनी अपने चौड़े विमानों के बेड़े का आंतरिक स्वरूप बदलने के लिए 40 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। एयर इंडिया प्रमुख के मुताबिक बीते एक साल के दौरान परिचालन में उसके कुल विमानों की संख्या 27 फीसदी बढ़कर 100 हो गई है। एयरलाइन ने 16 नए अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन शुरू की घोषणा की जा चुकी है। कंपनी ने अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की खातिर विभिन्न कार्यों के लिए 1,200 से ज्यादा पेशेवरों को अपने साथ जोड़ा है। इसके साथ ही औसत दैनिक राजस्व बढ़कर दोगुना हो चुका है, जबकि कॉल सेंटरों में मानव संसाधन भी दोगुने से अधिक हो चुके हैं।

# पहाड़ पर पर्यावरणीय संकट मानव जनित है?



**उत्तराखंड** के चमोली में स्थित ज्योतिर्मठ या जोशीमठ को बद्रीनाथ भगवान की शीतकालीन गद्दी भी कहा जाता है ।सर्दियों में बद्री विशाल की मूर्ति को जोशीमठ के वासुदेव मंदिर में ही रखा जाता है। आदि शंकराचार्य द्वारा यहां पहला ज्योतिर्मठ स्थापित किया गया था। कहां जाता है कि प्रहलाद ने भगवान नरसिंह के गुस्से को शांत करने के लिए यहां महालक्ष्मी के कहने पर तप किया था। जोशीमठ वो स्वर्गद्वार भी कहा जाता है । ऐसी मानयता है कि पांडव इसी रास्ते से स्वर्ग गए थे।इसके बाद फूलों की घाटी शुरू हो जाती है।

लगातार जमीन धंसने की घटनाओं के मद्देनजर जोशीमठ को सिंकिंग जॉन (धंसता क्षेत्र) घोषित किया गया है राष्ट्रीय भूभौतिक अनुसंधान संस्थान( एनजीआरआई ) के विशेषज्ञों की टीम जोशीमठ पहुंच रही है ।

जमीन धंसने की मुख्य वजह यह बताई जाती हैं :

पहला, जोशीमठ पूरी तरह से लैंड स्लाइड के मलवे पर बसा हुआ है । ऐसे में यहां अत्यधिक निर्माण करना खतरे से खाली नहीं था लेकिन पर्यटकों को लुभाने के लिए और भूमाफियाओं द्वारा बेतरतीब निर्माण किए गए।

1939 में एक किताब सेंट्रल हिमालया जियो लॉजिकल ऑब्जरवेशन ऑफ द स्विस एकसपेडिशन में इसके लेखक प्रोफेसर अर्नोल्ड हेम और प्रोफेसर आगस्टो गैंस ने चेतावनी दी थी कि यह पूरी तरह पहाड़ों के मलबे पर बसा हुआ है।

दूसरा, सूरंग खोदने वाली मशीन से प्राकृतिक जल भंडार को नुकसान हुआ ।इससे इलाके के कई झरने और पानी के सोते सुख चुके हैं। जिस पहाड़ पर जोशीमठ बसा है ,उसके अंदर की जमीन भी सुख चुकी है इसलिए पहाड़ का मालवा धंसने लगा है।

तीसरा, 1976 में जोशीमठ में लैंडस्लाइड हुआ था तब इसकी जांच के लिए तत्कालीन गढ़वाल कमिश्नर महेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में एक कमिटी गठित की गई थी ।कमिटि कि रिपोर्ट में कहा गया था कि जोशीमठ में हो रहे निर्माण कार्यो को यदि नहीं रोका गया तो वह विनाशकारी होगा ।इस पर ध्यान नहीं दिया गया और पहाड़ों पर पावर प्रोजेक्ट के बनने का काम चलता रहा।

चौथा, नदियों से घिरे रहने से कारण यहां जमीन के नीचे और ऊपर पानी का बहाव झरने की तरह लगातार होता रहता है। इससे तल पर नमी हमेशा बनी रहती है ।जमीन के भीतर की चट्टानें कमजोर हैं जो नमी के प्रभाव से धंस रहीं हैं।

पांचवां, जोशीमठ के ऊपर के इलाके में काफी बर्फबारी होती बारिश होती है। मौसम बदलता है और बर्फ पिघलती है, तब जोशीमठ से चारों ओर नदियों में पानी का बहाव तेज हो जाता है ।सतह के कमजोर होने और भूस्खलन का यह भी एक बड़ा कारण है।

छठा, जोशीमठ के अधिकतर क्षेत्रों में नीस चट्टानें हैं, जो तापमान और हवा की वजह से तेजी से आकार बदलती हैं ।यह भी क्षेत्र में धंसान की एक वजह है।



- सत्यनारायण गुप्ता


पर्यावरणविद रवि चोपड़ा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस परियोजना की अवैज्ञानिक व अनियोजित क्रियान्वयन से हिमालय के इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचा है और भूस्खलन जैसी आपदाओं को बुलावा दिया जा रहा है। खतरे का अनुमान लगाए बिना पहाड़ों के ढलानों को सीधा और लंबवत काटने से स्लोप फेलयर का खतरा बढ़ गया है।


सातवां, स्थानीय लोग इसके लिए मुख्य रूप से एनटीपीसी की तपोवन-विष्णु गढ़ परियोजना को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं ।लोगों के अनुसार दशकों से एनटीपीसी के लिए खोदी जा रही सूरंग इस भयावह स्थिति के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार है ।तपोवन -विष्णु गढ़ पनबिजली परियोजना की सूरंग जोशीमठ के ठीक नीचे स्थित है।

जोशीमठ ही नहीं प्राकृतिक आपदाओं से लगातार जूझ रहे उत्तराखंड में बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाओं के प्रभाव का आकलन किए बिना आगे बढ़ने की गलती बार-बार दोहराई जा रही है ।हिमालय की संवेदनशीलता ,पर्यावरण मानकों और सुरक्षा उपायों को नजरअंदाज करते हुए जिस तरह ऑल वेदर रोड के लिए पहाड़ों को काटा गया, हजारों पेड़ों का कटान हुआ और मलबे को नदियों में डंप किया गया,यह , प्रकृति के साथ खिलवाड़ का सटीक उदाहरण है।

सिर्फ टिहरी गढ़वाल जिले में चारधाम हाईवे के 150 किलोमीटर हिस्से में 60 डेंजर जोन चिन्हित किए गए हैं। करीब 12000 करोड़ रुपए लागत वाली 889 किलोमीटर की चार धाम परियोजना में मुख्य रूप से सड़कों के चौड़ीकरण का काम शामिल है। सड़कों को कितना चौड़ा किया जाना है इस पर विवाद है केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय वर्ष 2016 में परियोजना की शुरूआत से ही 10 से 12 मीटर चौड़ी ऑल वेदर रोड बनने पर जोर दे रहा है। मंत्रालय अपने ही नियमों की अनदेखी कर रहा है ।पहाड़ी राजमार्गों के लिए निर्धारित 5.5 से 7 मीटर चौड़ाई के अपने ही मानक को बदल दिया गया है ।पर्यावरण प्रभाव आकलन किए से बचने के लिए 889 किलोमीटर की चार धाम प्रोजेक्ट को 53 टूकडों में बांटा गया है। क्योंकि 100 किलोमीटर से बड़ा प्रोजेक्ट होने पर पर्यावरण प्रभाव का आकलन कराना जरूरी होता है ।

यह विवाद जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो पर्यावरणविद रवि चोपड़ा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस परियोजना की अवैज्ञानिक व अनियोजित क्रियान्वयन से हिमालय के इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचा है और भूस्खलन जैसी आपदाओं को बुलावा दिया जा रहा है। खतरे का अनुमान लगाए बिना पहाड़ों के ढलानों को सीधा और लंबवत काटने से स्लोप फेलयर का खतरा बढ़ गया है।

रवि चोपड़ा सहित उच्च अधिकार समिति के 3 सदस्यों की राय सड़क की चौड़ाई 5.5 मीटर तक सीमित रखने की थी लेकिन समिति के 21 सदस्य जिनमें ज्यादातर अधिकारी थे ने सड़क की चौड़ाई की मूल डिजाइन ( 10- 12 मीटर )रखने की वकालत की और निर्माण कार्य चलते रहे।

जोशीमठ ही नही हिमालय की ऊंचाईयों में बसे अन्य शहरों और गांवों के पर्यावरणीय कारणों से उजड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। लेकिन यह संकट प्रकृतिजनित न होकर मानवजनित है। बिना सोचे समझे विकास की चाहत ने हमें विनाश के कगार पर खड़ा कर दिया है। - सत्यनारायण गुप्ता।

अगर उत्तर प्रदेश एक देश होता, तो वह जनसंख्या से दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश होता। उ. प्र. की तेज प्रगति होने से वह संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन बनेगा। महिंद्रा ग्रुप मुख्यमंत्रीजी और पूरे राज्य को इस लक्ष्य को साकार करने में सहयोग देने के लिए तत्पर है।

**–आनंद महिन्द्रा उद्योगपति**

### आपके ट्वीट

ये यात्रा न मैंने अपने लिए की,
न कांग्रेस के लिए।
ये यात्रा हमने भारत की जनता के लिए की।नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खोलने के लिए की।

**- राहुल गांधी**





अंडमान में प्रकृति, पराक्रम, पर्यटन और प्रेरणा सब कुछ है। अब नेताजी सुभाष चंद्र बोस से जुड़े स्मारक और हमारी सेना के शौर्य की याद दिलाते द्वीप भी देशवासियों को यहां आने के लिए प्रेरित करेंगे।

**- नरेन्द्र मोदी**

## जीवन मूल्य

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**

**एक** गणिका का प्रस्ताव राजा रोमपाद को पसंद आया। गणिका ने एक योजना पर काम किया। कई बड़ें नौका को मिलाकर उस पर मिट्टी भरवाकर उसे उद्यान का रुप दिया। उस पर फूल-पौधे लगवा दिया। इसके बार गंगा के उस तट पर पहुंची जहां विभांडक और श्रंगी ऋषि रहते थे। गणिका ने पता किया कि कब विभांडक ऋषि आश्रम से बाहर रहते हैं। वह ऋषि कुमार का भेष बनाकर श्रंगी ऋषि से मिली और उन्हें फल और मिठाई भेंट की। उनसे बातचीत के क्रम में मित्रता करने के उपरांत उनसे अपने आश्रम में चलने का आमंत्रण दिया। यह आश्रम उसी नाव पर बने बागीचा में था। श्रंगी ऋषि ने उनका आमंत्रण स्वीकार कर नाव जोड़कर बनाये गये उद्यान में स्थित आश्रम में पहुंचे। गणिकाओं ने जो वेश बदल रखा था नाविकों को इशारा किया और नाव पर स्थित बागीचा गंगा के दूसरे तट पर लग गयी। ऋषि पुत्र श्रंगी को पता ही नहीं चला और जैसे ही उन्होंने अंग देश की धरती पर पैर रखा बारिश होने लगी। बारह वर्ष से जो अकाल और अनावृष्टि थी वह समाप्त हो गयी।

जब विभांडक ऋषि आश्रम लौटे तो अपने पुत्र श्रंगी को आश्रम में न पाकर यह देखा की उनके पुत्र के साथ छल किया गया है। वे क्रोधित हो गये। वे बोले मैं राजा और उसके राज्य को जला डालूंगा। राजा को पता चला तो वह अपने मंत्रियों पुरोहितो और अपनी बेटी शांता के साथ विभांडक ऋषि के आश्रम में आये। पुरोहितों ने विभांडक को समझाया।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

### कॉर्टून वर्ल्ड

आणविक सोच...



साभार: कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

### लेटर टू एडीटर

#### राहुल का कद

**राहुल** गांधी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराने के बाद अपनी भारत जोड़ो यात्रा संपन्न की। आगामी 2024 के संसदीय चुनाव में कांग्रेसी एकजुट होकर भाजपा से टक्कर ले पाने में स्वयं कितने समर्थ होंगे, समय के गर्भ में है। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि राहुल गांधी बतौर एक राष्ट्रीय कांग्रेसी नेता के रूप में उभर कर आने में है। निश्चित राहुल भाजपा को चुनौती देंगे।

**-अनिल सिंह, रांची**

#### भ्रष्टाचार की हद

**एमपी** के नागरिक आपूर्ति निगम के अफसरों के मुताबिक प्रदेश के 5 करोड़ से ज्यादा गरीबों को बांटा जाने वाला 25 से 30 करोड़ रुपए का सरकारी राशन हर साल बीच रास्ते में ट्रक से गायब हो जाता है। न गरीबों के मुंह तक राशन पहुंचाने वाले जिम्मेदारों अधिकारियों के हलक तक कानून का हाथ अब तक क्यों नहीं गया? भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण जरूरी है।

**- हेमा हरि, हजारीबाग**

### खास बात

## जैन- दीक्षा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**गुजरात** के पालीताणा में सूरत निवासी सेतुक अनिल भाई शाह को जैन मुनि की दीक्षा दी गई। अहमदाबाद से लगभग 200 किलोमीटर पर स्थित इस कस्बे में जैसे ही घुसे, एक जैन मंदिर के बाद दूसरा जैन मंदिर दिखाई दिया। यहां जो धर्मशालाएं बनी हैं, उनका वास्तुशास्त्र भी मंदिर जैसा ही है। सेतुक शाह अब मुनि बन गए हैं। वे सूरत के अरबपति परिवार के युवक हैं। वे जब यहां मुझसे मिले तो मुझे लगा कि ये कोई राजकुमार तो नहीं है? कल जिसका हीरो-मोतियों से जड़ा अत्यंत भव्य वेश और अत्यंत प्रेमल व्यवहार दिखा, उसे आज सफेद अंग-वस्त्र और मुंडित सिर में देखकर आप दंग रह जाएंगे। अब वह सेतुक संन्यासी, भिक्षु, मुनि बन गया है। निर्लिप्त, अनासक्त, त्यागी, निर्मोही। सेतुक के वस्त्रों की बोली (नीलामी) लगी तो करोड़ों रुपये इकट्ठे हो गए। यह पैसा परमार्थ में खर्च होगा। उसके दीक्षा-समारोह में भाग लेने के लिए लगभग 10 हजार लोग पालीताणा में उपस्थित हुए थे। हजारों लोग एक साथ गाते-बजाते, हुंकार करते, मंत्रोच्चार करते। इतना सम्मोहक वातावरण आज तक मैंने किसी मंदिर, किसी मस्जिद, किसी गिरजे, किसी गुरुद्वारे और किसी साइनेगॉग में नहीं देखा। इन हजारों लोगों के सोने, खाने और आने-जाने का इंतजाम इतना बढ़िया था कि उसे देखकर दंग रह जाना पड़ता है। दीक्षा-समारोह की पूर्व-रात्रि को विशाल सभा स्थल की सजावट आश्चर्यजनक थी। बिजली का एक भी गोला वहां नहीं जल रहा था। लाखों दीपकों से सभा स्थल प्रकाशित था। हजारों लोगों तक प्रवचनों और संचालकों की आवाज बिना लाउडस्पीकर के ही पहुंच रही थी। मोबाइल फोनों पर पूर्ण प्रतिबंध था। उपहार की सैकड़ों चांदी-सोने, पीतल-तांबे और काष्ठ की कलाकृतियां सब हाथ से बनी हुई थी। रात को कुछ प्रमुख मुनियों से आर्यावर्त्त के महावीर स्वामी के स्वप्न और मेरी जन-दक्षेस की धारणा के बारे में भी संवाद हुआ। अब सेतुक का नाम त्रिभुवनहित विजय हो गया है। मुनि के रूप में अब सेतुक से आशा है कि वह भारत में ही नहीं, दक्षेस के सभी 16 पड़ोसी देशों में अहिंसा और अपरिग्रह का संदेश फैलाएंगे।

# पॉक्सो लड़कियों की सुरक्षा का बड़ा हथियार लेकिन उपयोग सही हो

**डॉ. निवेदता शर्मा**

**फिलहाल** 'प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम' रिपोर्ट यह बता रही है कि 99 फीसद घटनाओं में पीड़ित मासूम बच्चियां हैं।अध्ययन बताते हैं कि बाल यौन शोषण के अधिकतर मामलों में पॉस्को लगाया ही नहीं गया। 'बाल यौन अपराध संरक्षण नियम, 2020' का नियम है कि यौन उत्पीड़न के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद विशेष अदालत मामले में किसी भी समय पीड़ित की अपील या अपने विवेक से पीड़ित को राहत या पुनर्वास के लिए अंतरिम मुआवजे का आदेश देंगी । आदेश के पारित होने के 30 दिनों के अंदर राज्य सरकार द्वारा पीड़ित को मुआवजे का भुगतान किया जाना है ।

'बाल कल्याण समिति' (सीडब्ल्यूसी) को यह अधिकार दिया गया है कि समिति अपने विवेक के अनुसार भोजन, कपड़े, परिवहन या पीड़ित की अन्य आकस्मिक जरूरतों के लिये उसे विशेष सहायता प्रदान करने के आदेश दे सकती है। इस तरह की आकस्मिक राशि का भुगतान आदेश की प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर पीड़ित को किया जाएगा। किंतु व्यवहार में ऐसा हो नहीं रहा । जिसे न्याय चाहिए यदि उसे शासन द्वारा निर्धारित पीड़ित प्रतिकर की सहायता ही समय पर नहीं मिल पाए, तब फिर कैसे उसके साथ न्याय होगा ही यह उम्मीद की जा सकती है ? इसी का आगे यह परिणाम होता है कि अक्सर पीड़ितों के अभियुक्त उन पर मुकर जाने का दबाव डालते हैं और ज्यादातर मामलों में सफल होते दिखाई देते हैं।

### न्याय

दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 की धारा 17 के तहत गठित एक सांविधिक निकाय) द्वारा मैपिंग ऑफ नीड्स एंड प्रायोरिटीज: ए स्टडी ऑफ चाइल्ड रेप विक्टिम्स इन दिल्ली द्वारा आयोजित एक नमूना अध्ययन में सामने आए हैं कि 42 फीसद पीड़ित बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया। 50 फीसद बच्चे विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों से पीड़ित थे जो यौन उत्पीड़न से जुड़ी थीं। लगभग 81 फीसद माता-पिता ने कहा कि वे अपने बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, जो बाल बलात्कार के शिकार थे। मुआवजे के संबंध में, अध्ययन से पता चला कि केवल 15 फीसद पीड़ितों को कोई मुआवजा मिला यानी 85 फीसद को मुआवजा नहीं मिला था। इसमें सिर्फ एक बच्चे को सही मुआवजा मिला था।

जबकि 99 फीसद बच्चों को प्रचलित योजना के अनुसार मुआवजा नहीं मिला था और 38 फीसद पीड़ितों को तो कोई कानूनी सहायता ही नहीं दी गई थी।

यहां समझनेवाली बात यह है कि न्याय दिलाने का दायित्व प्रशासन के कंधों पर है। हमने पॉक्सो एक्ट में देखा भी कि 2012 में भारत सरकार ने नाबालिग बच्चों की सुरक्षा के लिए इसे बनाया, फिर साल 2019 में कानून में संशोधन कर दोषियों के लिए मौत की सजा का प्रावधान तक केंद्र की सरकार ने किया, किंतु अपराधी को उसके अपराध की पूरी सजा मिले यह कार्य प्रशासन का है।

प्रशासन से ऐसे में यह अपेक्षा की जाती है कि वह पॉक्सो से जुड़े सभी मामलों में गंभीरता दिखाए क्योंकि बच्चों से ही देश का सुखद भविष्य है। जिन्हें पॉक्सों में निर्धारित पीड़ित प्रतिकर की अत्यधिक आवश्यकता है, उसे वह तत्काल मिले, जिसमें कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की जिम्मेदारी सबसे अधिक है।

# पाकिस्तान अदालत की शरण में न्याय मांगता

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**भारत और** पाकिस्तान के बीच अब ऐसे मामले पर विवाद उठ खड़ा हुआ है, जिसे सारी दुनिया के देश एक आदर्श संधि मानते रहे हैं। अब से 62 साल पहले जवाहरलाल नेहरू और अयूब खान के प्रयत्नों से सिंधु नदी के पानी को लेकर दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि हुई थी, उसका पालन कई युद्धों के दौरान भी होता रहा लेकिन भारत ने अब संधि के नियमों का हवाला देते हुए इसके प्रावधानों को बदलने की पहल की है।

भारत ने पाकिस्तान को 90 दिन का नोटिस दिया है कि दोनों देश मिलकर अब संधि के मूलपाठ में संशोधन करें। संशोधन क्या-क्या हो सकते हैं, यह भारत सरकार ने अभी स्पष्ट नहीं किया है लेकिन जाहिर है कि वह ऐसे नियम अब बनाना चाहेगी कि जैसा तूल इस संधि ने अभी पकड़ा है, वैसा भविष्य में दोहराया न जाए। अभी भारत और पाकिस्तान के बीच जो विवाद चला है, वह इस बात पर है कि पाकिस्तान ने भारत की शिकायत हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में की है और आग्रह किया है कि दोनों के मतभेद पर वह अपना पंच फैसला दे या मध्यस्थता करे।

मूल संधि के अनुसार किसी भी आपसी विवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय अदालत में जाना तीसरा विकल्प है। पहले दो विकल्प हैं- या तो सिंधु आयोग में जाना या फिर किसी तटस्थ मध्यस्थ की सहायता लेना। भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद छिड़ा, दो बांधों को लेकर, जो भारत बनवा रहा था। भारत उन नदियों पर, जिनका ज्यादातर पानी पाकिस्तान जाता है, दो बांध बनवा रहा है। किशनगंगा और रातले पनबिजली योजनाओं से पाकिस्तान अपने लिए बड़ा खतरा महसूस कर रहा है। ये दोनों पनबिजली परियोजनाएं झेलम और चिनाब पर बन रही हैं। पाकिस्तान को डर है कि इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को जाने वाले पानी को न केवल भारत रोकेगा बल्कि बांधों को अचानक खोलकर पाकिस्तान को बाढ़ में डुबाने की कोशिश भी करेगा।

पाकिस्तान ने जब यह आपत्ति की तो सिंधु आयोग कोई फैसला नहीं कर सका। इस आयोग में दोनों देशों के अफसर शामिल हैं। तब पाकिस्तान ने पहल की कि कोई तीसरा तटस्थ व्यक्ति मध्यस्थता करे। पाकिस्तान की यह पहल सिंधु जल संधि के अनुकूल थी लेकिन 2015 में की गई इस पहल को अचानक 2016 में उसने वापस ले लिया। इसका कोई कारण भी उसने नहीं बताया। यह तो संधि की धारा 9 का उल्लंघन है। अब भारत की सहमति के बिना ही पाकिस्तान हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की शरण में चला गया है। इसी से नाराज होकर भारत ने अब पाकिस्तान को 90 दिन का नोटिस दे दिया है लेकिन आश्चर्य है कि हमारे विदेश मंत्रालय ने हेग के न्यायाधीशों को अभी तक संधि के नियमों के इस उल्लंघन के बारे में क्यों नहीं बताया?

बेहतर तो यह होगा कि भारत हेग न्यायालय की मध्यस्थता को ही अस्वीकार कर दे। हेग के न्यायाधीशों ने क्या सिंधु जल-संधि के नियमों को पढ़े बिना ही इस मामले पर विचार करना स्वीकार कर लिया है? विचित्र यह भी है कि एक तरफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भारत से सीधा संवाद करने की बात कहते हैं और दूसरी तरफ संवाद की राह से भटककर अदालत की शरण में जा रहे हैं।


संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
**अविनाश ठाकुर***



**फोन : 94313-55233**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com



R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में किया नामांकन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में यूपीए के प्रत्याशी बजरंग महतो ने मंगलवार को निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने रजरप्पा पहुंचकर माता छिन्नमस्तिके की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत रामगढ़ गये और नामांकन किया। उनके नामांकन में शामिल होने के लिए झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्य के मंत्री आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता,जोबा मांझी, दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र महतो, फागु बेसरा शामिल हुए। नामांकन के बाद बजरंग महतो ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में मेरी जीत होगी। कहा कि मैं जहां भी जा रहा हूं हर तरफ लोगों का समर्थन मुझे मिल रहा है। बजरंग महतो के नामांकन के मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री विधायक दीपिका सिंह पांडे, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक अंबा प्रसाद, सांसद गीता कोड़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयशंकर पाठक, रमा खलखो, मुन्ना पासवान, बलजीत सिंह बेदी, झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, भुन्नू महतो, चित्रगुप्त महतो, पंकज तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



नामांकन करते बजरंग महतो ।

## सुबोधकांत सहाय बजरंग महतो के नामांकन में शामिल होने पहुंचे रामगढ़

पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी बजरंग महतो के नामांकन में शामिल होने के लिये पहुंचे। नामांकन से पूर्व पार्टी प्रत्याशी बजरंग महतो द्वारा रजरप्पा में आयोजित पूजा अर्चना में वे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ शामिल हुए। इसके उपरांत नामांकन में शामिल होने रामगढ़ पहुंचे। नामांकन के बाद पूर्व सांसद ने प्रेस वार्ता किया। जिसमें कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत तय है। पूर्व सांसद ने कहा कि आजसू को यहां की जनता ने 15 वर्ष मौका दिया। इस दौरान आजसू लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में नाकाम रही। इसी कारण 2019 में लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को समर्थन देकर विजय बनाया। ममता देवी लोगों के लिये लगातार कार्य कर रही थीं। जो विपक्ष को बर्दाश्त नही हुआ और उनके विरुद्ध षड्यंत्र रचकर उन्हें फंसाया गया। जिस कारण यहां उपचुनाव हो रहा है। लेकिन उपचुनाव में भी कांग्रेस की यहां जीत होगी।



प्रेस वार्ता करते पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय।

## स्पीड न्यूज

### विभांश ने जेइइ मेंस 99.97 अंक प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**पतरातू।** डीएवी पतरातू के बारहवीं कक्षा के छात्र विभांश कुमार ने आईआईटी जेईई मेंस 2023 में 99.97 अंक लाकर पतरातू का मान बढ़ाया है। विजय कुमार तथा संगीता शर्मा के पुत्र विभांश ने कड़ी मेहनत कर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि इस सफलता के लिए उन्होंने रोजाना 6 से 7 घंटे लगातार पढ़ाई की है। उनकी इस सफलता से डीएवी पतरातू के शिक्षक गण तथा पतरातू के लोगों में हर्ष है। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि हमारे क्षेत्र में इस तरह के बच्चे हैं जो सफलता का परचम लहरा रहे हैं।

### दरवाजा तोड़कर चोरों ने नगदी समेत सामानों की चोरी की

**कुजू।** क्षेत्र के तोपा स्थित मोहन होटल के पीछे का दरवाजा तोड़कर में सोमवार की रात्रि चोरों ने नगद सहित बर्तन व मिठाईयां की चोरी कर चलते बने। इस संबंध में भुक्तभोगी होटल संचालक प्रयाग कुमार गुप्ता ने कुजू ओपी में आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि होटल संचालक प्रयाग कुमार गुप्ता जब मंगलवार की सुबह होटल खोला तो देखा कि पीछे का दरवाजा टूटा है। साथ ही होटल से चोरों ने नगद 22 हजार रुपए, बर्तन व शोकेस में रखी मिठाईयां की चोरी कर ली। उन्होंने छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है।

### 24 फरवरी को माता शबरी जयंती मनाने का लिया निर्णय

**बड़कागांव।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक बड़कागांव में की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन प्रखंड सचिव महावीर राम ने किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 24 फरवरी को माता शबरी जयंती बरवाडीह शिव मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इसके साथ साथ गांव गांव में शराब शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है तभी हमारा समाज विकास हो सकता है क्योंकि भुईयां समाज में शराब को अमृत समझकर सेवन कर रहे हैं और शिक्षा को दुश्मन समझ कर दूर भाग रहे हैं। मौके पर जिला महामंत्री बालेश्वर राम, प्रखंड युवा अध्यक्ष नंदकिशोर भुइया, संजयभुइयां, गिरजा भुईयां, विजय भुइयां, गणेश भुइयां,इंद्र भूषण भुईया सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पक्की नाली व स्लैप निर्माण का उद्घाटन

**बड़कागांव।** प्रखंड के पश्चिमी पंचायत स्थित पक्की नाली स्लैप निर्माण का उद्घाटन बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडेय, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया।मुखिया रंजीत कुमार ने बताया कि नाली व स्लैप का निर्माण शत्रुघ्न महतो के घर से लेकर गड़गड़ीया नदी तक 15 वे वित्त आयोग से किया गया है। इसका प्राक्कलन राशि 4,97,200 था। इसका अभिकर्ता दिलीप कुमार महतो एवं संजय कुमार भारती है। मौके पर मुखिया रंजीत कुमार ने कहा कि बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में विकास के लिए हम सभी प्रयासरत हैं। मौके पर उप मुखिया सत्यदेव कुमार ,कनीय अभियंता खुर्शीद आलम ,रोजगार सेवक दीपक कुमार, वार्ड सदस्य किशोर महतो, शीला देवी, अनीता देवी, शशि तुरी,सुरेंद्र महतो, अभिमन्यु चौधरी, सुनील कुमार, सरोज महतो समेत अन्य मौजूद थे।

### उज्ज्वला फाउंडेशन में 3-3 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य

**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की बैठक बोंगाबार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन फाउंडेशन सदस्य शीला कुमारी ने की। बैठक के दौरान फाउंडेशन द्वारा किए गए अब तक के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही मांडू प्रखंड के सभी पंचायतों से तीन - तीन उज्जवला सदस्य जोड़ने के साथ आगामी 2 मार्च को होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में वीणा कुमारी, आशा कुमारी, शांति देवी व अन्य मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन उपायुक्त ने क्लस्टरों का किया निरीक्षण



निरीक्षण करतीं उपायुक्त माधवी मिश्रा।

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत बनाए जाने वाले विभिन्न क्लस्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्लस्टर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से क्लस्टर का निरीक्षण कर चुनाव के मद्देनजर विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। सुश्री मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ उपचुनाव के दौरान क्लस्टर में पोलिंग पार्टी व पुलिस बल के रुकने हेतु अलग-अलग कमरों एवं चुनाव के मद्देनजर क्लस्टर में बनाए जाने वाले बज्रगृह का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया।

## स्वास्थ्य सहिया संघ का अनिश्चितकालीन धरना जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के आह्वान पर बड़कागांव प्रखंड के स्वास्थ्य संघ ने भी 12 सूत्री मांग के साथ अनिश्चितकालीन धरना पूरे राज्य में स्वास्थ्य सहिया संघ द्वारा 23 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड के भी सहिया संघ द्वारा बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अनिश्चितकालीन धरना जारी है। 12 सूत्री मांग पत्र में प्रति सहिया को प्रोत्साहित राशि 2000 के जगह पर 20,000 मानदेय, सहिया साथी का कार्य दिवस 30 दिन एवं मानदेय 24000, सहिया एवं साथी को राज्य कर्मी का दर्जा देने, सहिया को ईपीएफ तथा पेंशन लाभ देने, एक ठोस सहिया नियमावली विधानसभा से पारित करने, वीएचएसएनडी फंड 10,000 से बढ़ाकर 25000 करने सहित अन्य मांग शामिल हैं। ज्ञात हो कि पूरे राज्य में 42,000 स्वास्थ्य सहिया इस आंदोलन में शामिल हैं जिसमें बड़कागांव प्रखंड से भी 268 स्वास्थ्य सहिया इस आंदोलन को गति दे रहे हैं। आज के धरना में सैकड़ों सहिया शामिल थी। ज्ञात हो कि बड़कागांव प्रखंड के 23 पंचायत को 13 कलस्टर में विभक्त कर प्रतिदिन चार कलस्टर के स्वास्थ्य सहिया धरने में बारी-बारी से शामिल होते हैं।



धरने पर बैठे लोग।

## एक नजर में

### जेएसएलपीएस के माध्यम से बेरोजगार युवक युवतियों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**टाटीझरिया।** प्रखंड के जेएसएलपीएस विभाग के कर्मियों एवं पदाधिकारी गणों ने कहा कि प्रखंड के डहरभंगा,डूमर धर्मपुर,खैरा, झरपो, भराजो, बैडम, टाटीझरिया,आठो पंचायत के विभिन्न गांवो में बेरोजगारी को देखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंर्तगत 18-35 वर्ष के बेरोजगार युवा युवतियों के रोजगार उपलब्ध कराने हेतु 9 फरवरी गुरुवार को रोजगार मेला का आयोजन जिला स्तर पर पुराना सदर प्रखंड नजदीक झिंझिरिया पुल के समीप आमन्त्रित किया गया है। जिसमे इच्छुक युवा युवतियों के लिए निःशुल्क नर्स सिलाई और युवाओं के लिए कम्प्यूटर कोर्स है। 3 माह का प्रशिक्षण ट्रेंनिग के बाद रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। इच्छुक प्रशिक्षणार्थियो को साथ मे आधारकार्ड, बैंक पासबुक, 6 पासपोर्ट साइज फोटो,जाती प्रमाण पत्र आवासीय प्रमाण पत्र के साथ प्रखंड कार्यालय टाटीझरिया के जेएस एलपीएस कार्यालय में उपस्थित होंगे इसके पश्चात उन्हें ट्रेंनिग के लिये चयनीत प्रशिक्षण स्थल पर भेजा जाएगा।

### धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने रूपेश पांडेय को पहली पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत करियातपूर के नईटांड में स्व रूपेश पांडेय के प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर स्व रूपेश पांडेय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 17 वर्षीय बालक रूपेश पांडेय की निर्मम हत्या बहुत ही दर्दनाक एवं पीड़ादायक है। इस घटना की जितनी भी निंदा किया जाए कम होगा। समाज में इस प्रकार की घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। समाज के प्रत्येक बुद्धिजीवी वर्ग का दायित्व है कि इस प्रकार की निंदनीय घटना की पुनरावृत्ति नही हो इसके लिए हमसभी को चौकस रहने की जरूरत है। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई के अधीन है। स्वभाविक है कि सीबीआई पर पूर्ण विश्वास होना चाहिए ताकि इस मामले का जल्द से जल्द उद्भेदन कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का कार्य सफल हो।

### जन जागरण केंद्र की जैव विविधिता प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**दारू।** प्रखंड के इरगा पंचायत भवन में जन जागरण केंद्र द्वारा जैव विविधिता प्रबंधन समिति की प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इरगा पंचायत की मुखिया अनिता देवी ने किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुखिया के साथ प्रशिक्षक अमित कुमार वर्मा,इरगा, दारू, हरली, दिग्वार और बेडम के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने संजुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोगों को यह बताया गया कि कैसे जल, जंगल और जमीन की रक्षा करनी है जंगल से जीव जंतु विलुप्त हो रहे है लोगों को जंगल मे मौजूद जड़ी बूटियों की पर्याप्त जानकारी नही है। गिद्ध सहित कई अन्य प्रजाति के जीव जंतु विलुप्त हो गए है इन्हें फिर से पुर्नरक्षित किये जाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक हीरालाल कुमार मेहता, जनजागरण के सचिव संजय कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह,नारायण दास, महेंद्र राम, राकेश कुमार,दिलीप कुमार, बीरेंद्र कयमर, प्रिया देवी आदि मौजूद थी।

### सवर्ण जातियों को नियोजन में मिलने वाला 10 प्रतिशत का लाभ लेना हुआ मुश्किल

**विष्णुगढ़।** सवर्ण जातियों को नियोजन में मिलने वाला 10 प्रतिशत का लाभ विष्णुगढ़ अंचल के विवाहित महिलाओ के लिए आसान नहीं है। एक सवर्ण कैटेगरी की महिला का आवासिय प्रमाणपत्र पति के पूर्वज के नाम के खतियान से विष्णुगढ़ अंचल जारी करता है, आय प्रमाणपत्र जारी कर सकता है लेकिन ईडब्लूएस प्रमाण पत्र के लिए पिता का खतियान के बैगर नहीं जारी कर सकता है। अंचल के पास ईडब्लूएस प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पिता के खतियान की अनिवार्यता का ना कोई ठोस आधार है और ना ही सरकारी निर्देशित पत्र है। यहां तक की अंचल अधिकारी को खुद भी इसकी जानकारी नहीं है ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कौन से डॉक्यूमेंट सही है, अंचल के अपने कर्मियों से पूछते है या आवेदक से सरकारी पत्र की मांग करते हैं। मामले पर सवर्ण जातियों की चुप्पी अधिकारियों के आगे नतमस्तक को दशार्ता है। वहीं आंदोलनकारी नेताओं के लिए समाजसेवी व नेता सह बीस सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव ने मामले को डीसी नैंसी सहाय के समक्ष रखने की बात कही है।

## बीमा धारकों के लिए हितकारी सिद्ध होगा यह केंद्र : किशन राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा सदन के समीप मेन रोड भुरकुंडा में मंगलवार को भारतीय जीवन बीमा निगम के बीमा धारक केंद्र का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीएमएन किशन राम ने फीता काटकर किया। मौके पर किशन राम ने कहा कि बीमा धारकों की सुविधा के लिए यह केंद्र खोला गया है। ताकि बीमा धारकों को पैसा जमा करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उन्हें तत्काल ऑनलाइन की रसीद दी जा सके। उन्होंने कहा कि यह केंद्र बीमा धारकों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। राम ने जिन्द्गी के बाद भी जिन्द्गी के साथ भी का नारा बुलंद करते हुए अधिक से अधिक लोगों को एलआईसी की सुविधा लेने की अपील की। वहीं संचालक रवि गोस्वामी ने कहा कि इस केंद्र में बीमा धारकों के सुविधा का पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि बीमा धारकों की संतुष्टि ही केंद्र की पहचान व प्राथमिकता भी होगी। गोस्वामी ने बताया कि इस केंद्र में नया पॉलिसी करने सहित पॉलिसी पर लॉन देने की भी सुविधा उपलब्ध है। उदघाटन के मौके पर निष्कर्ष एडीएम रांची, एलआई भुरकुंडा शाखा के ब्रांच मैनेजर अरविंद सिंह, अपर्णा गुप्ता, धनंजय कुमार, सुनील कुमार पांडेय, घनश्याम वैध, मनोज तिवारी, विश्वनाथ कुमार, प्रवीर चटर्जी, बालेश्वर प्रजापति, बीरेंद्र सिन्हा, संजय सिंह आदि सीएलआईए सहित सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय, पंसस रोहित सोनी, तरुण कुमार आदि मौजूद थें।



केंद्र का उद्घाटन करते मुख्य अतिथ किशन राम

## 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्यों ने डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जाते बीस सूत्री समिति इकबाल रजा व अन्य।

**बरही।** प्रखंड के 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष इकबाल रजा एवं समिति के सदस्यों ने हजारीबाग उपायुक्त को एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के प्रति उदासीन एवं उपेक्षापूर्ण रवैया का आरोप लगाया है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है कि समिति के अध्यक्ष द्वारा लिखित एवं मौखिक तौर पर कई बार बरही बीडीओ को सूचित किया गया है लेकिन इनके उदासीन रवैया एवं विपक्षी पार्टी के राजनीतिक दबाव के कारण विभागीय बैठक नही की जा रही हैं। समिति के प्रति इनकी उपेक्षापूर्ण रवैया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बरही बीडीओ एवं सीओ को उनके कार्यालय एवं विकास योजनाओं से संबंधित जानकारी लिखित तौर पर 30 नवम्बर 2022 को मांगा गया था लेकिन अब तक समिति को उपलब्ध नहीं कराया गया है। जो इनके कार्य के पारदशीर्ता पर प्रश्न चिन्ह लगाती है।

## मजदूरों की समस्याओं का जल्द समाधान करे प्रबंधन : संजय मिश्रा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी ने मंगलवार को क्षत्रिय सचिव संजय मिश्रा के नेतृत्व में बरका-सयाल जीएम को 25 सूत्री मांग पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से यूनियन ने क्षेत्र के सभी परियोजनाओ में ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में डिजिटल एक्सरे मशीन लगाने, क्षेत्र में विद्युत शवदाह गृह बनाने, वेतन भुगतान से 7 दिन पहले पेमेंट स्लिप देने, सभी अस्पतालों में डॉक्टर एवं समुचित दवाओं की व्यवस्था करने, असंगठित मजदूरों को हाई पावर समिति के फैसले के अनुसार वेतन का भुगतान करने की मांग की गई। यूनियन की मांग पत्र क्षेत्रीय उप कार्मिक प्रबंधन बंदना लाल ने स्वीकार किया। मांग पत्र सौंपने वालों में क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, महाप्रबंधक यूनिट सचिव शिव नंदन दास, क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य कमलेश कुमार, शैलेश कुमार, रामप्रसाद, राजीव रंजन आदि शामिल थे।

## वन विभाग ने तीन ट्रक सहित चालक उपचालक को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कोयला का हेर-फेर क्षेत्र में काफी तेजी से फलने-फुलने लगा है। साथ ही कोयला तस्कर चांदी काट रहे है। इस पर कुछ हद तक वन विभाग ने क्षेत्र के बुढ़ाखाप स्थित आलोक स्टील फैक्ट्री के समीप से स्टीम कोयला लोड तीन ट्रकों को जब्त कर सफलता हासिल किया। साथ ही मौके से तीन चालक व तीन उपचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि बालूमाथ तेतरियाखार से कुजू साइडिंग के लिए ही ट्रक संख्या जेएच19ए-9664, जेएच19बी-8600, जेएच19ए-9848 कोयला लेकर चले थे। लेकिन ट्रक के चालक व कोयला तस्करों के सांठ-गांठ से कोयला को कुजू साइडिंग में न गिकराकर आलोक स्टील फैक्ट्री गिराने चले गये। जिसकी खबर जैसे ही वन विभाग को मिली त्ववरित कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री गेट से करीब 100-200 मीटर दूरी पर ही तीनों ट्रकों को रोक दिया। जब चालकों से कागजात की मांग किया तो उनके दिखाये कागजात पर उक्त कोयला को कुजू रेलवे साइडिंग में गिराना था। लेकिन वह लोग फैक्ट्री में गिराने के लिए जा रहे थे। इसके बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए ट्रकों को जब्त कर चालक व उप चालक उमेश सिंह, सूरज सिंह, प्रेम कुमार मुंडा, सागर मुंडा, सुरेश यादव व राजन यादव गिरफ्तार किया। छापामारी में डीएफओ नीतिश कुमार, रेंजर केदार राम, रंजीत कुशवाहा, पवन कुमार अग्रवाल, देवेंद्र धर, आनंद कुमार, यशवंत कुमार, दिवेदूं कुमार, सुरेश कुमार, अशोक पंडित आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय कवि संगम की बैठक में झारखंड के प्रतिनिधि हुए शामिल

सरोज झा झारखंडी को मिला विशेष सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कवि संगम की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक 4-5 फरवरी को अयोध्या (उप्र) स्थित होटल ष्णा पैलेस में संपन्न हुई। इसमें झारखंड की ओर से प्रांतीय महामंत्री सरोज झा झारखण्डी, वरीय उपाध्यक्ष चंद्रिका ठाकुर देशदीप और प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तम कुमार ने प्रतिनिध के रूप में भाग लिया। बैठक में देश के 25 प्रांतों से प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इसमें राष्ट्रीय कवि संगम अपनी थीम राष्ट्र जागरण धर्म हमारा के भावी योजनाओं को लेकर गंभीर चिंतन मनन किया। वहीं अक्टूबर 2023 में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय राम उत्सव की तैयारी को ले विभिन्न आयामों में बड़ी सार्थक और वृहद चर्चा हुई। जिसमें राकसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री ड अशोक बत्रा, राष्ट्रीय सलाहकार राजेश चेतन सहित कई राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल थें। विराट कवि सम्मेलन में सरोज झा झारखण्डी को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में हरि ओम पवार, अर्जुन सिसौदिया, ड अशोक बत्रा, राजेश चेतन, अशोक भाटी, कवि सुमित ओरछा सहित देश भर से 25 कवि शामिल थें। राष्ट्रीय बैठक में शामिल होने और सरोज झारखण्डी को विशेष सम्मान मिलने पर झारखंड प्रांत की पूरी टीम ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देनेवालों में प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़, राकेश नाजुक, दिनेश रविकर, रवि शंकर उपाध्याय, श्याम कुंवर भारती, जीवन कुमार, ड सुरिंद्र कौर नीलम, मीना बंधन, प्राची झा, सुदीप अग्रवाल, निवेदिता श्रीवास्तव, किरण राज, ड सुबोध सिंह शिवगीत, रोहित अम्बष्ट, सुमन कुमार चाहत, अमित कुमार, विक्रांत मोहन, शंकर अग्रवाल आदि शामिल हैं। दो दिवसीय बैठक को सफल बनाने में होटल ष्णा पैलेस के अशोक कुमार सिंह के समस्त परिवार का विशेष योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में अवध प्रांत में अध्यक्ष रवि तिवारी और अयोध्या जिला के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने अहम भूमिका निभाई।



राष्ट्रीय बैठक में उपस्थित प्रांतीय प्रतिनिधि।

## रजरप्पा : कक्षा द्वादश के छात्रों को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को कक्षा एकादश के छात्रों द्वारा कक्षा द्वादश के भैया-बहन, जो 2023 के सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे उनके लिए दीक्षा सह विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष सुनिल सिन्हा, चंद्रशेखर चौधरी सह सचिव सुधाकर सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष झा, प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्रों को अपने संबोधन में प्राचार्य ने विद्यालय में मिले शिक्षा एवं संस्कार को आत्मसात करने की सीख दी। सहसचिव सुधाकर सिंह ने शिक्षाप्रद श्लोकों के माध्यम से कठिन परिस्थितियों में भी न घबराने तथा उसका मुकाबला करने को कहा। सुनील सिन्हा ने एकाग्र भाव से व्यवस्थित दिनचर्या रखकर निकट परीक्षा की तैयारी में लगने की बात कही. वहीं आशीष झा ने परीक्षा में सफलता के सूत्र बताए। द्वादश के कक्षाचार्य राकेश कुमार सहाय ने सफल जीवन के सूत्रों की विवेचना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कक्षा एकादश की ओर से द्वादश के भैया-बहनों को उपहार भी दिए गए तथा सामूहिक जलपान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि परिचय आचार्य बचुलाल तिवारी तथा संचालन गायत्री कुमारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य- आचार्या उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मौजूद समिति के लोग।

## स्पीड न्यूज

### लापता बच्ची को लेकर मिशन बदलाव ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**गुमला।** मिशन बदलाव के सदस्यों ने गुमला थाना में बच्ची की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया है। चैनपुर प्रखंड के सोकराहातु निवासी स्व. गणेश अहीर की नाबालिग पुत्र पिछले एक सप्ताह से लापता है। बच्ची के परिजनों ने बताया कि बेटी को खोजते हुए वे लोग थक चुके है। अभी तक कुछ पता नहीं चल पा रहा है। बेटी की सुरक्षा को लेकर हम बहुत चिंतित है। मिशन बदलाव टीम ने पुलिस प्रसाशन से आग्रह किया है कि बच्ची को जल्द से जल्द खोज निकाले। जिससे बच्ची के साथ कोई अनहोनी घटना न घटे। मिशन बदलाव सदस्य विनय गोप ने बताया कि मुनिता कुमारी को टीम के तरफ से संपर्क करने की कोशिश किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई है। इस अवसर पर जिला सचिव सैयदा खातुन,नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी,बसिया प्रखण्ड अध्यक्ष लखन गोप और मिशन बदलाव सदस्य बिनय गोप उपस्थित थे।

### वीमेंस अंडर_19 टीम का हुआ चुनाव



लोहरदगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बी एस कॉलेज मैदान में वीमेंस अंडर-19 टीम का ट्रायल किया गया।इसमें करीब 18 लड़कियों ने भाग लिया। परीक्षण और प्रशिक्षण के बाद 16 लड़कियों का शॉर्टलिस्ट किया गया ।जो अंतर जिला अंडर 19 टूनार्मेंट खेलने के लिए 10 फरवरी 2023 को बोकारो के लिए रवाना होगी। जहां ग्रुप डी का मैच खेला जाएगा इस ग्रुप में रांची ,लोहरदगा, सिमडेगा और रामगढ़ को रखा गया है। लोहरदगा का पहला मैच 11 फरवरी को खेला जाएगा।लोहरदगा के टीम में इशिका भगत ( कप्तान),प्राची वी पॉल,प्रीति आनंद,हंसिका कुमारी,राज लक्ष्मी, अदिति जया,सोनाली साहू,प्रियंका कुमारी,अनीशा कुमारी,सूची यादव,विनीता कुमारी,सुप्रिया राही,रिंकी कुमारी,किरण कुमारी, प्रिया एक्का शामिल है।

### अवैध बालू पर लगायें रोक : डीसी



**लोहरदगा।**उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने अचंलवार अवैध बालू उठाव की समीक्षा की। साथ ही सभी अंचलाधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में अवैध रूप से बालू उठाव को कड़ाई से रोके जाने, थाना से समन्वय स्थापित कर नियमित छापामारी करने व दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बालू घाट, स्टॉक की स्थिति, डीएसआर समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निर्देश खनन पदाधिकारी को दिए। बैठक में एसपी आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, खनन पदाधिकारी जिला खनन पदाधिकारी राजा राम, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### लोहरदगा के व्यापारियों ने कृषि कानून के विरोध में किया प्रदर्शन



लोहरदगा। व्यापारियों ने झारखंड सरकार द्वारा पारित कृषि कर कानून के विरोध करते हुए काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन । लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल ने कहा कि कि उक्त कानून का पालन करना बहुत ही जटिल व भयावह वातावरण उतपन्न कर देगा। पूरा राज्य में भ्ष्टार्चार और अफशरशाही का बोलबाला हो जायेगा। क्योंकि हम जैसे ही कृषि उपज या पशुधन पांच कविंटल से ज्यादा का खरीद बिक्री करते है तो हमे बाजार समिति का लाइसेंस लेना अनिवार्य हो जाएगा एवं 2फीसदी कृषि कर देने के साथ साथ विभिन्न अनुज्ञप्ति को भी भरना होगा एवं इसे सम्भालकर अपने पास रखना होगा, थोड़ी सी चूक में कृषि कर अफसरों के द्वारा व्यापारियों का भयादोहन शुरू हो जायेगा। चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार व फेडरेशन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के साथ साथ सम्पूर्ण व्यापारीवर्ग तथा कार्यकरिणी समिति ने रक स्वर में कहा कि जबतक यह काला कानून हेमन्त सरकार द्वारा वायस नहीं लिया जाता तथा बाजार समिति भंग नहीं किया जाता है तबतक झारखण्ड फेडरेशन के निर्देशानुसार अनावरत विरोध व आंदोलन होते रहेगा। प्रदर्शन में फेडरेशन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो, अभय अग्रवाल, लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव राकेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, पंकज कुमार जायसवाल, सह सचिव अनीश मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य चंदन गोयल, उत्तम कुमार एवं सदस्य विकास अग्रवाल, आशीष मित्तल, कुशल मित्तल, मनीष कुमार गुड्डू, गुणा साहू, लवकुश कुमार, अमित सोनी, संदीप अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल व अन्य उपस्थित थे।

# मिरचाय पाठ गांव के लोगों का जीवन बदहाल

नीतिश कुमार केसरी

- मुखिया व बीडीओ की पहल पर खुला बंद पड़ा स्कूल, पर गांव में जाने के लिए नहीं है सड़क
- पहाड़ों से गिरने वाले पानी पीते हैं लोग, बिजली भी नहीं पहुंची
- झारखंड व छतीसगढ़ के बॉर्डर पर बसा है मिरचाय पाठ गांव



स्कूल खुलने के बाद बच्चों को किताब देते मुखिया।

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी प्रखंड का मिरचाय पाठ गांव मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। जहां जाने के लिए एक बेहतर सड़क भी नहीं हैं। जहां के लोग आज भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बांट जो रहे हैं। वहां के बच्चे तीन साल से स्कूल नहीं खुलने के कारण शिक्षा से भी दूर थे। गांव के मुखिया व बीडीओ एकता वर्मा के प्रयास से फिर से बंद पड़े विद्यालय को आरंभ किया गया। विद्यालय में 18 बच्चों का नामांकन कर उन्हें पुस्तक प्रदान की गई। विद्यालय में एक से पांच तक कक्षा संचालित होगा।

फिलहाल एक शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे। मिरचाय पाठ गांव झारखंड व छतीसगढ़ राज्य के बार्डर पर बसा डुमरी प्रखंड का अंतिम इलाका है। जहां झारखंड सरकार की सुविधाओं का लाभ मिरचाय पाठ के लोगों को कम मिल पाता है। छतीसगढ़ राज्य की सड़कों, अस्पतालों सहित कई सुविधाओं का लाभ मिरचाय पाठ के लोग लेते हैं। केवल नाम मात्र के लिए इस क्षेत्र के लोग झारखंड राज्य के अंतर्गत आते हैं। आज भी मिरचाय पाठ गांव के लोगों को शुद्ध पानी नसीब नहीं है। पहाडों से उतरने वाले पानी पर उनका जीवन निर्भर करता है। वहीं एक किलो मीटर दूर चुंआ में जमा होने वाले दूषित पानी का उपयोग पीने में करते हैं। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि गांव-गांव में बिजली पहुंचाने का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का पोल इस गांव में खुल जाता है। जहां के लोगों को आज तक बिजली भी नसीब नहीं हुई है। मरचाय पाठ के ग्रामीण जिले के मुखिया को पूर्व में ज्ञापन सौंपकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की थी। लेकिन शायद ज्ञापन लेने के बाद जिले के मुखिया के जेहन से उनकी मांगे उतर गई और वे अपने फटेहाल जीवन में ही जीने को विवश हैं। जबकि जिले में डीएमफटी फंड से अनगित काम किये जा रहे हैं। लेकिन शायद डीएमएफटी फंड से भी मिरचाय पाठ के लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कोई पहल नहीं की गई। हाल ही में लगे जनता दरबार में बीडीओ को ग्रामीणों ने आवेदन सौंपकर गांव के बंद पड़े विद्यालय, पेयजल की व्यस्था करने व बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। जिसमें लंबे समय बाद मुखिया संजय उरांव के आगे आने के बाद बीडीओ ने भी स्कूल खोलने में दिलचस्पी दिखायी।

# 10 हजार हेक्टेयर जमीन पर होगी रागी की खेती

**गुमला जिले के सभी पंचायतों में मीलेट मित्र व श्री अन्न मित्र करेंगे रागी की खेती से लेकर मार्केटिंग तक के हर चरणों में सहयोग**

खबर मन्त्र संवाददाता

### जेएसएलपीएस की बैठक में उपायुक्त ने दिया लक्ष्य



अधिकारियों के साथ बैठक करते गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में रागी मिशन अंतर्गत चल रहे कार्य योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रागी प्रोसेसिंग से लेकर पैकेजिंग तथा मार्केटिंग से संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने अब तक रागी के प्रोसेसिंग में हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत और भी नए तरीकों का इस्तेमाल करते हुए इसे सफल बनाने पर कार्य करना है। उपायुक्त ने रागी से आटे एवं रागी के नूडल्स बनाने हेतु जेएसएलपीएस की दीदियों को अच्छी ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रोसेसिंग के साथ साथ पैकेजिंग भी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। जिसपर विषेश ध्यान देने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने एक बेहतर टीम का गठन करने एवं अन्य संबधित विभाग तथा केवीके से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। इस वर्ष रबी की खेती में 10 हजार हैक्टेयर जमीन पर रागी की खेती करने का लक्ष्य देते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी भी इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु मॉनिटर करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत भी सभी ग्रामों में रागी की बीज का वितरण करते हुए रागी की खेती करने हेतु लोगो को जागरूक करें।

उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि रागी प्रोसेनिंग से बनने वाले उत्पादों की जांच जिले के खाद्य वैज्ञानिकों द्वारा किया जाए एवं उत्पादन में मूल्य संवर्धन करें। उन्होंने प्रत्येक पंचायत में श्री अन्न मित्र अथवा मिलेटे मित्र बनाते हुए ग्रामीण स्तरों पर जा कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही किसानों की 5 चरणों में सहायता करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच बीज वितरण से लेकर पैकेजिंग, प्रोसेसिंग तथा मार्केटिंग आदि में हर प्रकार की सहायता प्रदान मिलेट मित्रों के द्वारा किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से परियोजना निदेशक पीडी आईटीडीए, एसडीओ सदर, सहायक समाहर्ता , जिला कृषि पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यशाला आयोजित

**गुमला।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु कुल संरचनाओं के आंकलन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के द्वारा किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज दो वित्तीय वर्ष 2020-21 से प्रारंभ किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक सम्पूर्ण ग्राम स्तरों पर मिशन मोड में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य विभिन्न विभागों के अभिसरण यथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा अन्य विभागों से किया जाना है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाना है। इसी उद्देश्य के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए संरचनाओं का आकलन कर विलेज सेनिटेशन सैचुरेशन प्लान तैयार किया जाना है। उपायुक्त ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी। साथ ही सभी प्रखंड के मुखिया, जल सहिया इस योजना को सफल बनाने हेतु जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। 7 से 25 फरवरी तक सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वार अभियान चलाते हुए सभी ग्रामों में जाकर वहां की संरचनाओं के आंकलन तैयार करते हुए जिला स्तरीय योजना तैयार करेंगे। जिसके आधार पर कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 31 मार्च से पूर्व सभी गांव को कम से कम 3 स्टार रेटिंग घोषित करना है। जिसके लिए युद्ध स्तर पर सभी बीडीओ एवं संबंधित अधिकारी व कर्मियों को कार्य करने का निर्देश दिया।

### जेईई मेंस में डीएवी स्कूल के बीस छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गुमला।** जेईई मेन्स प्रथम फेज की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के 20 से ज्यादा विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें प्रिंस राज भगत ने 88.53, अथर्व जयसवाल ने 84.45, जय कुमार ने 80.12 परसेंटाइल प्राप्त किया है। वहीं अभिषेक राज, प्रभात कुमार, बजरंग साहू, निखिल राज, हर्ष कुमार सोनी, अंजनी जयसवाल, ऋषभ राज ,सलिल लकड़ा, ईषा घोष,सुमित राज, वसुंधरा आर्या, उत्कर्ष सिन्हा, ऐश्मान्या निशि,प्रियांशु कुमार, कशिश कुमारी, अभय भगत, आयुष राज ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था तथा लगातार प्रयास के कारण यह सुखद परिणाम प्राप्त हुआ है।

प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि का श्रेय अभिभावकों के सहयोग, विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया ह। .इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष श्री विनय कुमार लाल , शिक्षक श्री पवित्र कुमार,श्री जीवन कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# ऋषिकेश मिश्रा को मिली मानद उपाधि

**दिल्ली में कैंब्रिज इंटरनेशनल ऑनलाइन ओपन यूनिवर्सिटी से 12 लोगों को मिला सम्मान**



**गुमला।** कैंब्रिज इंटरनेशनल ऑनलाइन ओपन यूनिवर्सिटी कनाडा द्वारा भारत के कुल 12 विभूतियों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। जिसमें झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड के रहने वाले सामान्य परिवार के ऋषिकेश मिश्रा भी शामिल है। कैंब्रिज अंतरराष्ट्रीय ओपन विश्वविद्यालय के डीन व डॉयरेक्टर सैयद नुसरत जफर की अध्यक्षता में नई दिल्ली के होटल सूर्या में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर की मानद उपाधि पाने वाले कुल 12 विभूतियों को यूनिवर्सिटी के डीन सैयद नुसरत जफर ,मुख्य अतिथि इमरान हाशमी मंत्री दिल्ली राज्य सरकार ,मो आमीन पूर्व निदेशक चुनाव आयोग भारत सरकार, डॉ जावेद अख्तर प्रोफेसर मुख्य निबंधक एवं उपकुलपति अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ,डॉक्टर बी पी सिंह उप निदेशक एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार ,डॉ डीके शर्मा पूर्व निदेशक मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार, डॉ नीरज गुप्ता पूर्व चेयरमैन स्टैंडिंग कमिटी एनडीएमसी ,डॉ गौरव गुप्ता चेयरमैन व्यापार एवं तकनीकी प्रबंधन ,श्री सतीश जैन चेयरमैन ,एडवोकेट जे एस रावत वकील ऑफ रिकॉर्ड सर्वोच्च न्यायालय, आरके गुप्ता चेयरमैन ग्लोबल ब्यापार व तकनीकी कौशलनिदेशक ,श्रीमती भावना गुप्ता निदेशक समेत कुल 9 डॉक्टरों की टीम ने दीक्षांत समारोह में देश के कुल 12 लोगों को सम्मान प्रदान किया। मानद उपाधि पाने वाले कुल 12 लोगों में अमित सिंघल ,प्रवीण कुमार, अनिता अलसी ,अमित महेंद्रु, कैप्टन अनिल महेंद्रु ,जावेद अहमद , विनय रोहिल्ला ,ऋषिकांत मिश्रा ,जमशेद इकबाल खान ,मोहम्मद वाहिद कुरेशी ,इमरान हुसैन ,मनोज मदान के नाम शामिल है।

## एक नजर में

### घाघरा में हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार



घाघरा। घाघरा पुलिस ने देसी कट्टा व जिंदा गोली के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवकों में बांडोटोली निवासी जीवन नायक व दिनेश नायक शामिल है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पता चला था कि कोटामाटी से बेती जाने वाले रास्ते में दो युवक हथियार लेकर घूम रह है। जिसके बाद टीम गठित कर उक्त रास्ते पर पुलिस को भेजा गया तो पुलिस की गाड़ी देख दोनों भागने लगे। जिन्हें पुलिस जवानों ने दौड़ाकर पकड़ा और जांच की गई तो जीवन नायक के कमर से एक देसी कट्टा व एक 315 बोर की जिंदा गोली मिली। जिसके बाद दोनों को घाघरा थाना लाया गया। जहां दोनों से पूछ ताछ की गयी। दोनों युवकों ने बताया कि आठ हजार में देसी कट्टा खरीदे थे और योजना बनाये थे कि क्षेत्र में जहां भी ठेकेदारी काम चल रहा है उस जगह से लेवी व रंगदारी के तौर पर पैसे लेने की योजना थी। सोमवार को बाजार का दिन था बाजार में घूमने के बाद किधर ठेकेदारी का काम चल रहा है यह पता कर रहे थे ताकि रंगदारी पैसा लिया जा सके।

### एसपी ने किया गुमला थाने का निरीक्षण



गुमला। पुलिस अधीक्षक डाक्टर ऐहतेशाम वकारिव ने मंगलवार को गुमला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना में संधारित होने वाले सभी प्रकार के पंजी व संचिकाओं जैसे मालखाना पंजी, स्टेशन डायरी, सिरिस्ता पंजी, बीट पंजी इत्यादि का जांच किये। जिसमें लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए एसपी ने उसके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही महिला थाना एवं एससी-एसटी थाना के निमार्णाधीन भवनों का निरीक्षण किया। एसपी ने कहा कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद थानों को शिफ्ट किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

### सिसई में स्कूटी से गिरकर युवक घायल

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के रेडवा पुल के समीप स्कूटी सवार युवक 23 वर्षीय अभिक मिंज गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पालकोट दमकारा निवासी 23 वर्षीय अभिक मिंज अपनी बहन के घर पिलखी मोड में रहता है। वहीं युवक स्कूटी में सवार होकर पोजेंगा आधार कार्ड बनवाने गया था। जहां वापसी के क्रम में रेडवा स्थित पुल के समीप गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक के सर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई है। जहां डॉक्टरों की देखरेख में सदर अस्पताल गुमला में इलाज चल रहा है।

### ब्यूटी वेलनेस का दिया गया प्रशिक्षण



**गुमला।** संत तुलसीदास प्लस टू उच्च विद्यालय सिसई के छात्र-छात्राओं को मंगलवार को व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत ब्यूटी वैलनेस का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। एक्सप्रेशन यूनीसेक्स सैलून बड़ाइक मुहल्ला गुमला में ब्यूटीशियन श्रीमती आशा ठाकुर ने छात्राओं को कई जानकारी प्रशिक्षण के दौरान दी। जहां हेयर ट्रीटमेंट जैसे हेयर स्पा, हेयर स्मूथनिंग, हेयर केरेटिन अथवा फेस ट्रीटमेंट जैसे फेशियल, ब्लीच, ओजोन ट्रीटमेंट गैलवेनिक ट्रीटमेंट का प्रायोगिक कर दिखाया गया एवं मौखिक टिप्स भी दिया गया। ब्यूटी वैलनेस का प्रशिक्षण विद्यालय के शिक्षिका किरण कुमारी द्वारा कराया गया। जिसमें बालको की संख्या 40 और बालिकाओं की संख्या 50 थी। इस प्रशिक्षण में कपूरीं ठाकुर ने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जिस व्यवसाय को सामान्य वर्ग एवं निम्न वर्ग के लोग भी रोजगार की दृष्टि एवं शौक से अपना रहे हैं।

### डाक विभाग के कर्मियों ने निकाली रैली



गुमला। डाक विभाग गुमला प्रमंडल के द्वारा गुमला शहर में सुकन्या समृद्धि खाता के प्रचार प्रसार हेतु मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें डाक अधीक्षक गुमला श्री मनीष श्रीवास्तव, डाक निरीक्षक गुमला श्री विनय कुमार, पोस्ट मास्टर गुमला प्रधान डाकघर रुपेश चंद्रा, एस एस ठाकुर मार्केटिंग एक्सक्यूटिव गुमला मंडल एवं अन्य कर्मचारी शामिल हुए। इस संदर्भ में लोगों को सुकन्या समृद्धि खाते की विशेषताएं बताई गई और अधिक से अधिक बढ़ चढ़कर बच्चों का खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रयोजन के तहत गुमला सिमडेगा एवं लोहरदगा जिला अंतर्गत सभी डाकघरों में 7 से 9 फरवरी 2023 को सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

### फरार वरांटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चैनपुर।** लोहरदगा जिले के बगडू थाना पुलिस व गुमला जिला के चैनपुर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पिछले कई वर्षों से फरार लाल वारंटी अफसर खान पिता शहीद खान को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। अभियुक्त मूल रूप से लोहरदगा जिले के बगडू थाना के चरहू गांव का रहने वाला है। जिसके खिलाफ गुमला थाना में भी लूट एवं डकैती का मामला दर्ज है और वह फरार था। चैनपुर के ठाकुर बस्ती में फिलहाल वह रह रहा था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया।

# भंडरा : एक छत के नीचे तीन स्कूल, 1340 विद्यार्थी पर 20 शिक्षक

संदीप कुमार गुप्ता

**लोहरदगा जिले के कई स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी**



**भंडरा (लोहरदगा)।** प्रखंडों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की हालत का अंदाजा सहजता से लगाया जा सकता है कि भंडरा प्रखंड में एक छत के नीचे तीन स्कूलों का संचालन हो रहा है। तीन विद्यालयों में 1340 विद्यार्थी नामांकित हैं, लेकिन पढ़ाने वाले शिक्षक महज 20 हैं। एक शिक्षक पर 67 विद्यार्थियों का दबाव है। जबकि नियमानुसार 35-40 विद्यार्थी पर एक शिक्षक होना चाहिए। सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को लेकर यूं ही सवाल नहीं उठता है। न तो शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था और न ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था, ऐसे में विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर सवाल तो उठेगा ही। भंडरा प्रखंड में एक ही छत के नीचे तीन-तीन स्कूलों का संचालन हो रहा है। राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता ठीक नहीं है। भले ही सरकार शिक्षा व्यवस्था को ठीक करने के नाम पर कोई जतन कर ले। भंडरा प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था की अलग ही कहानी है। भंडरा में कहीं शिक्षक है, तो बच्चों को पढ़ने के लिए भवन नहीं है। कहीं भवन है तो शिक्षक नहीं है। भंडरा प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय का भी कुछ ऐसा ही हाल है। भंडरा के लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण तीन-तीन विद्यालय का संचालन एक ही छत के नीचे हो रहा है। प्रोजेक्ट बंसीधर कन्या उच्च विद्यालय, माडल विद्यालय और लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय का संचालन एक ही विद्यालय के छत के नीचे हो रहा है। इसके बाद भी शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। प्रोजेक्ट बंसीधर कन्या उच्च विद्यालय में शिक्षकों के 10 पद स्वीकृत हैं। जिसमें महज एक शिक्षक नियुक्त हैं। जबकि मॉडल विद्यालय भंडरा में शिक्षकों का छह पद स्वीकृत है। जिसमें नियुक्त शिक्षकों की संख्या शून्य है। इसके अलावे लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय भंडरा में वर्ग नौ से लेकर बारहवीं में 964 बच्चे नामांकित है। जिसमें शिक्षकों के कुल 22 पद स्वीकृत हैं। जिसमें सिर्फ 16 शिक्षक नियुक्त हैं। ऐसे में प्रोजेक्ट बंसीधर कन्या उच्च विद्यालय भंडरा में वर्ग नौ से दस तक के नामांकित 360 बालिकाओं व मॉडल विद्यालय में नामांकित 22 बच्चों का पठन-पाठन लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय भंडरा के शिक्षकों के भरोसे चल रहा है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। प्रोजेक्ट बंसीधर कन्या उच्च विद्यालय में एक शिक्षक थे वे भी नवंबर 2022 में वह भी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ऐसे में प्रोजेक्ट बंसीधर कन्या उच्च विद्यालय व मॉडल विद्यालय भंडरा में शिक्षकों की संख्या शून्य हो गई है। प्रोजेक्ट विद्यालय मे दो शिक्षक दूसरे विद्यालय से जबकि दो शिक्षक लाल बहादुर शास्त्री से प्रतिनियुक्त किया गया है।

भंडरा प्रखंड में शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावकों ने बच्चों का नाम निजी विद्यालय में दर्ज कराया, जबकि विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई बार पत्र भेजकर विभाग को अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है। शिक्षकों की कमी के कारण ही मॉडल विद्यालय में दिन प्रति दिन नामांकित बच्चों की संख्या कम होती जा रही है। लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू के प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण तीन विद्यालय के बच्चों को एक ही छत के नीचे पढ़ाया जा रहा है। साथ ही भवन की भी समस्या थी, पर अब प्रोजेक्ट बंसीधर कन्या उच्च विद्यालय का भवन बन गया है। उसे दूसरे भवन में शिफ्ट कराया जाएगा, परंतु जब तक शिक्षकों की कमी दूर नहीं हो जाती। तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू के शिक्षकों से ही मॉडल विद्यालय व प्रोजेक्ट बंसीधर कन्या उच्च विद्यालय का संचालन किया जाएगा। शिक्षकों की कमी को लेकर विभाग को भी अवगत कराया गया है। एक साथ तीन विद्यालय का संचालन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### शिक्षा अधीक्षक ने किया कई स्कूलों का निरीक्षण




**गुमला।** जिला शिक्षा अधीक्षक वसीम अहमद ने मंगलवार को कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कई स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित पाये गये जबकि बच्चों की अच्छी खासी उपस्थिति देखी गई। अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ डीएसई ने कार्रवाई करने की बात कही। सबसे पहले राजकीय मध्य विद्यालय लुटो पनसो डीएसई पहुंचे। जहां 8:30 बजे तक विद्यालय का गेट बंद पाया गया। 8:50 में स्कूल का गेट खुला तो बच्चे व शिक्षक विद्यालय पहुंचे। वहीं एक शिक्षक निरंजन प्रसाद विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये। जिनका हाजिरी डीएसई ने काट दी। वहीं मध्याह्न भोजन का मेन्यू विद्यालय में अंकित नहीं पाकर डीएसई ने नाराजगी व्यक्त की। जहां से डीएसई नव प्राथमिक विद्यालय लुटो बरटोली पहुंचे। जहां काफी संख्या में विद्यार्थी थे लेकिन एक भी शिक्षक उपस्थित नहीं थे। वहीं विलंब से स्कूल पहुंचे पारा टीचर को डीएसई ने फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण की मांग की। जिसके बाद डीएसई ने खरका विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में जांच के क्रम में पाया गया कि पाठ योजना का संधारण नहीं किया गया है। वहीं छात्र अनुपात में रसोईया की कमी को देखते हुए रसोईया उपलब्ध कराने का प्रधानाध्यापिका को डीएसई ने अश्वासन दिया।

स्पीड न्यूज



## निपीयन क्रायो कंपनी के मजदूरों में रोष

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के लार्ज सेक्टर स्थित निपीयन क्रायो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्लांट दो में कार्यरत ठेका मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तथा गेट पास नहीं दिए जाने से उनमें रोष व्याप्त है। उन्होंने झारखंड मजदूर यूनियन के नेताओं से मिलकर न्याय व समुचित सुविधा दिलाने का गुहार लगाया है। उक्त शिकायत के आलोक में संज्ञान लेते हुए झारखण्ड मजदूर यूनियन के जिला कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी के एचआर प्रबंधन से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में झामयू के जिलाध्यक्ष सुनील गोराई, केन्द्रीय सचिव राजेश सामंत, सनत सिंह सरदार, संजय मंडल, राजेश मुंडा, संजय गोराई, छोटे सरदार, प्रफुल्ल महतो, राज महतो आदि शामिल थे।

## टाटा स्टील लांग प्रोडक्टस का मॉक ड्रिल



**गम्हरिया।** टाटा स्टील लांग प्रोडक्टस, टीजीएस तथा जिला अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में टीएसएलपी के डब्ल्यूआरएम के सामने गैस रिसाव और बृहद रूप से लगे आग पर काबू पाने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में एक सौ से अधिक कर्मचारी व सुरक्षाकर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल कर्मचारियों ने आग लगाकर उसे बगैर किसी जोखिम के काबू पाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अग्निशमन विभाग के निरीक्षक एस आर झा ने उन्हें आग लगने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, सक्रियता और बुझाने के तरीकों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर विभाग के वरीय डिविजनल हेड केशो कुमार, डिविजनल हेड रवि रंजन, सुरक्षा अधिकारी मनीष जैन समेत कंपनी के कई अधिकारी व सुरक्षाकर्मी थे।

## जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की हड़ताल शुरू



**गम्हरिया।** विभिन्न लंबित मांगों को लेकर झारखंड फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों का मंगलवार से तीन दिवसीय हड़ताल प्रारम्भ हुआ। आंदोलन के प्रथम चरण में राज्य के सभी जविप्र के दुकानदार सात फरवरी से आगामी नौ फरवरी तक अपनी अपनी दुकानें बंद रखेंगे। हड़ताल के प्रथम दिन जविप्र के दुकानदारों ने गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव सह कोल्हान प्रमंडल संयोजक फुलकांत झा ने बताया कि इस हड़ताल में देश के कुल 5 लाख 34 हजार जनवि प्रणाली दुकानदार और महिला स्वयं सहायता समूह ग्रुप के सदस्य शामिल हैं। बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत संचालित करने वाले करीब पांच लाख दुकानदार भुखमरी के कगार पर आ गये हैं।

## केबल टाउन के सभी घरों में मीटर लगा कर बिजली दे जुस्को : सरयू राय

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने टाटा स्टील यूटिलिटीज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक से आग्रह किया है कि कम्पनी केबुल टाऊन के सभी घरों में मीटर लगाकर बिजली दे और इसके लिए केबुल कंपनी के रिजोल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) से अनापत्ति मिलने की परवाह नहीं करें। श्री राय ने कहा कि इसके पूर्व के आरपी ने केबुल टाउन के सभी घरों को अलग पेयजल की आपूर्ति करने पर सहमति दे दी है और जुस्को ने पानी देना आरंभ कर दिया है। परंतु केबुल कंपनी के वर्तमान आरपी घरों को अलग अलग बिजली देने के लिए टीएसयूआईएसएल को अनापत्ति देने से इंकार कर रहे हैं।

# आकाश इंस्टीट्यूट के सौम्यजीत घोष को 98.62 परसेंटाइल,बना सेंटर टॉपर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अपने नाम, इतिहास एवं परंपरा को दोहराते हुए एक बार फिर से आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने ना सिर्फ जमशेदपुर शहर में बल्कि संपूर्ण राज्य में अपना कीर्तिमान स्थापित किया। ज्ञात है कि आज दिनांक 07-02-2023 को जेईई मेन की परीक्षा परिणाम घोषित हुई, जिसमें आकाश के छात्र छात्राओं ने 32 प्रतिशत दर के अनुसार, शहर में सबसे अव्वल परिणाम प्रस्तुत करने में सफल रहे। इस परिणाम के पीछे संस्थान का रणनीतिक योजना सार्थक साबित हुआ। श्री घोष जिन्हें आकाश जमशेदपुर केंद्र में तीन वर्ष के नियमित इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लिया था, उन्होंने कुल 98.62 परसेंटाइल लाकर संस्थान में अच्छा स्थान प्राप्त किया है वह पूरे तीन वर्ष एक बहुत ही सुसंगत छात्र रहे है और उसने अपनी सभी कक्षाओं और परीक्षणों को पूरी ईमानदारी से लिया है।

सौम्यजीत घोष की तरह ही रौनक कुमार त्रिपाठी, जो कि संस्थान में दूसरा स्थान प्राप्त किए हैं, ने एक वर्ष के नियमित इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लिया था, उन्होंने भी 97.78 परसेंटाइल लाकर जमशेदपुर केंद्र में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सौम्यजीत घोष और रौनक त्रिपाठी के अलावा प्रकाश कुमार 96.59 परसेंटाइल, कुमार शुभम बारिक 95.79 परसेंटाइल, अरमान अली 95.39 परसेंटाइल, इशिता पॉल 93.78 परसेंटाइल, निशांत कुमार 92.89 परसेंटाइल, बिप्लब साहू 92.85 परसेंटाइल, अंश सिन्हा 90.97 मिला।



बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं अपने प्रध्यापकों के साथ।

# जेईई मेन-2023 में नारायणा के 72 विद्यार्थियों को मिले 90 परसेंटाइल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने जेईई (मेन)-जनवरी 2023 में अपार सफलता अर्जित की। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्री श्याम भूषण ने कहा कि जेईई (मेन)-जनवरी 2023 के रिजल्ट जिसमें नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 72 है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर होने की संभावना है।

नारायणा जमशेदपुर से जेईई (मेन) जनवरी 2023 में 92 परसेंटाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की सूची अभी जारी की गई है। अरित्रा कोलाय (99.79), सुमित कुमार (99.63), शिवान्स सिंह (98.40), अर्चिसा पाल (97.91), इंदरदीप सिंह (97.71), उत्कर्ष वर्णवाल (96.51), पुस्कर (96.44), दिव्यांस दत्ता (96.37), अमित कुमार महतो (96.32), तनिष्का पैरा (96.21), सोमेश गोराई (96.21), सयान्तन मंडल (95.95), हर्षित द्विवेदी (95.92), आयुष कुमार (95.86), आदित्य पाठक (95.56), अनुभव चैरसिया (94.99), आयुषमान गुप्ता (94.84), ए अनंतकृष्णन (94.63), अतुल्य सिंह (94.63), सागर चैधरी (94.58), अनिकेत कुमार (94.20), अदित्य कुमार (94.20)।



जमशेदपुर के निदेशक श्यामभूषण के साथ छात्र-छात्राएं।

# चर्चित व्यक्ति की हत्या करने को घूम रहे चार बदमाश कट्टा के साथ गिरफ्तार

➲ वर्मामाइंस लाल बाबा फाउंड्री के पास से धराये अपराधी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एसएसपी प्रभात कुमार की सोशल पुलिसिंग अब रंग दिखाने लगा है। अब आम नागरिक संदिग्धों की सूचना समय पर पुलिस को दे रहे हैं जिससे अपराध करने से पहले ही बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता मिल रही है। इसी क्रम में जमशेदपुर पुलिस ने बमार्माइंस थाना क्षेत्र के लाल बाबा फाउंड्री के पास छापामारी कर 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से देशी कट्टा, कारतूस बरामद किया है।

मंगलवार को अपने कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में एसएसपी प्रभात कुमार ने पत्रकारों बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक देसी कट्टा, 315 बोर का एक कारतूस और दो मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जमशेदपुर में कुछ लोग किसी की हत्या करने के इरादे से घूम रहे हैं। उस पर एटीएस और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने लाल बाबा फाउंड्री के पास छापामारी की। टीम का नेतृत्व सिटी एसपी के विजय शंकर कर रहे थे।

गिरफ्तार होने वाले बदमाशों में सिदगोड़ा के भुइयांडीह के नंद नगर का रहने वाला राजू प्रसाद, बिरसानगर के साधुडेरा का रहने वाला राहुल कुमार यादव, बमार्माइंस के ईस्ट प्लांट बस्ती का रहने वाला जे राहुल और सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह कानू भट्ठा का रहने वाला रोहित भुइयां है।

बदमाशों को पत्रकारों के सामने पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि बदमाशों का आपराधिक इतिहास रहा है। यह पहले भी सिदगोड़ा और बिरसा नगर थाने से जेल भेजे जा चुके हैं। उन्होंने यह बताने से इनकार किया कि यह बदमाश किस की हत्या करने आए थे क्योंकि अभी मामले में तफ्तीश चल रही है।

उक्त इन बदमाशों को पकड़ने वालों में थाना प्रभारी अजय कुमार के अलावा सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार, संतोष कुमार चौबे, संजय कुमार यादव, विनय पांडे, सरोज कुमार मिश्रा, संजय कुमार यादव, धीरज सिंह और मुनि कुमार आदि शामिल थे।



गिरफ्तार बदमाशों को प्रेस के सामने पेश करते एसएसपी प्रभात कुमार व टीम।

# मोहरदा-मुड़ाकाटी में जुस्को की बिजली के लिए सर्वे आज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा लीज क्षेत्र एवं इससे सटे अन्य बस्तीयों के निवासियों को जुस्को का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर कमिटी की बैठक आज बिष्टुपुर स्थित विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय महाप्रबंधक श्रवण कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में विधायक सरयू राय के निजी सचिव, जुस्को के प्रतिनिधि, जमशेदपुर अक्षेस के प्रतिनिधि के साथ ही अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मोहरदा, मुराकाटी क्षेत्र में जुस्को बिजली प्रदान करने का कार्य शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। बिजली हेतु केबुल बिछाने के लिए पथ निर्माण विभाग एवं जुस्को की टीम कल संयुक्त रूप से सर्वे करेगी। मोहरदा ओड़िया स्कूल मैदान में सब स्टेशन के लिए जमीन का सत्यापन हेतु अंचलाधिकारी ने अपना प्रतिवेदन तैयार कर दिया है। एक-दो दिनों में अपर उपायुक्त कार्यालय से जुस्को को अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो जायेगा।

# शेन में ग्रेजुएशन नाइट : आदित्य राज रिशा आहूजा बने मिस्टर एंड मिस शेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के बच्चों के लिए विदाई समारोह एवं दसवीं के लिए गुड लक पार्टी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ स्कूल की प्राचार्यक पुष्पा भल्ला, प्राचार्य रमा श्रीनिवास, उप प्राचार्य ककेया अदक एवं हेड मिस्ट्रेस सिमरन सग्गू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत स्कूल के बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूल के जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने अपने सीनियर्स को विदाई देने के लिए कई तरह के कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति की। इनमें म्यूजिक डांस, स्पीच ,नाटक आदि शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य पुष्पा भल्ला ने बच्चों को सच्ची लगन और कठिन परिश्रम के साथ जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल करने की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्हें सच्ची शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। अपने संबोधन में प्राचार्य रमा श्रीनिवास ने बच्चों के ईमानदारी और दृढ़ निश्चय के साथ जीवन पथ पर आगे बढ़ने की कामना करते हुए शुभकामना दी। कार्यक्रम में 12वीं के आदित्य राज को मिस्टर शेन और रिशा आहूजा को मिस शेन के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान 12वीं के बच्चों ने कैंडल मार्च किया एवं अंत में बच्चों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया।



# रिटायर होने के बाद भी समस्या हो तो यूनियन से करें संपर्क : आरके सिंह

■ 31 सेवानिवृत सदस्यों को टाटा मोटर्स यूनियन ने दी भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को यूनियन प्रांगण में सेवानिवृत्त हुए लोगो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हुए लोग अपने अपने जीवनसंगिनी के साथ उपस्थित हुए। सभी का सम्मान शाल ओढाकर और मोमेन्टो अध्यक्ष और महामंत्री के द्वारा दे कर किया गया। आये हुए सभी सेवानिवृत्त और उनके परिवार के लोग बहुत खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ये सम्मान जो आप लोगों ने हमे दिया है हम सभी को एक परिवार होने का एहसास दिलाता है। आप लोग जो भी कार्य कर रहे है उसमे तत्परता और सेवा का भाव दिखता है। दिन हो या रात आप सभी अपनी जिम्मेदारी को निभाते है। अब हम लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर के काम किये और सेवानिवृत्त हुए इसके लिए आप सभी का धन्यवाद।

सेवानिवृत्त हुए कर्मियों की जीवनसंगिनियो ने यूनियन के सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगो के द्वारा किये हुए कार्यों को हम लोग सुन कर अच्छा महसूस करते थे और इस सम्मान समारोह में आकर बहुत खुशी हुई। आप सभी ऐसे ही सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े और सभी को एक अच्छा भविष्य देने का प्रयास करते रहे एवं ऐसे ही हमेशा सफल हो।



# सड़क परिवहन व राजमंत्री नितिन गडकरी से मिले सांसद विद्युतवरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से मुलाकात की एवं जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न सडकों के निर्माण की मांग की एवं पूर्व में सौपें गए विभिन्न ज्ञापनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री के साथ वार्ता के दौरान मंत्री के सचिव के सहायक अमोल बिराजदार ने सांसद श्री महतो को सूचित किया कि उनकी मांग के अनुरूप पूर्वी सिंहभूम के दो महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मंत्रालय के द्वारा प्रदान की गई है।



श्री अमोल बिराजदार ने बताया कि सेन्ट्रल रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से 1. भुईयासिनान से भूला होते हुए सुसनी मुख्य पथ प. बंगाल सीमा तक पथ निर्माण एवं 2. एन एच - 33 फूलडुंगरी घाटशिला से बुरूडीह डैम होते हुए झांटीझरणा तक 24 किमी तक पथ निर्माण, इन दोनों सड़कों के लिए निविदा जारी करने का आदेश दिया गया है साथ ही इसके लिए स्वीकृत राशि राज्य सरकार को भेज दिया गया है।

# मुकेश मित्तल बने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष

■ अशोक चौधरी को 77 वोट से हराया, तीसरे नंबर पर रहे पवन

■ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साले हैं सीए मुकेश मित्तल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के लिए हुए रोचक चुनाव बड़े अंतर से पेशे से चाटर्ड एकाउंटेंट मुकेश मित्तल जीत गए हैं। मुकेश मित्तल झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता के साले हैं। उन्होंने एक और सशक्त प्रत्याशी अशोक चौधरी और पूर्व सीएम रघुवर दास के करीबी पवन अग्रवाल को करारी शिकस्त दी।

मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित सिंहभूम चेम्बर भवन के प्रथम तल्ले पर पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद (2022-24) हेतु मतदान शांतिपुव्रक संपन्न हुआ। सुबह 10.30 से शाम 04.30 बजे तक हुए मतदान में कुल 657 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। 77 वोट से विजयी हुए मुकेश मित्तल को कुल 285 वोट मिले। दूसरे नंबर पर 208 वोट लाकर अशोक चौधरी और तीसरे नंबर पर रहे पवन अग्रवाल को 192 वोट मिले। दो वोट रदद हुआ। कुल 813 वोटरों में से 657 ने वोट दिया। सबसे पहले राम रतन खंडेलवाल ने वोट डाला।

हारे हुए दोनों प्रत्याशी अशोक चैधरी और पवन अग्रवाल ने मुकेश मित्तल को जीत की बधाई दी। मुकेश मित्तल ने भी समाज हित में काम करने के लिए हमेशा उनका साथ मांगा और कहा कि सबके सहयोग के बिना समाज को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। मुख्य चुनाव पदाधिकारी विजय खेमका, सहायक चुनाव पदाधिकारी महावीर प्रसाद अग्रवाल (अधिवक्ता) के नेतृत्व और जिलाध्यक्ष अशोक मोदी, जिला महामंत्री अरूण गुप्ता की देखरेख में 13 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति ने मतदान संपन्न कराया। चुनाव संचालन समिति में मनीषा संघी, कविता अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल आदि भी थे।



चुनाव जीतने के बाद विजयी चिह्न दिखाते मुकेश मित्तल।

एक नजर में

## सृष्टि महिला विकास समिति ने एडीएम एनके लाल को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति बिहार/झारखंड की अध्यक्षा एवं शहर की जानी-मानी समाजसेवी रानी गुप्ता के नेतृत्व में आज मंगलवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा के कर्मठ, ईमानदार, कुशल एवं योग्य पदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम के लोकप्रिय एडीएम विधि व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम नंदकिशोर लाल के आवास पर पहुंचकर उनके यादगार, बेहतरीन कार्यकाल के उपरांत उनके तबादले पर समिति के सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही समिति ने उनके बेहतरीन कार्यों हेतु स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मौके पर एडीएम विधि-व्यवस्था -पूर्वी सिंहभूम नंदकिशोर लाल ने सामाजिक संस्था सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए, भविष्य में और बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर श्याम शर्मा, जस्बीर कौर, तारा कुमारी, ललन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## एमजीएम : सत्यम संजीवन ट्रस्ट ने बांटे फल-दूध



**जमशेदपुर।** सत्यम संजीवन ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के अध्यक्ष कंचन सिंह के नेतृत्व में मिल्क बैंक के तहत एमजीएम हॉस्पिटल परिसर में गायनिक वार्ड मे गर्भवती महिलाओं के बीच फल एवं दूध बांटा। इस दौरान एमजीएम हॉस्पिटल के उपाधीक्षक नकुल चौधरी से मिलकर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। संस्था के अध्यक्ष कंचन ने बताया कि यह कदम अपने पति के जन्मदिन पर फल एवं दूध वितरण करने का संकल्प लिया गया है। मिल्क बैंक के तहत हर महीने के 7 तारीख को एमजीएम हॉस्पिटल परिसर में गर्भवती महिलाओं के बीच फल एवं दूध बांटेगा। मौके पर ट्रस्ट की अध्यक्ष कंचन सिंह, कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश, पंसस सुनील गुप्ता, शिवानी पात्रो, रेखा साहू, आनंद कुमार, बेबी शर्मा, सुमित कुमार, आकाश आदि मौजूद थे।

## एकदिवसीय वर्मी कंपोस्ट निर्माण कार्यशाला संपन्न



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था उर्विता ने गालूडीह के चंद्ररेखा गांव में शर्मा जैविक कृषि फार्म में सीमांत किसानों के लिए एक दिवसीय वर्मी कंपोस्ट निर्माण कार्यशाला की गयी। जिसमें गांव के 15 सीमांत किसानों ने हिस्सा लिया। चाकुलिया गौशाला से पधारे वर्मी कंपोस्ट विशेषज्ञ वीरेंद्र गिरी और मनोज दास ने ग्रामीणों को वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए सरल विधि और उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उर्विता की सचिव नीना शर्मा ने ग्रामीणों को जैविक कृषि का महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मौके पर जमशेदपुर प्रखंड के प्रगतिशील किसान और जैविक कृषक बुद्धेश्वर महतो ने जैविक खेती करते समय आने वाली बाधाएं और उनके निवारण के उपाय सुझाए। कार्यशाला के सफल आयोजन में रंजीत महतो, कल्पना महतो, गोविंद हेंब्रम, सुमित्रा महतो आरती हेंब्रम, गुड्डू शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा। आगामी 14 फरवरी को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## आंदोलनरत सहियाओं से मिलने माचा अस्पताल पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी



**पटमदा।** 23 जनवरी से पटमदा - बोड़ाम प्रखंड की आंदोलनरत स्वास्थ्य सहियाओं से मिलने सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी पटमदा के माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पंहुचे। उन्होंने सीएचसी अस्पताल परिसर में धरने पर बैठी स्वास्थ्य सहियाओं से उनकी मांगों पर अवगत हुए और समाधान करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविकाओं की मांगें पूरी की है और हमें पूर्ण विश्वास है कि सहिया दीदियों की मांगें भी मुख्यमंत्री अवश्य पूरा करेंगे। राज्य में आजसू-भाजपा गठबंधन सरकार करीब 17 साल तक सत्ता में रहा लेकिन कुछ काम नहीं किया। हेमंत के मुख्यमंत्री बनते ही पारा शिक्षक व आंगनबाड़ी सेविकाओं की मांगें पूरी कर दी है और सहियाओं की मांगें भी पूरी करेंगे। सके पहले सहियाओं ने सहिया एकता जिंदाबाद, विधायक मंगल कालिंदी जिंदाबाद के नारा बुलंद किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, सुभाष कर्मकार, 20 सूत्री अध्यक्ष कालीपदो महतो, जितुलाल मुर्मू, जामिनि प्रमाणिक, दयाल महतो, महेंद्र महतो आदि थे।

## इंडो डैनिश टूल रूम, जमशेदपुर में कैंपस इंटरव्यू शुरू

>> टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद, आरेस्टी इंडिया हरियाणा एवं टिमकेन इंडिया जमशेदपुर ने चलाया कैंपस ड्राइव

>> 140 छात्र-छात्राओं का इनप्लांट ट्रेनिंग के लिए हुआ चयन



**जमशेदपुर।** इंडो डैनिश टूल रूम जमशेदपुर एवं टीआरटीसी पटना के चार वर्षीय डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग 2020 - 2024 के प्रशिक्षुओं के इनप्लांट ट्रेनिंग के लिए कैंपस इंटरभ्यू प्रारंभ हो गया है। अब तक टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद,आरेस्टी इंडिया हरियाणा एवं टिमकेन इंडिया जमशेदपुर ने कैंपस ड्राईव किया है जिसमें कुल 140 प्रशिक्षुओं का चयन हो गया है जबकि कई लोकल एवं मल्टीनेशनल कंपनिया कैंपस इंटरभ्यू के लिए तैयार है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए आईडीटीआर के प्लेसमेंट इंचार्ज समीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष आईडीटीआर जमशेदपुर एवं टीआरटीसी पटना में कुल 211 छात्र-छात्राएं इनप्लांट ट्रेनिंग के लिए थे जिसमें 140 छात्र-छात्राओं का सलेक्शन तीन कंपनियों में हो गया है। अभी फरवरी महीने में कई कंपनियों का प्लान किया गया है। उम्मीद है कि फरवरी समाप्त होते-होते सभी छात्र-छात्राओं के हाथों में कम से कम एक-एक ऑफर लेटर रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी चयनित छात्र-छात्राएं जुलाई माह में ज्वाईन करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सेव द गर्ल चाइल्ड सैनिटाइजेशन पर कार्यशाला



मेदिनीनगर। डीडीसी रवि आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सेव द गर्ल चाइल्ड सैनिटाइजेशन पर कार्यशाला एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें जिले में सेक्स अनुपात स्तर बनाने तथा कन्या भ्रूण हत्यों की रोकथाम पर विमर्श हुआ। पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर कहा कि कानून के नियमों का उल्लंघन करने वालों को 3 साल की जेल और दस हजार वहीं अपराध सिद्ध होने पर 5 साल की जेल और 50 हजार का दंड है।

### कुटमू में लीलावती अस्पताल का उद्घाटन



पांडू पलामू। प्रखंड के कुटमू में लीलावती हास्पिटल का उद्घाटन सोहराई राम ने किया। मौके पर मुखिया अरविंद पाल व अरुण कुमार भी थे। हॉस्पिटल के सर्जन डॉ राजीव कुमार ने कहा कि पांडू प्रखंड के कुटमू में हास्पिटल खुलने से हर गांव के गरीब तक सुविधा मिलेगी। इस हॉस्पिटल में बेहतर इलाज की सुविधा है। इसमें महिला रोग विशेषज्ञ डॉ एम सिन्हा, डॉ शैलेंद्र कुमार जेनरल फिजिसियन, डॉ एसके रवि हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र चिकित्सक डॉ राकेश कुमार बेहतर इलाज करेंगे। इस अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से भी इलाज होगा।

### भाजपा की बैठक में पार्टी मजबूती पर चर्चा



उंटारी रोड पलामू। प्रखंड के मुरमा खुर्द पंचायत सचिवालय में मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसमें विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव भी थे। बैठक में पार्टी की मजबूती व विस्तार को लेकर विशेष चर्चा की गयी। बैठक में जिला विशेष आमंत्रित सदस्य वेद प्रकाश शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, सुनील तिवारी, महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा देवी, संजय रजवार, लव कुमार सिंह व कई लोग मौजूद थे।

### रात एक बजे बालू उठा रहे पांच ट्रैक्टर जब्त



पड़वा पलामू। पड़वा सीओ चंद्रदेव प्रसाद ने अवैध तरीके से बालू उठाने वालों के खिलाफ लगातार छापामारी जारी है। सीओ ने सोमवार की रात करीब एक बजे बालू माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कोयल नदी के गाड़ीखास घाट और सदाबह नदी से रात करीब एक बजे बालू उठा रहे पांच ट्रैक्टर को पकड़ कर पड़वा पुलिस को सौंप दिया है। सीओ ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि रात्रि में बालू माफिया बालू उठा रहे हैं, जिसपर कार्रवाई की गयी।

### कार्यक्रम से बढ़ता है भाईचारा : राम गोविंद



नौडीहा बाजार (पलामू)। प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के ग्राम इमलियाटांड़ में संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनी। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। मुख्य अतिथि रविदास विकास समिति नौडीहा बाजार प्रखंड इकाई के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक, बसपा प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी और युवा अध्यक्ष अनुज कुमार सहित मुखिया जितेंद्र भारती ने संत शिरोमणि रविदास के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। राम गोविंद ने कहा कि संत रविदास भक्त कालीन संत व महान समाज सुधारक थे। ऐसे कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा व समाज में भाईचारा बढ़ता है। मौके पर राम नंदन शिक्षक, अरुण कुमार, अजय कुमार, रविंद्र यादव, समिति के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, सदस्य भी थे।

### खेल से संघर्ष करने की मिलती है सीख

>> गहर पथरा ने छतरपुर विजय तारा टीम को हराकर जीता फाइनल



पाटन पलामू। प्रखंड के बरवाडीह मैदान में स्व बद्रीनारायण सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबला छतरपुर के विजय तारा व गहर पथरा टीम पाटन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गहर पथरा की टीम ने 149 रन बनायी, जवाबी पारी में छतरपुर की विजय तारा टीम 102 रन ही बना सकी। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मनोज कुमार व मेदिनीनगर के पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष व भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार दिये। उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता है। खेल से हमें भेदभाव रहित होकर काम निरंतर संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर कांग्रेस पलामू के जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, शक्ति शंकर प्रसाद, आनंद सिंह, उमेश सिंह, राजू दुबे, ग्रीन सिंह, राजू खान, पिंकू तिवारी, नरेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, वेद तिवारी समेत आयोजन समिति के आजाद सिंह मौजूद थे।

### मोहम्मदगंज ने जपला को 1 गोल से हराया



मोहम्मदगंज पलामू। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में मंगलवार को मोहम्मदगंज सिंचाई कॉलोनी मैदान में सद्भावना कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सह कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह का कमिटी के सम्मानित सदस्य एवं खेल प्रेमियों ने भव्य स्वागत किया। मुख्य मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि मोहम्मदगंज क्षेत्र का फुटबॉल से बहुत ही गहरा संबंध है लेकिन यह खेल यहां धीरे धीरे विलुप्त होती जा रही है उसी को फिर से एक नए मुकाम पर पहुंचाने का संकल्प कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब ने लिया है।

# तोलरा रेलवे स्टेशन पर बनेगा फुट ओवरब्रीज और हाई लेवल प्लेटफार्म

➲ सांसद के प्रयास ने लाया रंग निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद मंडल के तोलरा रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रीज एवं तोलरा रेलवे स्टेशन को हाई लेवल प्लेटफार्म बनाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है। विदित है कि वहाँ के ग्रामीण जनता एवं रामानुज उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय तोलरा के छात्र/ छात्राओं को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने कहा कि 14 जनवरी को मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद मंडल को पत्र लिखकर तोलरा रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रीज एवं तोलरा रेलवे स्टेशन को हाई लेवल प्लेटफार्म बनाने का अनुरोध किया था। उक्त योजनाओं के साथ अन्य कार्यों के निर्माण हेतु इस बजट में पंड़ित दीन दयाल उपाध्याय मंडल को 49 करोड़ 16 लाख 40 हजार रुपये का आवंटन किया गया है। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

**मुख्य बातें**



इसके साथ-साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत मोहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग नंबर-55, कोशियारा-मुहम्मदगंज के बीच लेवल क्रॉसिंग नंबर-53, हैदरनगर-कोशियारा के बीच लेवल क्रॉसिंग नंबर-50, जपला-हैदरनगर के बीच लेवल क्रॉसिंग नंबर-43, कजरात नावाडीह-जपला के बीच लेवल क्रॉसिंग नंबर-39, कजरात नावाडीह-जपला के बीच लेवल क्रॉसिंग नंबर-37 एवं बीडी सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग नंबर-32, 36, 49, 50, 53 के पास लिमिटेड हाई सबवे (एलएचएस) का निर्माण कराने तथा जपला-हैदरनगर के बीच रेलवे लेवल क्रासिंग नंबर-42 के पास आरओबी का निर्माण की स्वीकृति मिली है।

# जनता के आग्रह पर चुनाव मैदान में उतरीं अंकिता अब जनता के सपने होंगे सरकार : अभिषेक सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। आगामी होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर नगर निगम क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। इस चुनाव मैदान में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन स्व नर्मदे स्वर सिंह उर्फ नरू बाबू के पौत्रवधू अंकिता सिंह वार्ड नंबर 26 से चुनाव लड़ने के लिए चुनाव मैदान में उतर चुकी हैं। अंकिता सिंह के पति अभिषेक सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वार्ड नंबर 26 में मेरा पैतृक आवास है। मेरे दादा स्वर्गीय नरू बाबू इस वार्ड के ही नहीं बल्कि पुराना नगरपालिका वार्ड के लोगों के बीच जो अपना सेवा दिया है। उसे शहरवासी भूल नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 26 की स्थिति काफी दयनीय हो गई है।

**आगामी नगर निगम चुनाव में उतरीं अंकिता सिंह**



इस वार्ड की जनता सड़क, नाली, पानी बिजली एवं सफाई के कारण त्राहिमाम कर रही है। वार्ड के प्रबुद्ध जनों के साथ आम जनता लगातार हमें चुनाव मैदान में उतरने के लिए प्रेरित कर रही है। जिनकी भावनाओं को देख आगामी नगर निगम चुनाव मैदान में पत्नी अंकिता सिंह को वार्ड 26 से चुनाव लड़ेंगी। श्री सिंह ने कहा कि जनता मूलभूत सुविधाओं से महरूम है। सड़कों का अतिक्रमण दबंग करते हैं और इसपर नगर निगम प्रशासन एवं वर्तमान वार्ड पार्षद मौन धारण किये हुए है। इस वार्ड में जो सर्वे का सड़क है उसे अतिक्रमण कर आवागमन को बाधित किया गया है। जिससे आम गरीब जनता को काफी परेशानियां हैं। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि जल्द सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराया जाये। कहा कि वार्ड 26 की जनता का अपार समर्थन व स्नेह मिला, तो आनेवाले समय में इस वार्ड को एक मॉडल वार्ड के रूप में विकसित किया जायेगा। जहां लोगों को पानी, बिजली, सड़क, नाली की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इतना ही नहीं वार्ड की साफ-सफाई विशेष तौर पर करायी जायेगी। साथ ही शहरी पेयजला पूर्ति योजना के तहत फेज टू के तहत जिन क्षेत्रों में सप्लाई के पानी का पाइप नहीं गया है। वैसे मोहल्लों में पानी के पाइप लाइन लगवाया जायेगा। आने वाले समय में नगर निगम क्षेत्र में पेयजल समस्या उत्पन्न होने वाली है। कारण फरवरी से ही जल स्रोत का लेयर नीचे जाने लगा है। इसके प्रति नगर निगम प्रशासन गंभीरता दिखाते हुए अभी से ही वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। मेरा पूरा परिवार समाजसेवा से जुड़ कर रहा है। पूर्व में भी पानी टैंकर से गांव मोहल्लों मे आपूर्ति की जाती रही है।

# बगैर अनुमति जुलूस निकालने पर होगी कानूनी कार्रवाई : डीसी

➲ रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर भी मनाही

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने सदर एसडीओ को बगैर अनुमति जुलूस निकालने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने एसडीओ को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि बगैर सक्षम पदाधिकारी के अनुमति के बिना शहरी क्षेत्र में कोई भी जुलूस या धरना प्रदर्शन ना हो। उन्होंने सदर एसडीओ को इसका उल्लंघन करने वाले लोगों पर विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है।

**नियम उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई**



उपायुक्त श्री दोड्डे ने एसडीओ को अनुमंडल अंतर्गत रात 10 बजे के बाद सभी तरह के कार्यक्रमों में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाने हेतु निर्देशित किया है। उपायुक्त ने इस संबंध में सभी डीजे व मैरेज हॉल संचालकों को इससे अवगत कराने की बात कही है। साथ ही उपायुक्त ने एसडीओ को इसका उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। ज्ञातव्य है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में रात के 10 बजे के बाद डीजे साउंड बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### आंख में तीर लगने से घायल बच्चे को उपायुक्त ने दिया 50 हजार

**जनता दरबार**

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का अनुरोध किया। समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने को कहा। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलीनगर निवासी मिथिलेश पासवान ने अपने चार वर्षीय पुत्र आर्यन के इलाज हेतु आर्थिक मदद का अनुरोध किया, स्कूल जाने के क्रम में उसकी बायीं आंख में तीर लग गई थी, जिसपर उपायुक्त ने आर्थिक सहयोग के तौर पर 50,000 रुपये की राशि देने का निर्देश रेड क्रॉस को दिया। इसी तरह सदर थाना क्षेत्र की सुनीता देवी ने डीलर पर राशन कार्ड बनाने के नाम पर पांच हजार रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की। इसी तरह जनता दरबार में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अखोरी दीदरी निवासी राम सेवक राम ने जीर्ण-शीर्ण हो चुके चैक डैम के पुनर्निर्माण कराने का अनुरोध उपायुक्त से किया।

# सीसीएल के सीएमडी ने किया राजहरा कोलियरी का निरीक्षण

# स्थानीय लोगों के सहयोग से 2023-24 में शुरू हो जायेगा कोयले का उत्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

पड़वा पलामू। मंगलवार को सीसीएल के सीएमडी पीएन प्रसाद ने राजहरा कोलियरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने राजहरा क्षेत्र के महाप्रबंधक वासब चौधरी एवं पीओ जेपी रावत को कई निर्देश दिया। सीएमडी ने स्थानीय रैयतों से भी बात की। रैयत वीरेंद्र सिंह,नरेश चौहान, मनजीत राम को आश्वस्त कराया कि जो भी समस्या है उसका निबटारा स्थानीय प्रशासन एवं रैयतों के साथ बैठकर दूर कर लिया जाएगा। सीएमडी ने स्पष्ट रूप से कहा कि पुरानी बातों को भूलकर सभी लोगों को राजहरा कोलियरी में कोयला उत्पादन शुरू कराने में सहयोग करना है। निरीक्षण के बाद सीएमडी पीएन प्रसाद ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से 2023--24 में कोयले का उत्पादन शुरू कर लिया जाएगा। इसके लिए जो भी संसाधन की कमी होगी उसे पूरा कर लिया जाएगा। स्थानीय रैयय एवं मजदूर नेताओं ने सीएमडी को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर महाप्रबंधक वासब चौधरी,पीओ जेपी रावत, मजदूर नेता केएन पांडेय,अनील मिश्रा, सत्येन्द्र पांडेय, इंटक के क्षेत्रीय सचिव जन्मेजय पांडेय, डाक्टर सच्चिदानंद, वीरेंद्र सिंह,नरेश चौहान, मंजीत राम सहित कई लोग मौजूद थे।



माइंस का निरीक्षण करते सीएमडी।

### बैरिया के गिफ्ट कॉर्नर दुकान में लगी आग



मेदिनीनगर। शहर के बैरिया में गुप्ता फुट बियर एवं गिफ्ट कार्नर में आग लगने से रखे सामान जलकर बर्बाद हो गया। भुक्तभोगी मुकेश कुमार ने इसकी जानकारी टीओपी तीन थाना को दी है। भुक्तभोगी के अनुसार अगलगी में दुकान में रखे 50 हजार नकद व तीन लाख रुपये का सामान जल गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को करीब 10 :20 बजे अचानक दुकान में आग लग गई। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड वाहन वहां पहुंचकर आग को बुझाया लेकिन अधिक सामान जल गये थे। आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है। अगलगी में प्रिंटर मशीन, गिफ्ट आईटम, जूता चप्पल समेत कई सामान नष्ट हो गये हैं।

# संत शिरोमणि रविदास के विचारों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत: कृष्णा दुबे

>> रविदास जयंती पर कजरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। रविदास जयंती के अवसर पर कजरु कला गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश सचिव कृष्णा दुबे ने फीता काटकर किया। भावी विस प्रत्यासी कृष्णा दुबे ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक है। हम सब को उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। संत रविदास खुद कहा करते थे कि व्यक्ति अपने जात से नही बल्कि कर्म से महान होता है। इस बात को उन्होंने अपने जीवन काल में साबित भी कर दिया था। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि संत शिरोमणि चाहते थे कि दबे कुचले लोग पहले अपने बच्चों को शिक्षित करें ताकि समाज में इंकलाबी बदलाव आ सके।

# हुसैनाबाद : दो महत्वपूर्ण सड़कों का होगा जीर्णोद्धार, मिली स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ हुसैनाबाद विस क्षेत्र के 12 कब्रिस्तानों की घेराबंदी की भी स्वीकृति



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद प्रखंड के मलवारिया मुख्य नहर पीच रोड से काजी बिगहा, शेखपुरा, खरडीहा होते हुए कुडुआ रोड तक और हैदरनगर - मोहम्मदगंज आरसीसी पथ भाई बिगहा से रेलवे स्टेशन मोड़, थाना, प्रखंड कार्यालय, खरगड़ा होते हुए कबरा कला तक सड़क का विशेष जीर्णोद्धार होगा। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि लगातार दोनो महत्वपूर्ण सड़कों की स्थिति के संबंध में ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए इसका जीर्णोद्धार कराने की मांग की थी। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग से दोनो सड़कों को स्वीकृति प्रदान करा दिया है। दोनो सड़को का जल्द ही जीर्णोद्धार हो जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के 12 कब्रिस्तानों की घेराबंदी की भी स्वीकृति दिलाने का काम किया है। इस माह स्वीकृत सभी कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम शुरू हो जायेगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि 13 वर्षो से लगे जंग को साफ करने में समय लगना स्वाभाविक है।

### समस्या समाधान को विधायक संकल्पित : गोपाल



तरहसी पलामू। पांकी विस क्षेत्र के प्रखंड तरहसी में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर कार्यक्रम किया गया। मौके पर सहयोगी प्रो बच्चन ठाकुर, तरहसी के विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव ने विधायक की ओर से आयोजन समिति को सहयोग राशि भेंट की। विधायक प्रतिनिधि को ग्रामीणों ने समस्याएं गिनायी। कहा कि विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ग्रामीणों के समस्या समाधान को लेकर संकल्पित हैं। मौके पर समिति के अध्यक्ष गोविंद कुमार, सचिव आशीष राम, उपाध्यक्ष विशाल कुमार, अनीश कुमार, अजीत कुमार, लवकुश कुमार, अर्जुन राम, मनीष कुमार उपस्थित थे।

### लाला प्रसाद ने आयोजन समिति को दी सहयोग राशि



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर-पितांबरपुर में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर गुरियादामर में सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला किया गया। मौके पर सहयोगी अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव ने विधायक की ओर से आयोजन समिति को सहयोग राशि दी। कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। दुगोला कार्यक्रम में पाटन के भोलाराम व्यास एवं चैनपुर के गुड्डू दुबे के बीच मुकाबला हुआ। कार्यक्रम का संचालन मुनेश्वर राम ने किया। मौके पर पूर्णाडीह मुखिया गुड्डी देवी, पंसस कमलेश यादव, वार्ड सदस्य फुल कुमारी, अंबेडकर नवयुवक संघ के रमेश राम बुधन राम, छोटन राम, चंदन भारती, उपेंद्र राम, रामराज सिंह, जिला आईटी सेल प्रभारी ओम प्रकाश दुबे, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार सोनी, सुमित गुप्ता, दारा सिंह आदि थे।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : विकास दुबे



खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पूर्वडीहा में आज सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विजय दुबे शिक्षक को सेवानिवृत्ति के पश्चात सम्मान पूर्वक विदा किया गया। छात्रों एवं शिक्षकों ने अंगवस्त्र एवं धार्मिक पुस्तक देकर विजय दुबे जी की विदाई की। छात्रों ने नम आंखों के साथ विदाई गीत एवं कविता भी प्रस्तुत किया। इस संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालय के शिक्षक और गांव के वरिष्ठ लोग उपस्थित थे। सभी लोगों को माला पहनाकर विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया।

### छतरपुर : कई गांवों में मनी संत रविदास जी की जयंती

छतरपुर पलामू। छतरपुर समेत आसपास के गांवों में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनी। प्रखंड के मदनपुर गांव में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्र के उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सुरेश कुमार, चितरंजन कुमार, उमेश कुमार, सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। मशहूर नाल वादक उमेश राम के पिता प्रसाद राम एवं मुख्य अतिथियों ने केक काटकर और संत रविदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

# पशुओं के टीकाकरण को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। राज्य सरकार के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत में मंगलवार को पशु विभाग और जेएसएलपीएस के सहयोग से लगने वाली पशुओं के टीकाकरण को लेकर प्रशिक्षण किया दिया गया। प्रशिक्षण के बाद जेएसएलपीएस के सखी मंडल के लोगों को टीकाकरण के लिए अधिकृत किया गया ।प्रभारी भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम लकड़ा ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से टीकाकरण का कार्य सफल होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेरोजगार युवा वर्ग के कोई भी लोग पशुओं के टीकाकरण कार्य से जुड़ सकते हैं। उन्हें टीका लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। सतबरवा प्रखंड में 20,000 से ज्यादा पशुओं की संख्या है।

# सेवानिवृत्ति के बाद और भी बढ़ जाती हैं सामाजिक जिम्मेदारियां : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है। इसके तहत सरकारी सेवा में आने वाले हर एक व्यक्ति को गुजरना पड़ता है। सेवानिवृत्त होने के बाद केवल मिले सरकारी दायित्व से मुक्त होते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक जिम्मेवारियां और भी बढ़ जाती है। उक्त बातें विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने कहा। वे रेहला थाना में पदस्थापित सेवानिवृत्त एएसआई महेंद्र चौधरी के विदाई को ले आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।



रेहला थाना में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत हेंब्रम व मंचासीन अतिथि।

**खास बातें :** विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, एसआई अलखनाथ चौबे, प्रोफेसर नंद लाल शुक्ला, सुधीर चौबे, तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी आदि ने कहा कि सेवानिवृत्त एएसआई श्री चौधरी अपने कार्यो के प्रति वफादार थे। इनसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिला है। विदाई समारोह में शामिल हुए पुलिस पदाधिकारी सहित कर्मियों व स्थानीय लोगों ने एएसआई चौधरी को सप्रेम उपहार भेंट किए। साथ हीं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। एएसआई रामचंद्र चौधरी, धनाई उरांव, डहरु उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू, वरीय समाजसेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता, भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी, नवीन पांडेय, आलोक शुक्ला, बचंदेव चौधरी, ज्वाला गुप्ता, रामबचन चौबे, मेराज आलम, उदेश्वर यादव, जमील खान सहित कई लोग मौजूद थे।

**पुलिस कर्मी अपने कर्तव्यों का करें इमानदारी पूर्वक निर्वहन : सेवानिवृत्त एएसआई**- अपने सर्विस कार्यकाल पूरा करना कोई उपलब्धि नहीं होता। लोग आपके कार्य से कितने खुश होते हैं इस पर भी सभी पुलिस कर्मियों को आत्ममंथन करनी होगी। पदस्थापित थाना व पुलिस टीम का उपलब्धियों में कितना महत्त्व होता है यह बताने की जरूरत नहीं यह सभी को महसूस करना होगा। बतौर पुलिस पदाधिकारी व कर्मी सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करनी होगी । उक्त बातें सेवानिवृत्त एएसआई महेंद्र चौधरी ने कही। वे रेहला थाना में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री चौधरी ने कहा कि वे सभी पुलिस कर्मियों से अपेक्षा करते हैं वे अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी से करें।

# पांडू : नवयुवक संघ ने ढाचाबार में किया रविदास जयंती पर कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

पांडू पलामू। पांडू प्रखंड के ग्राम ढाचाबार में नवयुवक संघ के द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजद के वरिष्ठ नेता सह अधिवक्ता धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पपु सिंह, पूर्ब सांसद कामेश्वर बैठा, पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव, बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षक रामबृक्ष राम ने की। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक है। कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। साथ ही समाज को एक नई सोच से चलने की बात कही। दुगोला कार्यक्रम में आये कलाकार ब्यास सुनील चट्टान छतरपुर और व्यास हैपी चन्द्रम गढ़वा के बीच मुकाबला हुआ। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नर्तकी पायल रानी एवम श्रद्धा के अदा से रात भर लोग झूमते रहे। मौके पर प्रणव कुमार, वार्ड सदस्य राजमुनि राम, मल्लू राम, प्रेम कुमार, नंदन कुमार भारती, प्रेम कुमार, आनंद सिंह, करीमन राम, बहादुर राम, बबन बैठा सहित काफी लोग उपस्थित थे।



फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

स्पीड न्यूज

## संजय गोप का शव मिलने से सनसनी

**कुमारधुबी।** निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत अल्लाटांड के पीछे तालाब में मंगलवार की सुबह करीब 12:00 बजे गोपाल पुरा निवासी कुमारधुबी कोलयरी में सीनियर पद पर कार्य संजय गोप का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते आसपास के दर्जनों लोग एवं ईसीएल कर्मी पहुंचकर शव का शिनाख्त किया। उसके बाद निरसा थाना को इस घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही निरसा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकाला और शव को अपने कब्जे में लेकर धनबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसआई वर्मा ने बताया कि उसे जैसे ही घटना की सूचना मिली वह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया। बताया जाता है कि मृतक संजय गोप अपने पीछे अपनी पत्नी एवं एक लड़की और एक लड़का छोड़ गया है।

## सोनपुरा में योजना चयन हेतु ग्राम सभा

**बोकारो।** कसमार रू डीडीसी केआदेशानुसार ग्राम पंचायत विकास योजना 2023.24 के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत सोनपुरा के सामुदायिक भवन के सभागार में स्थानीय मुखिया चन्द्रशेखर हेम्ब्रम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 15वें वित्त आयोगए मनरेगाए जेएसएलपीएसए पीएचडीए पशुपालन विभागए तथा स्वास्थ्य विभाग पर चर्चा करते हुए संबंधित विभाग से योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर कसमार प्रखंड के मनरेगा बीपीओ राकेश कुमारए पंचायत सचिव अभिषेक कुमारएपंसस पूनम मरांडीए उप मुखियाए मनरेगाए एई रामेश्वर कुमारए जेई विन्देशवर मुर्मूए रोजगार सेवक ओमप्रकाश नायकए प्रमिला कुमारी मेटए जेएसएलपीएसए सीआरपी लक्ष्मी कुमारीए सीएफटी शंभु कुमारए वार्ड सदस्य बलदेव रजवारए मोतीलाल मरांडीए अनिता देवीए सुरजमुनी देवीए रीता देवीए पिंकी देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सुदामडीह चोरी कांड का आभियुक्त गया जेल

**चासनाला।** सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत छठ पूजा में दुसरे अर्घ के अहले सुबह घाट जाने के सुदामडीह रिवर साईड में हुई 5 घरो में 25 लाख अधिक के चोरी के मामले में सुदामडीह पुलिस एक आरोपी गुडडू अंसारी उर्फ फैयाज को बरारी सराफतपुर से गिरफ्तार कर लिया कर कांड संख्या 72/22 जेल भेजा।

## कांग्रेसी नेता अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि 15 फरवरी को

**बेरमो।** कांग्रेस नेता व समाजसेवी स्वणअर्जुन सिह की पुण्यतिथि मनाने को लेकर घुटियाटांड. कदमाडीह खेल मैदान मे बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता गणेश सिंह और संचालन बिरेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर श्यामलाल सिंहएभरत सिंहए सुखदेव सिंहए बुधन सिंहए दौलत सिंहए सुरेश सिंहए छत्रघारी सिंहए प्रभु सिहए सोनू सिंहए प्रमोद सिंह आदि उपस्थित थे।

## कम्युनिटी दीदियों को दिया लोक ओएस का प्रशिक्षण

**धनबाद।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की कम्युनिटी दीदियों को होटल रतन विहार में लोक ओएस (सामुदायिक आधारित एप्लीकेशन) का प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक एमआईएस राजीव पांडेय ने बताया कि पहले सभी काम मैनुअली किए जाते थे। अब केंद्र सरकार ने लोक ओएस जारी किया है। जिसमें झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना से कम्युनिटी दीदियों का चयन कर उनको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सारे कम्युनिटी बेस्ड ऑगेर्नाइजेशन का डाटा अपलोड किया जाएगा जो समय-समय पर अपडेट रहेगा। यहां से प्रशिक्षण पूरा करके सभी को रांची में प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके बाद दीदियां ई - मास्टर ट्रेनर बनेंगी। ट्रेनर बनने के बाद वे भी अन्य को ट्रेनिंग दिया करेंगी।

# विडियो काल पर प्रेमिका को देख प्रेमी ने लगा ली फांसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**तीसरा।** चांदकुइंया निवासी बीसीसीएल कर्मी रानी देवी का 24 वर्षीय सुमित बाउरी ने अपनी प्रेमिका से वीडियो कॉल पर बात करते-करते गोलखडीह स्थित आवास में देर रात फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया । इस बात की जानकारी उनके परिजनों को अहले सुबह आसपास के पड़ोसियों के द्वारा टेलीफोन के माध्यम से मिले। आनन-फानन में परिजन चांदकुइया क्वार्टर से गोलकडीह पहुंचे। जहां सुमित बाउरी का शव को फंदे से लटका हुआ पाया। अपने बेटे का शव देख मां रानी देवी का रो रो कर बुरा हाल है । बता दे कि रानी देवी का दो बेटे है।सुमित बाउरी का पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। मां रानी देवी बीसीसीएल में लोदना कोलियरी में कार्यरत है।मां रानी देवी ने कहा कि सुमित रोज की तरह चांदकुंया क्वाटर से खाना खाकर सोने के लिए गोलकडीह आवास गया था। अचानक उन्हें सूचना में मिली की बेटा फांसी लगा लिया। जब घटनास्थल पहुंची तो वहां से मोबाइल में स्क्रीन रिकॉर्डर से हुए सारा वारदात मोबाइल में कैद हो गया था ।जो कि वीडियो कॉल के दौरान किया गया था। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई ।पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मामले की छानबीन में जुट गई है । रानी देवी पुलिस से बेटे की मौत का इंसाफ का गुहार लगाई है।

### फांसी की घटना हुई रिकार्ड

सुमित अपनी प्रेमिका से पिछले 10 सालों से प्रेम करते आ रहा सूत्रों की माने तो प्रेमिका का विवाह कहीं दूसरे जगह तय हो गया था मार्च महीने में विवाह होना था इस बात को लेकर सुमित पिछले कई दिनों से डिप्रेशन में था अपने दोस्तों से अलग रहने लगा था दोस्तों का फोन भी नही रिसीव कर रहा था . सोमवार की देर रात हुई वीडियो कॉल पर बात सुमित के लिए आखिरी बनकर रह गई सुमित वीडियो कॉल पर अच्छा देर बातचीत किए बातचीत के दौरान की गई सभी हरकतें फोन में स्क्रीन रिकॉर्डर से रिकॉर्ड रह गया फांसी लगाते वक्त सुमित के प्रेमिका भी लाइव वीडियो कॉल पर थी . फिलहाल पुलिस उस मोबाइल फोन को जप्त कर लिया है। तीसरा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने कहा की घटना का सूचना मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे शव रस्सी से लटका हुआ था . मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है . मोबाइल फोन को जप्त कर लिया गया है. मामले की छान बीन की जा रही है

# सिंदरी: फिल्मी स्टाइल में कार दुर्घटनाग्रस्त, बचा चालक



**सिन्दरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के बीआईटी सिन्दरी के छात्रावास संख्या 16 के समीप गौशाला सिन्दरी मुख्य सड़क पर मंगलवार की सुबह साढ़े दस बजे दिन में तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर चारपहिया वाहन फिल्मी स्टाइल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाल बाल बचे वाहन चालक सुमित कुमार सिन्हा को पैर में चोट आई है। उनका इलाज रोहड़ाबाँध के निजी अस्पताल में कराया गया है।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सिन्दरी की ओर से तेज रफ्तार आ रही स्विफ्ट डिजायर कार संख्या जे एच 10 ए एक्स 0541 ने सड़क पर बैठे आवारा पशुओं को बचाने के क्रम में चार बार पलटकर सड़क किनारे लगे बीआईटी सिन्दरी छात्रावास संख्या 16 के बोर्ड पर जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी पलट गई और गाड़ी के आगे व पिछे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि चालक बाल बाल बच गया। चालक एफसीआई आवास संख्या एफ 81 निवासी 25 वर्षीय सुमित को सिर्फ पैर में चोट आई है। चिकित्सक डॉ दिपक सिंह ने बताया कि पैर में चोटें आईं हैं और दस टांके लगाए गए हैं। गौशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को ओपी लाया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## विशेष कार्य पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की शिकायत

### जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** विशेष कार्य पदाधिकारी श्री सुशांत मुखर्जी ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, जाति प्रमाण पत्र, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जमीन बंदोबस्ती की मांग, राशन कार्ड से संबंधित आवेदन आए। इस दौरान बलियापुर से आए एक शिकायतकर्ता ने सरकारी जमीन को जबरन हड़पने के संबंध में एक शिकायत विशेष कार्य पदाधिकारी से की। शिकायतकर्ता ने बताया की जाली दस्तावेज के आधार पर कुछ दबंग सरकारी जमीन को समतल करके बेचने के फिराक में है। जिसका विरोध करने पर झूठा मुकदमा में फंसा देने और जान से मार देने की धमकी दबंग द्वारा दी जा रही है। उन्होंने बताया की उक्त दबंग व्यक्ति द्वारा सरकारी मांझी गढ़िया नाम का छोटा तालाब का भी जाली दस्तावेज के आधार पर ही जबरन कब्जा किया हुआ है। वहीं गोविंदपुर से आए सीआरपीएफ जवान ने अपने किरायेदार पर मकान खाली न करने, गाली गलौज करने एवं धमकी देने के संबंध में एक आवेदन दिया।

## कनकनी कोलियरी में मना खान सुरक्षा सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** खान सुरक्षा महानिदेशालय और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के द्वारा मंगलवार को कनकनी कोलियरी मे खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर सिजुआ एरिया पाँच के महाप्रबंधक अनुप कुमार रॉय और विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीजीएमएस के डायरेक्टर मुकेश सिन्हा उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरूआत झारखण्ड सांस्कृतिक रंगमंच के कलाकारो के द्वारा अपने नाटय के माध्यम से किया, वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एरिया पाँच के महाप्रबंधक ने कहा कि रामअवतार,हिलटॉप और कनकनी कोलियरी मे कार्यरत सभी वर्करो और सैफ्टी इंचार्ज को धन्यवाद देता हूँ कि आपके सुरक्षा के प्रति जागरूकता के कारण एक भी कोई अप्रिय घटना नही घटी। इसके लिए पुरी मैनेजमेंट बधाई के पात्र है। वही डीजीएमएस के डायरेक्टर मुकेश सिन्हा ने वताया कि किसी भी कम्पनी चाहे वह सरकारी हो या प्राईवेट पहली प्राथमिकता उसकी सुरक्षा होती है। आज देश मे बीसीसीएल ,सैल ,टाटा सहित कुल 38 माइन्स सैक्टर मे सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मजदुरो एवं अधिकारियो के बीच सुरक्षा से सवंधित नियमो का आदान प्रदान से है।



### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम मे उपस्थित अधिकारियो के द्वारा अच्छे परफोरमेन्स करने वाले कर्मचारियो को भी जो कि रामअवतार और हिलटॉप मे कार्यरत है उन्हे पुरस्कृत किया गया मौके पर बीसीसीएल के कई पदाधिकारी मौजूद थे जिनमे मुख्यरूप से कोयला भवन सैफ्टी जीएम ए० के० दुवे,आई स० ओ० डी०के० श्रीवास्तव ,कनकनी प्रोजेक्ट आफिसर गोपाल जी,सैफ्टी ऑफिसर नितिश कुमार ,हिलटॉप के जीएम अंजनी कुमार सिंह माइनिंग सरदार राजेश साव पंकज,प्रेम और मुन्ना यादव मौजूद थे।

## शहीद सत्यनारायण भट्टाचार्य की मनी पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** मंगलवार को भंडारीडीह स्थित सामुदायिक भवन में वरीय अधिवक्ता एवं मजदूर नेता शहीद सत्यनारायण भट्टाचार्य की 11 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सतनारायण भट्टाचार्य की तैलिया चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उनके चाहने वाले महिला पुरुष एवं मासस से कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तो दा एक अधिवक्ता से अधिक एक समाजसेवी के रूप में समाज में जाने जाते हैं। वह गरीबों के मसीहा थे। ऐसे सैकड़ों लोग थे जो मुकदमा लेकर उनके दरवाजे पर आते थे और बोलते थे पैसा नहीं है तो सब तोरा बिना पैसे दिए गए उनकी केस को लड़ते थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो सज्जाद अंसारी अशोक लाल वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान दीपनारायण भट्टाचार्य हलधर महतो बच्चा सिंह दिलीप चटर्जी विदेश दां दिलीप तिवारी काशीनाथ चटर्जी शेख रहीम रघुवीर सिंह गणेश रजवार निताई रवानी काशीनाथ मंडल कृष्णा कुमार सारो देवी आदि मौजूद रहे।

## महिला समिति के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** महिला समिति बोकारो के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश सहित कोलियरीज डिवीजनए झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस तथा एसआरयू व बोकारो संयंत्र के वरीय पदाधिकारी गणए सीआईएसएफ के डीआईजी एस राय एवं महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी समिति की उपाध्यक्ष, सदस्य तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।अनिता तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा समिति की सचिव वंदना झा ने संस्था की विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों पर एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महिला समिति के सदस्यों द्वारा कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गये। निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने महिला समिति के क्रियाकलापों की सराहना की व उन्हें शुभकामनाएं दी एवं स्मारिका श्मैत्रीश का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती श्वेता कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति की कोषाध्यक्ष रीता रानी ने किया।

## जीएसटी से पैसा मिलने पर विकास की गति हुई तेज: अनील मुकिम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** देश के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर विपक्ष की ओर से कड़ा प्रहार पर भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण द्वारा बजट पर परिचर्चा सिंदरी चित्रगुप्त मंदिर हॉल में जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से सीए अनिल मुकीम, डीएवी सिन्दरी प्राचार्य आशुतोष कुमार, अर्थशास्त्री श्याम जी व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह उपस्थित हुए। सीए अनिल मुकीम ने बजट को सराहनीय एवं दूरदृष्टि वाला बताया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के दूरदृष्टि के कारण भारत सरकार को जीएसटी से पर्याप्त पैसा मिलने के कारण देश में विकास की गति तेज है। आने वाले दिनों में या तो आयकर बंद हो जाएगा या भारत में अमेरिका की तरह सारी सुविधाएँ मिलेंगी। विपक्ष द्वारा अडानी ग्रुप पर किए जा रहे है आरोपों पर उन्होंने कहा कि यह हम लोगों के नजर में राजनीति से ज्यादा कुछ नहीं है। डीएवी स्कूल सिन्दरी प्राचार्य ने बजट की प्रशंसा करते हुए इसे विकसित भारत का निर्माण वाला बजट बताया। उन्होंने मांग किया कि पूरे देश में शिक्षा एवं चिकित्सा राज्य सरकार की बजाए केंद्र सरकार के हाथों में होना चाहिए।

## बाघमारा विधायक को परेशान कर रहा प्रशासन

### आंदोलन की रूपरेखा तैयार होगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** मंगलवार को कतरास भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के धनबाद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कार्यकत्ताओं से आह्वान किया कि विधायक ढुल्लु महतो पर जो अन्याय हो रहा है उसके खिलाफ आंदोलन की रूप रेखा बनाये। भाजपा संगठन उनके साथ हैं। उन्होंने कहा की जेएमएम की सरकार हर तबके के लिए उल्टा कार्य कर रही है। यह सरकार सिर्फ कोयला चोरी का कार्य करने में लिप्त है। जिले में अपराध बढ़ काफी बढ़ गए हैं। प्रतिदिन जिले में अपराध में इजाफा हो रहा है। प्रशासन सरकार के इशारे पर चल रही है। धनबाद के उपायुक्त और एसएसपी सिर्फ मुख्यमंत्री के लिए काम कर रहे हैं। सरकार के इशारे पर प्रशासन मौन बना हुआ है। उन्होंने विधायक ढुल्लु महतो पर प्रशासनिक कार्रवाई को एक साजिश बताया। उन्होंने कार्यकत्ताओं को आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की।मौके पर बाघमारा के विधायक ढुल्लु महतो की धर्म पत्नी सावित्री देवी ने कहा की विधायक जी को झूठे केस में फंसा कर जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा की जबसे जेएमएम की सरकार यहां बनी है, इसकी बुरी नजर बाघमारा में पड़ी है।

# रजनीश ट्यूटोरियल का जीवेश सौम्या सिंदरी में नंबर वन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी ।** जेईई मेंस का परीक्षा परिणाम सोमवार की देर रात घोषित होने के बाद मंगलवार को छात्रों में उत्साह देखा गया। इसमें रजनीश ट्यूटोरियल कोचिंग संस्थान व सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी है। रजनीश ट्यूटोरियल के छात्र जीवेश सौम्य ने 99.14 परसेंटाइल लाकर सिन्दरी में नंबर वन स्थान प्राप्त किया है। जीवेश ने बताया कि वह भविष्य में इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है। उन्होंने परीक्षार्थियों को बताया कि लगन के साथ कठिन परिश्रम से फल पाया जा सकता है। जीवेश के पिता अमित कुमार प्रधानखंता रेलवे स्टेशन प्रबंधक हैं, वहीं माँ लता देवी गृहणी हैं। जीवेश ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व रजनीश ट्यूटोरियल के चेयरमैन अदिति सुमन व शिक्षक आदित्य सुमन को दिया है।

### जेईई मेंस में मिला 90 परसेंटाइल

रजनीश ट्यूटोरियल के चेयरमैन ने बताया कि जीवेश सहित 8 छात्रों ने जेईई मेंस में 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर कोचिंग संस्थान का नाम रौशन किया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि प्रथम कतार के बच्चे मिलने पर वह धनबाद का नाम देश के मानचित्र पर एक अमिट छाप छोड़ने की कला रखते हैं। चेयरमैन ने बताया कि जेईई मेंस में जीवेश सौम्य ने 99.14 परसेंटाइल, अंकित मंडल ने 98, रेहान रजा ने 95, विक्रम ने 94, रोहित साव ने 93, इंद्रोनील ने 92, अरणव पाल व प्रियांशु कुमार ने भी 92 व 92 परसेंटाइल लाकर संस्थान का नाम रौशन किया है। वहीं अंकित मंडल व रेहान रजा सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिन्दरी के 12 वीं कक्षा के छात्र हैं।

## सात से नौ तक बंद रहेंगी राशन दुकानें

**कुमारधुबी।** केंद्र सरकार व राज सरकार के मनमाने नीतियों के विरुद्ध आल इंडिया फेयर प्राईस शांप डिलर्स फेडरेशन के तहत 7,8,9 फरवरी 23 को सम्पूर्ण भारत की जन वितरण प्रणाली दुकानें बंद रहेगी। इसी को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के सभी पीडीएस दुकानदारों ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी मांग दुहराई। आल इंडिया फेयर प्राईस शांप डिलर्स फेडरेशन के सदस्यों ने बताया कि पहले हम लोगो को एक रुपया प्रतिकिलो कमीशन मिलता था। लेकिन अब वह भी केन्द्र सरकार व राज सरकार के द्वारा बंद कर दिया गया है। मानदेय को लेकर आल इंडिया फेयर प्राईस शांप डिलर्स फेडरेशन ने 7,8 एवं 9 फरवरी 2023 को सम्पूर्ण भारत वर्ष की सभी जन वितरण प्रणाली दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया गया है। अभी यह सांकेतिक हड़ताल है अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानी तो यह आगे भी जारी रहेगा मौके पर काफी संख्या में एग्यारकुंड प्रखंड के पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

## बीएसएल के ईडी पी एंड ए ने ग्रहण किया पदभार

**बोकारो।** राजन प्रसाद ने बीएसएल के ईडी ;पी एंड एद्ध का पदभार ग्रहण कर लिया। पूर्व में श्री प्रसाद सेल के ग्रोथ डिवीजन ;कुल्टीद्ध में ईडी के तौर पर पदस्थापित थे।1989 में बीएसएल में बतौर एमटीटी ज्वाइन करने के बाद तीस वर्ष सीआरएम में बिताए।

## पेज एक का शेष

### फौरी मदद पर ...

इसमें पुरुष और महिला दोनों कर्मी, अत्यधिक कुशल डॉग स्क्वॉड, चिकित्सा से जुड़ी चीजें, उन्नत ड्रिलिंग उपकरण और सहायता प्रयासों के लिए आवश्यक अन्य महत्वपूर्ण उपकरण शामिल थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यह जानकारी दी। यह कदम पीएम मोदी द्वारा प्रभावित देश को हरसंभव मदद देने के निर्देश के बाद उठाया गया था। 100 सदस्यों की दो एनडीआरएफ टीम प्रशिक्षित श्वानों और आवश्यक उपकरणों के साथ भूकंप प्रभावित इलाके में तलाशी और बचाव अभियान के लिए भेजी गयी है। इसके साथ ही प्रशिक्षित चिकित्सकों और पैरा मेडिक की टीम भी आवश्यक दवाओं के साथ रवाना की गयी है।

**भुज भूकंप को याद कर भावुक हुए मोदी :** पीएम मोदी ने भी तुर्किये के हालात पर चिंता जाहिर की। मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक में पहुंचे। मोदी ने कहा, 'आज तुर्किये जिस हालात से गुजर रहा है, उसे मैं समझ सकता हूं। 2001 में भुज में जब भूकंप आया था, तब मैं सीएम था। मुझे पता है कि रेस्क्यू ऑपरेशन में क्या दिक्कतें आती हैं।' भुज में आये भूकंप में 16 हजार से ज्यादा लोगों की जान गयी थी।

**कई देश मदद को बढ़े :** हालात को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने तुर्की और सीरिया के भूकंप प्रभावित इलाकों के लिए 11 मिलियन डॉलर (करीब 90 करोड़ रुपये) की आर्थिक मदद देने का एलान किया है। इसके अलावा भी कई तरह से मदद का आश्वासन दिया है। चीन ने भी तुर्किये को 5.9 मिलियन डॉलर की मदद देने का एलान किया है।

### शीर्ष कोर्ट के...

अदालत ने जवाब मांगा था : गौरतलब है कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव से जवाब मांगा था। इसके लिए राज्य सरकार के अनुरोध पर दो सप्ताह का समय मिला था। सांसद ने सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण नहीं देने को लेकर झारखंड सरकार के विरुद्ध जनहित याचिका दायर की थी तब इसकी सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग दिया गया था कि होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट एवं ओबीसी आरक्षण का अनुपालन सुनिश्ति की जाएगी। बावजूद इसके नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दी गई है। इस पर पुनः सांसद चंद प्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में अवमाननावाद याचिका दर्ज कराया। इससे पहले चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण लागू करने के संबंध में एक याचिका दायर की थी तब झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है और झारखंड सरकार भविष्य में होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिए गए निर्देश का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है।

### जेइइ-मेन में...

वहीं, सुमित कुमार नामक छात्र दूसरे नंबर पर रहा है। एनटीए ने सोमवार की देर रात जेइइ मेन 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया।

**डीपीएस रांची का शानदार प्रदर्शन :** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर सफलता का परचम लहराया है। स्कूल के प्रतीक रतन ने स्कोर- 99.9547433 के साथ टॉपर बनकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। 99 से अधिक पर्सेंटाइल हासिल करनेवालों में किसलय, निशांत रंजन, अपूर्व ओजस्वी, आर्यन कुमार सिंह, एलेक्स सिंह, धृति बरनवाल, अक्षित अभिनव कुजूर, रिशु राज, अस्तित्व सिंह, सात्विक पाठक और जय कुमार शामिल है। इस परीक्षा में स्कूल के 200 से अधिक छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये हैं। स्कूल के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और छात्रों तथा माता-पिता और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी।

**कैसे देखें रिजल्ट :** उम्मीदवार अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। रिजल्ट चेक करने के लिए डेट ऑफ बर्थ और एप्लीकेशन नंबर डाले और पेज पर अपका रिजल्ट आ जायेगा। जिन विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स के पहले सत्र की परीक्षा दी है, वह अपना रिजल्ट एनटीए की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।

दूसरे सत्र की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू : जेइइ मेन्स पहले सत्र की परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी तक ली गयी थी। इस परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थी मंगलवार से जेईई मेन्स के दूसरे सत्र की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। दूसरे सेशन की परीक्षा अप्रैल में ली जायेगी। रजिस्ट्रेशन करने के लिए 7 फरवरी से एप्लीकेशन विंडो ओपन किया जायेगा।

**50 के स्कोर रोके गये :** एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 50 उम्मीदवारों के एनटीए स्कोर को रोक दिया गया है क्योंकि वे जांच के दायरे में हैं। एनटीए स्कोर प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं है बल्कि सामान्यीकृत अंक है। इस महत्वपूर्ण परीक्षा का दूसरा संस्करण अप्रैल में आयोजित होगा।

### यूपीए ने रामगढ़...

तो दूसरी ओर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख रामगढ़ शहर में रोड शो कर रहे थे। श्री पत्रलेख हजारों लोगों के साथ सिद्धू कान्हो मैदान से ब्लाक परिसर तक पहुंचा। मंत्री बादल पत्रलेख ने जनता को अभिवादन करते हुए कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोर्ट से भले ही ममता देवी को न्याय न मिला हो लेकिन अब उपचुनाव में उनके पति बजरंग बातों को जिता कर वे अपना न्याय करें। मंगलवार को नामांकन के समय झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांड, प्रदेश अध्यक्ष सहित झामुमो और राजद के कई मंत्री और विधायक शामिल थे।

**क्या बोले मंत्री और विधायक :** मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव षड्यंत्रकारियों की देन है। अब समय आ गया है कि उन षड्यंत्रकारियों को मुंहतोड़ जवाब अपने वोट से दिया जाये। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अब तक झारखंड में कुल चार उपचुनाव हुए हैं। सब में हमारी गठबंधन की जीत हुई है। रामगढ़ उपचुनाव भी महागठबंधन के झोली में जायेगा। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सरकार ने तीन साल में कई ऐतिहासिक फैसले ली है। ममता देवी को एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसा कर जेल भेज दिया गया है। यहां के मतदाता महागठबंधन के पक्ष में मतदान कर षड्यंत्रकारियों को मुंहतोड़ जवाब देगी। कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दुधमुंहा बच्चा मां का दूध के लिए बिलख रहा है। इसके लिए आमजनों को भी सोचना है। बजरंग मतों की जीत से ही आंदोलन की देवी ममता को इंसाफ मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### केनरा बैंक के सीइओ बने सत्यनारायण राजू

**बेंगलुरु।** केंद्र सरकार ने के. सत्यनारायण राजू को तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।वह एल वी प्रभाकर का स्थान लेंगे। प्रभाकर का कार्यकाल 31 दिसंबर, 2022 को पूरा हो गया था।

### गोल्डी सोलर 5000 लोगों की भर्ती करेगी

**नयी दिल्ली।** हरित ऊर्जा कंपनी गोल्डी सोलर की सौर विनिर्माण और बिक्री-बाद की सेवाओं के क्षेत्र में अगले दो वित्त वर्षों में 5,000 लोगों की भर्ती करने की योजना है। कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) ईश्वर ढोलकिया ने यह जानकारी दी है। गुजरात की कंपनी मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता को छह गीगावॉट (जीडब्ल्यू) तक बढ़ाने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रक्रिया में है।

### सेंसेक्स 221 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट मंगलवार को लगातार दूसरे दिन जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 220 अंक से अधिक के नुकसान के साथ बंद हुआ। केंद्रीय बैंकों के नीतिगत दर बढ़ाये जाने की संभावना के बीच दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, धातु और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 220.86 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,286.04 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक स्थिर खुला और कारोबार के दौरान 60,655.14 से 60,063.49 अंक के दायरे में रहा।

### सोने में 128 रुपये की तेजी और चांदी फिसली

**नयी दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 128 रुपये मजबूत होकर 57,275 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 57,147 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

### श्रद्धा हत्याकांड में कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने श्रद्धा हत्याकांड मामले में आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल आरोपपत्र का मंगलवार को संज्ञान लिया।पुलिस ने 24 जनवरी को 6,629 पृष्ठ का आरोपपत्र दाखिल किया था। अदालत ने आरोपपत्र पर गौर करने के लिए मामले को 21 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया।आफताब पूनावाला ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की कथित तौर पर हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए थे और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में फेंक दिया था।

### पत्रकार राणा अयूब की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन मामले में गाजियाबाद की विशेष अदालत द्वारा समन किए जाने को चुनौती देने वाली पत्रकार राणा अय्यूब की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने अय्यूब को सुनवाई कर रही अदालत के समक्ष न्यायाधिकार का मुद्दा उठाने की अनुमति दी और कहा कि यह साक्ष्य का सवाल है।

### गुजरात में ट्रक से वैन की टक्कर, 4 की मौत

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में मंगलवार को सुबह एक मिनी वैन राजमार्ग के किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सायला पुलिस थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब छह बजे हुआ।

# भारत की बेटी बनी दुनिया की मेधावी छात्रा

**एजेंसी**

**जॉन हॉपकिंस ने दूसरी बार भी छात्रा नताशा को सबसे मेधावी छात्रा घोषित किया**



वाशिंगटन। अमेरिका स्थित जॉन हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ ने दुनियाभर के 76 देशों के 15,000 छात्र-छात्राओं की ऊपरी ग्रेड स्तर की परीक्षा के नतीजों के आधार पर भारतीय-अमेरिकी स्कूली छात्रा नताशा पेरियानायगम को लगातार दूसरे साल दुनिया की सबसे मेधावी छात्रा घोषित किया है। पेरियानायगम (13) न्यूजर्सी में फ्लोरेंस एम गॉडिनीयर मिडल स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने 2021 में जॉन हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंडेड यूथ (सीटीवाई) की परीक्षा दी थी। उस समय वह पांचवीं ग्रेड की छात्रा थीं। मौखिक एवं मात्रात्मक योग्यता की परीक्षा में नताशा का प्रदर्शन ग्रेड आठ में 90 पर्सेंटाइल हासिल करने के बराबर था, जिस कारण उन्हें उस वर्ष की सम्मान सूची में जगह दी गई। विश्वविद्यालय ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नताशा को इस साल एसएटी, एसीटी, स्कूल और कॉलेज एबिलिटी टेस्ट या सीटीवाई टैलेंट सर्च के तहत लिए गए समान मूल्यांकन में असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पेरियानायगम के माता-पिता चेन्नई से हैं। उन्होंने कहा कि पेरियानायगम को अपने खाली समय में गूगल डूडल बनाना और जेआरआर टोल्किन के उपन्यास पढ़ना बहुत पसंद है। सीटीवाई दुनियाभर में असाधारण मेधावी छात्रों की पहचान के लिए ऊपरी-ग्रेड स्तरीय परीक्षा का आयोजन करता है और उनकी अकादमिक क्षमताओं के बारे में स्पष्ट तस्वीर पेश करता है। अपने हालिया प्रयास में पेरियानायगम ने सभी उम्मीदवारों से अधिक ग्रेड प्राप्त किए।

## खन्ना और वाल्ट्ज बने हाउस इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष



**वाशिंगटन।** डेमोक्रेट पार्टी के भारतीय -अमेरिकी सांसद रो खन्ना और रिपब्लिकन पार्टी के सांसद माइक वाल्ट्ज को 118वीं कांग्रेस में कांग्रेसनल कॉकस ऑन इंडिया एंड इंडियन अमेरिकन्स का सह-अध्यक्ष चुना गया है। इंडिया कॉकस प्रतिनिधिसभा में सांसदों का किसी देश से संबद्ध सबसे बड़ा एवं विशिष्ट द्विदलीय गठबंधन है, जो दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। 1993 में इसका गठन किया गया था। खन्ना (46) इसके लिए चुने गए दूसरे भारतीय अमेरिकी हैं। इससे पहले 115वीं कांग्रेस (2015-2016) में एमी बेरा को इसका सह-अध्यक्ष चुना गया था। बेरा तब कांग्रेस में सेवा देने वाले एकमात्र भारतीय-अमेरिकी थे। अभी डॉ. एमी बेरा, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार सहित पांच भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस का हिस्सा हैं। खन्ना ने कहा कि मैं इंडिया कॉकस की सह-अध्यक्षता के लिए चुने जाने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने में मदद के लिए भारतीय अमेरिकी प्रवासी समुदाय के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।सांसद वाल्ट्ज ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा कि इसलिए, मैं इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष के रूप में सेवा देने का मौका पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कांग्रेस सुनिश्चित करेगी कि हम इस साझेदारी को जारी रखें, हमारे दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक तथा सुरक्षा संबंध मजबूत हों और एशिया व दुनिया भर में लोकतंत्र की रक्षा की जाए।

### सीएआइआर की अध्यक्ष नामित की गयी भारतीय मूल की बैंक अधिकारी

**मेलबर्न।** भारतीय मूल की एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी स्वाति दवे को मंगलवार को सेंटर फॉर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रिलेशंस (सीएआईआर) के सलाहकार बोर्ड का प्रथम अध्यक्ष नामित किया गया है। सीएआईआर, दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने दवे की नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि इस साल प्रारंभ किया जा रहा यह केंद्र दोनों देशों के बीच मजबूत कारोबारी एवं सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देगा। वोंग ने कहा कि सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में निदेशक के पदों पर व्यापक भूमिकाओं के कारण दवे महत्वपूर्ण रणनीतिक, नेतृत्व और कारोबारी अनुभव रखती हैं। उन्होंने कहा कि मैं दवे के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

# अडाणी का पीएम के साथ क्या रिश्ता

**एजेंसी**

**लोकसभा में मोदी पर गरजे राहुल, कहा- पैसा अडाणी की कंपनी में क्यों डाला गया**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 'अग्निपथ' योजना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और गृह मंत्रालय द्वारा लाई गई है और इसे सेना पर थोपा गया है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए अपनी भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव का उल्लेख किया और कहा कि उन्हें इस दौरान जनता की आवाज को बहुत गहराई से सुनने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान मुझे बहुत कुछ सुनने को मिला। सबसे ज्यादा जिन मुद्दों के बारे में लोगों ने मुझसे कहा कि उनमें बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याएं प्रमुख हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के युवा भाजपा की बात से सहमत नहीं है कि युवाओं को अग्निवीर बनाने वाली योजना से उन्हें फायदा होगा। उन्होंने कहा कि सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और अनेक लोगों ने मुझसे कहा कि यह योजना आरएसएस और गृह मंत्रालय से आई है। यह योजना सेना से नहीं आई है। यह योजना सेना पर थोपी गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में बहुत सारी बातें बोली गईं, लेकिन अग्निपथ योजना के बारे में सिर्फ एक बार बोला गया और यह नहीं बताया गया कि यह योजना कहां से आई, किसने बनाई। उन्होंने देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) का नाम लेते हुए दावा किया कि यह योजना उन्होंने बनाई है। राहुल गांधी ने दावा किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में बेरोजगारी और महंगाई जैसे शब्द एक भी बार नहीं आए। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान देश में जहां भी गए, हर जगह 'अडाणी' नाम सुनने को मिला। उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह से जुड़े हालिया घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में उनके नाम का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं देश में जहां-जहां गया, हर जगह एक ही नाम 'अडाणी' सुनाई दिया; लोगों ने पूछा कि इनका हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के साथ क्या रिश्ता है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री और अडानी की एक पुरानी फोटो दिखाते हुए कहा कि 2014 में दुनिया के अमीर लोगों की लिस्ट में अडानी 609 नंबर पर थे, पता नहीं जादू हुआ और यह दूसरे नंबर पर आ गए। लोगों ने पूछा आखिर यह सफलता कैसे हुई?और इनका भारत के पीएम के साथ क्या रिश्ता है?

## कांग्रेस खुद बड़े घोटालों में शामिल रही : भाजपा

**राहुल ने पीएम मोदी के खिलाफ बेबुनियाद और शर्मनाक आरोप लगाये : रविशंकर प्रसाद**



**नयी दिल्ली।**भाजपा के नेता रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेबुनियाद, शर्मनाक और लापरवाही भरे आरोप लगाए। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस खुद बड़े घोटालों में शामिल रही है, जिससे देश की छवि धूमिल हुई है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए गांधी ने कारोबारी गौतम अडाणी के कारोबारी भाग्य और निजी संपत्ति में भारी वृद्धि को 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने से जोड़ा। उन्होंने अडाणी समूह से जुड़े मामले को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना भी साधा। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निराधार, शर्मनाक और लापरवाही भरे आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता उन सभी बड़े घोटालों में शामिल थे, जिन्होंने भारत की छवि को धूमिल किया। प्रसाद ने गांधी परिवार पर हमला करने के लिए नेशनल हेराल्ड मामले और अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर राहुल गांधी की स्मृति को ताजा करने का यह समय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी, उनकी मां सोनिया गांधी और उनके दामाद रॉबर्ट वाड्रा जमानत पर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बचाने के दो स्तंभों पर आधारित है। प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देना राहुल गांधी और उनके परिवार का इतिहास रहा है।

### जासूसी गुब्बारे के अवशेष चीन को लौटाने से अमेरिका का इनकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सोमवार को चीन के जासूसी गुब्बारे के अवशेष उसे लौटाने से इनकार कर दिया। इस गुब्बारे को शनिवार को साउथ कैरोलिना में अटलांटिक महासागर के तट पर मार गिराया गया था। अमेरिका सेना ने चीन के जासूसी गुब्बारे के अवशेषों को एकत्रित करने के अपने प्रयास तेज कर दिये हैं जो पिछले सप्ताह कई दिनों तक मोंटाना से साउथ कैरोलिना तक अमेरिका के आसमान में उड़ता दिखा था।व्हाइट हाउस ने गुब्बारे के बारे में मिली आरंभिक सूचना के आधार पर सोमवार को पूरे यकीन से कहा कि यह एक जासूसी गुब्बारा था। अधिकारियों ने कहा कि इसने अंतरराष्ट्रीय नियमों एवं देशों की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, मैं इसे (गुब्बारे के अवशेष को) लौटाने की मंशा या ऐसी किसी योजना के बारे में नहीं जानता। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने समुद्र से कुछ अवशेष बरामद किए हैं और वे अब भी समुद्र में उन्हें तलाश रहे हैं। शनिवार को गुब्बारे को एक लड़ाकू विमान द्वारा मार गिराए जाने से पहले किर्बी ने कहा कि इसके बारे में कई अहम सूचना एकत्रित की गई है। नॉर्दर्न कमांड के कमांडर जनरल ग्लेन वानहर्क के अनुसार, गुब्बारा 200 फुट की ऊंचाई पर था। इसमें अमूमन एक क्षेत्रीय जेट विमान के बराबर आकार का कई हजार पाउंड का एक पेलोड था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरिन ज्यां पीयरे ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने सेना, खुफिया समुदाय को निर्देश दिया है कि वे गुब्बारे के बारे में सूचनाएं एकत्र करें ताकि चीन की क्षमताओं के बारे में वे ज्यादा से ज्यादा जान सकें।

## नोएडा में अंतरराष्ट्रीय सट्टा गिरोह का हुआ भंडाफोड़, 16 गिरफ्तार

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में पुलिस ने एक कथित अंतरराष्ट्रीय सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ कर 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, गिरोह का सरगना सहित नौ आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने दावा किया कि गिरोह ने गत दो महीने में करीब 400 करोड़ रुपये की लेनदेन की है और इनका संबंध माफिया गिरोह से भी होने की आशंका है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने बताया कि नोएडा सेक्टर-39 की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नोएडा सेक्टर 108 में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ कर 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरोह का सरगना सौरव मूल रूप से छत्तीसगढ़ का है और दुबई में रहकर गिरोह का संचालन कर रहा था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गिरोह से जुड़े नौ आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से भारी मात्रा में विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन और सिम कार्ड,12 लैपटॉप, एटीएम कार्ड, पासपोर्ट, फर्जी दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों के विभिन्न बैंक खातों में करीब डेढ़ करोड़ रुपये जमा हैं जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरोह ने दो महीने में करीब 400 करोड़ रुपये का सट्टा लगवाया और राशि विभिन्न बैंक खातों, ई-वालेट तथा फर्जी तरीके से बनाई गई कंपनियों के खातों में डलवाए गए। उन्होंने बताया कि इन लोगों को दुबई से बैंक खाता आदि उपलब्ध कराए जाते थे। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को आशंका है कि गिरोह का संचालन डी- कंपनी (दाऊद इब्राहिम के गिरोह) के लोगों द्वारा किया जा रहा था।

### क्लिंटन आज एलोरा की गुफा, घृष्णेश्वर मंदिर के करेंगी दर्शन



**औरंगाबाद।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन मंगलवार को महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में पहुंचीं जहां वह बुधवार को विश्वप्रसिद्ध एलोरा की गुफाओं को देखने जाएंगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्लिंटन दो दिनों से गुजरात यात्रा पर थीं।

वह मंगलवार दोपहर यहां पहुंचीं और खुलताबाद शहर के लिए रवाना हुईं जहां वह रात्रि विश्राम करेंगी। अधिकारी ने कहा कि बुधवार को वह घृष्णेश्वर मंदिर में दर्शन करेंगी जो देश में 12 वां ज्योतिर्लिंग है और एलोरा की गुफा जाएंगी। उन्होंने बताया कि उनकी औरंगाबाद यात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए करीब 100 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका खारिज की

**एजेंसी**

**अगस्ता हेलीकॉप्टर घोटाला**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ब्रिटिश नागरिक और अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की बेंच ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436ए मौजूदा मामले में लागू नहीं होगी। धारा 436ए उन विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की अनुमति देती है, जिन्होंने दोषी ठहराए जाने पर अधिकतम सजा की आधी सजा पूरी कर ली हो। शीर्ष अदालत को बताया गया कि मिशेल 4 साल से अधिक समय से हिरासत में है। सुनवाई के दौरान, बेंच ने मिशेल के वकील से सवाल किया: आप कैसे आश्वस्त करेंगे कि वह देश से बाहर नहीं जाएंगे होगा। इस उन्होंने जवाब दिया कि एजेंसियों ने तीन बार दुबई में उनके मुवक्किल से मुलाकात की, जहां उन्होंने पूरा सहयोग किया था। मिशेल का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अल्जो जोसेफ ने तर्क दिया कि सभी सह-आरोपियों को एक ही अपराध के संबंध में प्रत्यर्पित किया गया था, उन्हें जमानत दे दी गई है, हालांकि उनके मुवक्किल ने आधी सजा काट ली है। ईडी और सीबीआई का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने कहा कि आरोपों में मनी लॉन्ड्रिंग, जैसे कई बड़े मामले शामिल हैं।




## टी 20 अंतरराष्ट्रीय से फिंच ने लिया संन्यास

**एजेंसी**



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरन फिंच ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया है।

फिंच ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि मैंने हमेशा ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने का मूल्य समझा। मैं सौभाग्यशाली था जो यह काम 12 वर्षों तक कर सका और हर लम्हे का आनंद लिया। मैं अपने इस सफर में ऑस्ट्रेलिया और दुनियाभर से मिले समर्थन के लिये आभारी हूं।

फिंच ने कहा कि यह जानते हुए कि मैं 2024 में अगले टी20 विश्व कप तक नहीं खेलूंगा, अब सही समय है कि मैं पद छोड़ दूं और टीम को योजना बनाने और उस टूर्नामेंट की तैयारी के लिये समय दूं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तान और बल्लेबाज फिंच ने अपनी टीम को टी20 विश्व कप 2021 का खिताब जिताया था। उन्होंने अपने सुसज्जित करियर में 103 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर 142.5 के स्ट्राइक रेट से 3120 रन बनाये। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर (172 रन) स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं।

# फतेही ने दुबई में सेलिब्रेट किया जन्मदिन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपना 31वां जन्मदिन दुबई में सेलिब्रेट किया। नोरा फतेही ने अपना जन्मदिन दुबई में अपने दोस्तों के साथ मनाया। नोरा ने अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें वह अपनी गर्ल गैंग के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो में नोरा कलरफुल फ्लॉवर प्रिंट स्कर्ट और टॉप पहने हुए शिप पर बेली डांस कर रही हैं। वहीं उनकी गर्ल गैंग उन्हें चीयर कर रही है। नोरा फतेही ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, मैं अंटेशन पाना चाहती थी, लेकिन अंटेशन ने मुझे पा लिया।नोरा के इस वीडियो पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक उन्हें बर्थडे विश कर रहे हैं।



## खेसारीलाल का होली स्पेशल गाना गाल में गुलाल रिलीज

भोजपुरी अभिनेता- गायक खेसारी लाल यादव का नया गाना गाल में गुलाल रिलीज हो गया है। खेसारीलाल यादव का नया गाना गाल में गुलाल, एआरजीफिल्म के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। खेसारीलाल यादव ने गाल में गुलाल को नेहा राज के साथ मिलकर गाया है। जबकि इस गाने के म्यूजिक वीडियो में नीलू शंकर सिंह, खेसारीलाल यादव के साथ होली खेलती दिखाई दे रही हैं। खेसारी लाल यादव ने कहा, गाने का थीम एक शैतान देवर और भाभी के बीच होली के दिनों में हंसी ठिठोली है। उन्होंने कहा ऐसे प्रसंग अक्सर भोजपुरी के लोकगीतों में देखने को मिलते हैं और होली गीतों में भी इसकी झलक बखूबी मिलती है। उसे हमने अपने इस गाने में नए अंदाज से पिरोया है और अब यह गाना आप सबों के सामने है। यह गाना सभी ऑडियन्स के लिए होली का तोहफा है। इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दीजिए। गौरतलब है कि गाना गाल में गुलाल लिरिक्स पवन पांडेय और राहुल यादव ने तैयार किया है। म्यूजिक दीपक दिलकश का है। अरैन्जर पवन यादव हैं। कोरियोग्राफर टीम लकी विश्वकर्मा का है।

VP VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran- I ₹ 60
* English Grammar- I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran- I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran- I ₹ 60
* English Grammar- I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran- I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!